


" खुद की ताकत तो पहचानों, तभी दुनियां तुम्हें पहचानेगी। "

दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबह वाणी


जिंदगी एक खेल है जिसमें आप खिलाड़ी भी हो सकते हो और खिलौना भी।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 | अश्विन कृष्ण पक्षः त्रयोदशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 259 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज़ ब्रीफ

### सीएम मान ने 26 से 29 तक बुलाया विस का विशेष सत्र



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** एक अहम फैसला लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में बाढ़ प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए 26 से 29 सितम्बर, 2025 तक पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विशेष सत्र हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान से संबंधित नियमों में कई जनहितकारी संशोधन प्रस्तुत करने पर केंद्रित होगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावितों के मुआवज़े संबंधी नए कानून भी सदन में पेश किए जाएंगे और मंजूरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बाढ़ से हुई भारी तबाही का ज़िक्र करते हुए कहा कि इससे 2,300 से अधिक गांव डूब गए, 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और पाँच लाख एकड़ ज़मीन पर खड़ी फसलें तबाह हो गईं। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस आपदा में 56 लोगों की जान चली गई और लगभग सात लाख लोग बेघर हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3,200 सरकारी स्कूल क्षतिग्रस्त हुए, 19 कॉलेज मलबे में तब्दील हो गए, 1,400 क्लीनिक और अस्पताल खंडहर बन गए, 8,500 किलोमीटर सड़कें बर्बाद हो गईं और 2,500 पुल ढह गए। उन्होंने बताया कि शुरुआती अनुमानों के अनुसार कुल नुकसान लगभग 13,800 करोड़ रुपये है, हालांकि वास्तविक आँकड़ा इससे भी अधिक हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विशेष सत्र के दौरान लिए जाने वाले फैसले बाढ़ प्रभावित नागरिकों को बड़ी राहत देंगे। उन्होंने इस गंभीर संकट की घड़ी में पंजाब के लोगों, विशेषकर बाढ़ प्रभावित नागरिकों की मदद के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों के लिए राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।




**पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव आयोग पर आरोप**

# कर्नाटक के आलंद में 6,018 वोट फर्जी तरीके से डिलीट: राहुल गांधी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े को लेकर नया दावा किया है। उन्होंने कर्नाटक के आलंद निर्वाचन क्षेत्र का उदाहरण देते हुए आरोप लगाए कि इस क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं को वोट डिलीट किए गए। राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि यह इस देश के युवाओं को यह समझाने और दिखाने की दिशा में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली हो रही है। मैं चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बारे में एक मजबूत दावा करने जा रहा हूं। मैं भारत के लोगों को एक ऐसा सबूत दिखाने जा रहा हूं, जो बिल्कुल साफ और स्पष्ट है कि भारत का चुनाव आयोग उन लोगों को बचा रहा है, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को नष्ट किया है।

कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि आलंद निर्वाचन क्षेत्र में 6,018 वोट हटाए गए। राहुल ने कहा कि हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में आलंद में कुल कितने वोट हटाए गए। संभवतः यह संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आलंद में वोट डिलीट का मामला संयोग से पकड़ा गया। उन्होंने दावा किया, ÷एक बूथ अधिकारी ने देखा कि उसके रिश्तेदार का वोट हटा दिया गया है। इसलिए, उसने जांच की कि उसके रिश्तेदार का वोट किसने हटाया था और पता चला कि वह एक पड़ोसी था। हालांकि, न तो वोट डिलीट करने वाले व्यक्ति को और न ही जिसका वोट डिलीट हुआ था, उसे इसकी जानकारी थी। किसी और ताकत ने इस प्रक्रिया को हाईजैक कर लिया और वोट डिलीट कर दिया और किस्मत से पकड़ा गया।



### कॉन्फ्रेंस के दौरान दिखाए सबूत

राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि आलंद में, मतदाताओं के नाम पर 6,018 आवेदन दाखिल किए गए थे। जिन लोगों ने कथित तौर पर ये आवेदन दाखिल किए थे, उन्होंने वास्तव में इन्हें कभी दाखिल ही नहीं किया था। इस बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस सांसद ने कुछ तथाकथित सबूत भी दिखाए।

**चुनाव आयोग का राहुल गांधी को जवाब, कहा-**

# वोट को ऑनलाइन डिलीट नहीं किया जा सकता, आरोप आधारहीन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोपों को निराधार और गलत बताते हुए उनका खंडन किया है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन वोट डिलीशन संभव नहीं है और किसी मतदाता को सुनवाई का मौका दिए बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता है। कांग्रेस सांसद की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए गए आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी आम नागरिक की तरफ से किसी भी वोट को ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना वोटों को हटाया नहीं जा सकता।

आलंद निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के वोट हटाने के आरोपों पर चुनाव आयोग ने जवाब दिया कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए स्वयं चुनाव आयोग की ओर से एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आलंद में चुनाव निष्पक्ष परिणाम दर्शाते हैं, जिसमें 2018 में भाजपा के सुभाध गुट्टेदार और 2023 में कांग्रेस के बीआर पाटिल जीते।




### राहुल गांधी ने लगाए थे आरोप

इससे पहले, राहुल गांधी ने आरोप लगाए कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मतदाता सूची से नाम हटाने के मामले में शामिल लोगों को बचा रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक के आलंद और महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्रों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सॉफ्टवेयर प्रोग्राम का इस्तेमाल करके पूरे देश में व्यवस्थित रूप से मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि कर्नाटक सीआईडी ने पिछले 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 बार पत्र लिखकर मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित तकनीकी विवरण मांगा था, लेकिन चुनाव आयोग ने जानकारी साझा नहीं की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने यह भी कहा कि वे जल्द 'वोट चोरी' पर सबूतों का एक 'हाइड्रोजन बम' लेकर आएंगे।

**लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देश**

# भवनों और सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा: सीएम सैनी

खामियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भवनों व सड़कों के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या खामी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ड्राइंग और निविदा दस्तावेजों में जानबूझकर त्रुटियां छोड़कर कार्य आवंटित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज लोकनिर्माण विभाग की बुलाई गई कैबिनेट सबक्कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा भी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने दिए कई अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी:** बैठक में मुख्यमंत्री ने नाहर सिंह स्टेडियम, फरीदाबाद के निकट बन रहे पैरा ओलंपिक भवन, महेंद्रगढ़ में न्यायिक परिसर में सिविल जज (जूनियर व सीनियर) के पांच आवासीय परिसरों, तथा चरखी दादरी के ढिगावा जाटान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण कार्य की इन्हांसमेंट को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, खेल विभाग के प्रधान सचिव श्री नवदीप विर्क सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### खेल विश्वविद्यालय राई के लिए दो माह में डीपीआर तैयार करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई (सोनीपत) के प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, हॉस्टल, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर भवन और पूरे विश्वविद्यालय परिसर के कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) दो महीने के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेलों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय का डिजाइन तैयार किया जाए ताकि यह खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हो।

# सिख शादियों का रजिस्ट्रेशन आनंद मैरिज एक्ट के तहत हो: सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट का यूपी-बिहार समेत 17 राज्यों को आदेश, 4 महीने का समय दिया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 17 राज्यों और 7 केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 1909 के आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख शादियों (आनंद कारज) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था 4 महीने में लागू करें। कोर्ट ने कहा कि नियम न बनने से सिख नागरिकों के साथ असमान व्यवहार हो रहा है और यह संविधान के समानता के अधिकार का उल्लंघन है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब तक राज्य अपने नियम नहीं बनाते, तब तक सभी जगह आनंद कारज शादियों को मौजूदा विवाह कानूनों (जैसे स्पेशल मैरिज एक्ट) के तहत रजिस्टर्ड किया जाए। अगर दंपती चाहें तो विवाह प्रमाणपत्र में साफ लिखा जाए कि शादी आनंद कारज रीति से हुई है। यह आदेश उन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों पर लागू होगा जिन्होंने अब तक नियम नहीं बनाए हैं, जिनमें उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, यूपी, असम, बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अरुणाचल, गोवा, मणिपुर और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, दमन-दीव, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार शामिल हैं।

**शादी प्रमाणपत्र पाने में दिक्कत होती है: याचिकाकर्ता**

याचिका अमनजोत सिंह चड्ढा ने दायर की थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में नियम न होने के कारण सिख जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र पाने में बड़ी दिक्कत होती है, जबकि कुछ राज्यों में यह सुविधा मौजूद है।



### रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था न होना केवल आधा वादा निभाना

कोर्ट ने कहा कि कानून में आनंद कारज को मान्यता दी गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था न होना केवल आधा वादा निभाना है। संविधान की भावना यही है कि हर नागरिक के अधिकार समान रूप से सुरक्षित हों।

### विवाह प्रमाणपत्र कई अधिकारों के लिए जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि विवाह प्रमाणपत्र उत्तराधिकार, बीमा, भरण-पोषण और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी है कि सिख नागरिकों को यह सुविधा समान रूप से मिले।




# अमृतसर में दो महिलाओं समेत छह नशा तस्कर 9 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार

## विदेशी गैंगस्टर हरप्रीत उर्फ़ हैप्पी जट्ट सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्मों की इस्तेमाल कर चला रहा था मॉड्यूल: डीजीपी गौरव यादव

दोनों मॉड्यूलों में एक ही पाकिस्तान-आधारित तस्कर का साझा संबंध था, जो हेरोइन की खेपें गिराने के लिए ड्रोन का करते थे इस्तेमाल: गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 18 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम दौरान सीमा पार चल रहे नार्को-आतंक नेटवर्कों विरुद्ध बड़ी सफलता दर्ज करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने छह नशा तस्करों को 9.066 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार करके दो और नशा तस्करी गिरोहों का पर्दाफ़ाश किया है। यह जानकारी पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने वीरवार को यहाँ दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के गाँव काले घनुपुर के हनी (18), अमृतसर के जंडियाला गुरु के परमदीप सिंह उर्फ़ पारस (18), अमृतसर के जंडियाला गुरु के हरविंदर सिंह उर्फ़ हिंदा (19), अमृतसर के गाँव डांडे के गुरप्रीत सिंह उर्फ़ गोपी (25), तरनतारन के गाँव ढाला की जसबीर कौर (40) और तरनतारन के गाँव हवेलियां की कुलविंदर कौर (54) के रूप में हुई है। यह कार्रवाई अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा मोगा स्थित जगप्रीत सिंह उर्फ़ जग्गा द्वारा चलाए जा रहे नशा तस्करी सिंडिकेट के मुख्य सहयोगी यासीन मुहम्मद को 7.1 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार करने के एक दिन बाद अमल में लाई गई है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच से पता लगा है कि जंडियाला गुरु का रहने वाला हरप्रीत उर्फ़ हैप्पी जट्ट विदेशी गैंगस्टर के पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे संबंध रखता था और वह सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्मों का इस्तेमाल कर इस नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने कहा कि अमृतसर के पुलिस स्टेशन छेहरटा में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं और दोनों मामलों में व्यापक नेटवर्क और सीमा पार के आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए और जांच की जा रही है।

पहले ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि शुरू में, आरोपी हनी को 20 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था और आगे की जांच दौरान उसके साथी परमदीप सिंह उर्फ़ पारस को नामज़द किया गया, जिसे बाद में 5.032 किलो हेरोइन समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि जांच दौरान मॉड्यूल के दो और सदस्यों, हरविंदर हिंदा और गुरप्रीत गोपी को नामज़द करके गिरफ्तार किया गया, जबकि पुलिस टीमों ने गुरप्रीत के कब्ज़े से 3.010 किलो हेरोइन और बरामद की, जिससे इस मॉड्यूल से कुल रिकवरी 8.062 किलो हो गई है।

सीपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी गुरप्रीत और परमदीप सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराई जा रही नशे की खेप को तय स्थानों (जैसे कूड़े के ढेर या चिन्हित खंभों) से उठाते थे। उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति हैप्पी जट्ट के निर्देशों पर हेरोइन की खेप को आगे सप्लाई करते थे।

### पाकिस्तानी तस्करों से सीधे संपर्क में थी आरोपी जसबीर कौर

एक अन्य कार्रवाई में, सीपी गुरप्रीत भुल्लर ने कहा कि जसबीर कौर और कुलविंदर कौर नाम की दो महिला तस्करों को 1.004 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी जसबीर कौर पाकिस्तानी तस्करों से सीधे संपर्क में थी। उन्होंने कहा कि दोनों मॉड्यूलों में एक ही पाकिस्तान-आधारित तस्कर का साझा संबंध था। इस संबंध में दो अलग-अलग मामले 'एफआईआर नंबर 185 दिनांक 15-09-2025 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-बी, 21-सी और 29 अधीन और एफआईआर नंबर 187 दिनांक 17-09-2025 एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी और 29 अधीन' अमृतसर के थाना छेहरटा में दर्ज किए गए हैं।

# पंजाब सरकार ने उठाया एस.सी. विद्यार्थियों के लिए शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम: डॉ. बलजीत कौर

कहा, पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप, विदेशी पढ़ाई और पी. सी. एस पाठ्यक्रम के साथ विद्यार्थियों के लिये बड़ा तोहफ़ा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक विभाग की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने पंजाब भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

डॉ. कौर ने बताया कि वर्षों से विवादों से घिरी पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना को पारदर्शी बनाया गया है। अब तक 6.78 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिल चुका है, जो पिछले पाँच वर्षों की तुलना में दोगुना है। 2025-26 के लिए 2.70 लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है।

ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी वर्ग के विद्यार्थियों को, जिनकी पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है, एआइआइएमएस बठिंडा, आईआईटी रोपड़, एनआईटी जालंधर सहित 11 प्रमुख संस्थानों में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी।

सरकार ने 35 वर्ष से कम आयु के, 60% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले और पारिवारिक आय 8 लाख रुपये से कम रखने वाले एससी और भूमिहीन खेत मज़दूरों के बच्चों के लिए विदेशी छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। यह योजना उन्हें विश्व की शीर्ष 500 यूनिवर्सिटीज़ में अध्ययन का मौका देगी। योजना में वीज़ा, हवाई टिकट, ट्यूशन फीस, 13.17 लाख रुपये वार्षिक भत्ता, 1.35 लाख रुपये आपातकालीन भत्ता और बीमा शामिल हैं। विद्यार्थिनियों को 30% आरक्षण मिलेगा। आवेदन पोर्टल 15 सितम्बर से 24 अक्टूबर 2025 तक खुला रहेगा। अम्बेडकर इंस्टीट्यूट, मोहाली में एस.सी., बी.सी. और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए दो माह का पी.सी.एस. क्रैश कोर्स शुरू किया गया है। आवेदन 17 से 26 सितम्बर तक लिए जाएंगे और 30 सितम्बर को प्रवेश परीक्षा होगी। संस्थान को आधुनिक बनाया गया है और प्रशिक्षकों का मानदेय बढ़ाया गया है।

### सरकार की प्रतिबद्धता

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और सस्ती उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# पंजाब के बाढ़ प्रभावित गांवों में 4 दिनों दौरान सफाई और गाद निकालने पर 10.21 करोड़ रुपये खर्च: सौंद

- ज़िला-वार निगरानी उप-कमेटीयां 19 सितम्बर से फील्ड निरीक्षण शुरू करेंगी
- सभी बाढ़ प्रभावित 2280 गांवों में ग्राम सभाएं बुलाई गई
- मृत पशुओं के वैज्ञानिक ढंग से निपटारे पर 17.54 लाख रुपये खर्च



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितम्बर।** पंजाब सरकार ने राज्य के बाढ़ प्रभावित गांवों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए प्रयास तेज़ कर दिए हैं। पिछले 4 दिनों में गांवों की सफाई और गाद निकालने पर 10.21 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत बाढ़ के दौरान मरे पशुओं का वैज्ञानिक ढंग से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में 259 पशुओं के निपटारे पर 17.54 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। सौंद ने कहा कि मलबे की सफाई और पशु शवों का निपटारा 24 सितम्बर तक कर लिया जाएगा। इसके अलावा तालाबों की सफाई 22 अक्टूबर तक हो जाएगी।

सौंद ने आगे बताया कि बाढ़ प्रभावित ज़िलों में साझा संपत्तियों की मरम्मत पर अब तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 153.33 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा कि साझा संपत्तियों की ज़रूरी मरम्मत 15 अक्टूबर तक कर ली जाएगी। इसके अलावा युद्ध स्तर पर चल रहे कार्यों के तहत बीमारियों के फैलाव का मुकाबला करने के लिए 543 फॉगिंग मशीनें तैनात की जा चुकी हैं और 750 और मशीनों की तैनाती जल्द कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी बाढ़ प्रभावित 2280 गांवों में ग्राम सभाएँ भी बुलाई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ये विशेष ग्राम सभा बैठकें की गई हैं। इन बैठकों में सबसे ज़रूरी कार्यों की पहचान कर उन्हें मंजूरी दी गई।

# मुंडियां व गोयल ने सतलुज दरिया के प्रवाह को बहाल करने के लिए अतिरिक्त मशीनरी लगाने के दिए आदेश

- कैबिनेट मंत्रियों ने ससराली बांध का किया दौरा
- राजस्व मंत्री मुंडियां ने अपनी तनख्वाह से गाँव साहिबाना में क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत के लिए 50,000 रुपये की सहायता दी
- जल संसाधन मंत्री ने जालंधर के नज़दीक मंडाला छन्ना में धुस्सी बांध के कार्य का निरीक्षण किया
- कहा, प्रभावित लोगों को 45 दिनों के भीतर मुआवज़ा बाँटा जाएगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना/जालंधर, 18 सितम्बर।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल और राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज ज़िला लुधियाना के सतलुज दरिया (ससराली कॉलोनी) में गाद सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। मंत्रियों ने गाद हटाने के काम को तेज़ करने और दरिया के असली प्रवाह मार्ग को बहाल करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों, जिनमें विशेष फ्लोटिंग एक्सकेवेटर, पोकलेन और जेसीबी शामिल हैं, की तुरंत तैनाती के निर्देश दिए। बता दें कि पंजाब सरकार ने विशेष फ्लोटिंग एक्सकेवेटर को दरिया के प्रवाह को उसके मूल रास्ते की ओर मोड़ने के लिए पहले ही तैनात किया हुआ है। मंत्रियों ने गाद जमा होने से रोकने के लिये अतिरिक्त मशीनरी लगाने और दरिया के वास्तविक प्रवाह को तेज़ी से बहाल करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सभी कैबिनेट मंत्री, विधायक और अधिकारी प्रभावित लोगों की मदद के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं और बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर सहायता देने तथा उनके पुनर्वास के लिए वचनबद्ध हैं।

मंत्रियों ने भरोसा दिलाया कि बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों को 45 दिनों के भीतर मुआवज़ा बाँट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन करने के लिए विशेष गिरदावरी पहले से ही युद्धस्तर पर चल रही है।

इसके बाद राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने गाँव साहिबाना का दौरा किया और अपनी तनख्वाह से वहाँ के निवासी बलबीर सिंह को बाढ़ के कारण उनके घर की क्षतिग्रस्त छत की तत्काल मरम्मत के लिए 50,000 रुपये नकद दिए। उन्होंने घोषणा की कि पंजाब सरकार की ओर से बलबीर सिंह की और सहायता के लिए अतिरिक्त फंड जारी किए जाएंगे।

**जालंधर:** इसके बाद जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने धुस्सी बांध को मज़बूत करने के कार्य का जायज़ा लेने के लिए गाँव मंडाला छन्ना का दौरा किया, जहाँ ड्रेनेज विभाग की ओर से सैकड़ों वालंटियर्स, संगत और सेना के अधिकारियों के सहयोग से राहत कार्य चल रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जसबीर सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सतलुज दरिया के साथ-साथ इस अहम बांध को सुरक्षित करने के लिए जालंधर प्रशासन, ड्रेनेज विभाग और सेना की समर्पित टीमें राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल की निगरानी में 24 घंटे काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है क्योंकि सरकार ने सामग्री और जनशक्ति की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए पहले ही सभी ज़रूरी कदम उठाए हैं। प्रशासन, सेना, एसडीआरएफ और संगत के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ पानी का स्तर कम होने के बाद और मज़बूतीकरण का काम किया जाएगा।

# गुरमीत सिंह खुड्डियां ने डेयरी विकास विभाग में नव-नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे



मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के दौरान केवल डेयरी विकास विभाग में 52 युवाओं की भर्ती; विभिन्न विभागों में 55 हज़ार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरियाँ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** पंजाब के पशु पालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज डेयरी विकास विभाग में भर्ती किए गए तीन नए क्लर्कों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही वर्ष 2022 से अब तक इस विभाग में नई भर्तियों की कुल संख्या 52 हो गई है। इन नियुक्तियों में 34 इंस्पेक्टर ग्रेड-2 अधिकारी, 8 क्लर्क, 5 आई.टी. क्लर्क, 4 स्टेनोटाइपिस्ट और 1 ड्राइवर शामिल हैं, जिससे विभाग की कार्यकुशलता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

नव-नियुक्त उम्मीदवारों को बधाई देते हुए स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने उन्हें अपनी सेवाएँ लगन और निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सार्वजनिक सेवाओं को ईमानदारी और जिम्मेदारी से निभाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि डेयरी विकास विभाग की मज़बूती हमारे किसानों की सहायता करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को रोज़गार देने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए स खुड्डियां ने बताया कि मौजूदा राज्य सरकार ने युवाओं को 55,000 से अधिक सरकारी नौकरियाँ प्रदान कर एक ऐतिहासिक मिसाल कायम की है। ये सभी नौकरियाँ पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर दी गई हैं।


**DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES**

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS — DATE:18/09/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 CHIEF THURSDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
E 73835

2nd Prize Amount (50) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 1000/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,100/- each)
26271 35233 55640 64756 66535 68935 82149 91470 93971 95536

3rd Prize Amount (250) Rs. 5,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 5,600/- each)
0376 6393 6542 6595 7008

4th Prize Amount (500) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
0049 1054 1483 2568 2741 4663 4719 6458 7170 8724

5th Prize Amount (500) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
1812 3058 3266 3488 3645 4689 5418 6656 7412 7994

6th Prize Amount (500) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
0191 0598 1431 3239 6688 7965 8149 8482 8980 9821

7th Prize Amount (40,000) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 20/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.125/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0009 | 0029 | 0065 | 0119 | 0122 | 0140 | 0149 | 0179 | 0183 | 0205 |
| 0221 | 0246 | 0266 | 0283 | 0313 | 0317 | 0318 | 0319 | 0324 | 0325 |
| 0326 | 0327 | 0350 | 0355 | 0358 | 0362 | 0372 | 0386 | 0401 | 0410 |
| 0458 | 0467 | 0476 | 0486 | 0503 | 0539 | 0547 | 0554 | 0570 | 0575 |
| 0577 | 0580 | 0593 | 0602 | 0621 | 0632 | 0648 | 0662 | 0699 | 0721 |
| 0744 | 0770 | 0791 | 0814 | 0832 | 0849 | 0856 | 0859 | 0864 | 0877 |
| 0878 | 0879 | 0880 | 0900 | 0914 | 0918 | 0943 | 0951 | 0957 | 0962 |
| 0976 | 0990 | 1028 | 1035 | 1053 | 1057 | 1067 | 1086 | 1126 | 1133 |
| 1200 | 1201 | 1228 | 1255 | 1256 | 1274 | 1275 | 1290 | 1293 | 1300 |
| 1310 | 1314 | 1316 | 1320 | 1332 | 1348 | 1362 | 1374 | 1383 | 1385 |
| 1432 | 1437 | 1454 | 1475 | 1477 | 1484 | 1489 | 1496 | 1497 | 1534 |
| 1539 | 1552 | 1558 | 1579 | 1649 | 1652 | 1653 | 1666 | 1675 | 1682 |
| 1683 | 1699 | 1702 | 1712 | 1732 | 1743 | 1755 | 1786 | 1791 | 1804 |
| 1806 | 1811 | 1818 | 1824 | 1828 | 1838 | 1860 | 1866 | 1870 | 1871 |
| 1874 | 1881 | 1889 | 1911 | 1934 | 1946 | 1948 | 1950 | 1961 | 1973 |
| 1981 | 1987 | 1992 | 1993 | 2008 | 2025 | 2043 | 2045 | 2049 | 2056 |
| 2059 | 2064 | 2079 | 2098 | 2100 | 2111 | 2122 | 2126 | 2133 | 2140 |
| 2155 | 2164 | 2171 | 2175 | 2178 | 2194 | 2208 | 2212 | 2237 | 2242 |
| 2248 | 2261 | 2264 | 2273 | 2285 | 2288 | 2298 | 2318 | 2330 | 2335 |
| 2354 | 2360 | 2370 | 2385 | 2386 | 2407 | 2417 | 2444 | 2457 | 2465 |
| 2472 | 2474 | 2480 | 2481 | 2498 | 2546 | 2561 | 2575 | 2580 | 2591 |
| 2604 | 2622 | 2626 | 2629 | 2635 | 2642 | 2679 | 2689 | 2697 | 2698 |
| 2706 | 2724 | 2730 | 2734 | 2753 | 2766 | 2768 | 2839 | 2859 | 2871 |
| 2872 | 2885 | 2894 | 2898 | 2901 | 2926 | 2930 | 2958 | 2977 | 2984 |
| 2998 | 3020 | 3025 | 3026 | 3029 | 3048 | 3055 | 3056 | 3060 | 3088 |
| 3112 | 3128 | 3137 | 3161 | 3191 | 3198 | 3212 | 3221 | 3242 | 3246 |
| 3251 | 3289 | 3298 | 3311 | 3328 | 3359 | 3366 | 3390 | 3411 | 3414 |
| 3446 | 3456 | 3461 | 3472 | 3482 | 3517 | 3521 | 3527 | 3532 | 3543 |
| 3544 | 3564 | 3569 | 3594 | 3608 | 3618 | 3619 | 3641 | 3649 | 3651 |
| 3655 | 3663 | 3665 | 3673 | 3684 | 3689 | 3712 | 3743 | 3754 | 3758 |
| 3764 | 3768 | 3773 | 3801 | 3806 | 3810 | 3814 | 3819 | 3855 | 3857 |
| 3861 | 3862 | 3863 | 3895 | 3897 | 3901 | 3920 | 3928 | 3943 | 3950 |
| 3957 | 3962 | 3964 | 3994 | 4003 | 4019 | 4029 | 4037 | 4045 | 4046 |
| 4051 | 4065 | 4098 | 4101 | 4102 | 4116 | 4121 | 4145 | 4198 | 4212 |
| 4228 | 4229 | 4234 | 4251 | 4252 | 4253 | 4278 | 4280 | 4319 | 4323 |
| 4326 | 4331 | 4338 | 4345 | 4367 | 4370 | 4371 | 4372 | 4385 | 4386 |
| 4403 | 4407 | 4418 | 4423 | 4432 | 4439 | 4445 | 4458 | 4466 | 4482 |
| 4488 | 4497 | 4524 | 4531 | 4553 | 4559 | 4560 | 4584 | 4626 | 4659 |
| 4674 | 4690 | 4700 | 4703 | 4708 | 4733 | 4774 | 4790 | 4796 | 4813 |
| 4842 | 4849 | 4866 | 4867 | 4890 | 4924 | 4928 | 4931 | 4953 | 4964 |
| 5003 | 5032 | 5034 | 5046 | 5081 | 5094 | 5126 | 5140 | 5141 | 5179 |
| 5185 | 5197 | 5206 | 5223 | 5224 | 5269 | 5302 | 5322 | 5329 | 5335 |
| 5341 | 5346 | 5358 | 5361 | 5384 | 5388 | 5405 | 5426 | 5446 | 5485 |
| 5486 | 5490 | 5513 | 5535 | 5540 | 5545 | 5551 | 5553 | 5570 | 5584 |
| 5588 | 5627 | 5655 | 5664 | 5672 | 5691 | 5697 | 5713 | 5721 | 5733 |
| 5744 | 5764 | 5767 | 5770 | 5777 | 5796 | 5800 | 5808 | 5809 | 5817 |
| 5824 | 5831 | 5839 | 5842 | 5848 | 5850 | 5851 | 5854 | 5855 | 5912 |
| 5918 | 5927 | 5928 | 5933 | 5939 | 5943 | 5954 | 5967 | 5970 | 5971 |
| 5980 | 5981 | 5988 | 5996 | 6012 | 6038 | 6050 | 6051 | 6090 | 6093 |
| 6096 | 6098 | 6103 | 6117 | 6124 | 6131 | 6133 | 6149 | 6169 | 6195 |
| 6226 | 6274 | 6301 | 6317 | 6319 | 6325 | 6327 | 6328 | 6378 | 6383 |
| 6406 | 6413 | 6423 | 6444 | 6479 | 6486 | 6493 | 6505 | 6532 | 6571 |
| 6579 | 6601 | 6618 | 6626 | 6650 | 6662 | 6677 | 6685 | 6686 | 6707 |
| 6709 | 6713 | 6717 | 6718 | 6721 | 6725 | 6733 | 6741 | 6767 | 6775 |
| 6804 | 6805 | 6815 | 6817 | 6869 | 6874 | 6879 | 6899 | 6901 | 6907 |
| 6908 | 6928 | 6935 | 6961 | 6974 | 6982 | 6984 | 6988 | 7001 | 7026 |
| 7027 | 7061 | 7063 | 7090 | 7103 | 7106 | 7119 | 7128 | 7138 | 7156 |
| 7159 | 7167 | 7183 | 7185 | 7192 | 7200 | 7232 | 7234 | 7249 | 7265 |
| 7286 | 7287 | 7296 | 7309 | 7312 | 7314 | 7333 | 7340 | 7341 | 7343 |
| 7344 | 7348 | 7388 | 7396 | 7398 | 7442 | 7446 | 7456 | 7478 | 7485 |
| 7486 | 7493 | 7499 | 7506 | 7513 | 7516 | 7525 | 7550 | 7551 | 7562 |
| 7568 | 7596 | 7597 | 7603 | 7610 | 7612 | 7616 | 7629 | 7635 | 7638 |
| 7644 | 7652 | 7654 | 7667 | 7723 | 7745 | 7791 | 7836 | 7843 | 7854 |
| 7866 | 7885 | 7886 | 7905 | 7909 | 7912 | 7916 | 7920 | 7926 | 7953 |
| 7958 | 7969 | 7980 | 7997 | 8003 | 8005 | 8013 | 8020 | 8046 | 8054 |
| 8058 | 8076 | 8085 | 8103 | 8117 | 8125 | 8142 | 8152 | 8154 | 8156 |
| 8165 | 8174 | 8182 | 8187 | 8188 | 8191 | 8192 | 8196 | 8209 | 8213 |
| 8217 | 8219 | 8287 | 8291 | 8320 | 8351 | 8358 | 8367 | 8370 | 8397 |
| 8400 | 8403 | 8404 | 8406 | 8414 | 8432 | 8442 | 8443 | 8460 | 8520 |
| 8525 | 8541 | 8565 | 8569 | 8578 | 8587 | 8608 | 8615 | 8644 | 8659 |
| 8666 | 8668 | 8695 | 8703 | 8720 | 8726 | 8743 | 8755 | 8774 | 8785 |
| 8793 | 8814 | 8815 | 8832 | 8854 | 8859 | 8861 | 8862 | 8863 | 8867 |
| 8877 | 8882 | 8894 | 8901 | 8903 | 8906 | 8926 | 8931 | 8934 | 8942 |
| 8947 | 8955 | 8969 | 8982 | 9007 | 9015 | 9016 | 9027 | 9032 | 9045 |
| 9048 | 9068 | 9073 | 9084 | 9098 | 9101 | 9128 | 9131 | 9140 | 9161 |
| 9186 | 9189 | 9213 | 9215 | 9216 | 9224 | 9249 | 9264 | 9289 | 9305 |
| 9312 | 9326 | 9341 | 9377 | 9425 | 9432 | 9465 | 9494 | 9554 | 9573 |
| 9590 | 9712 | 9716 | 9717 | 9739 | 9751 | 9753 | 9767 | 9783 | 9786 |
| 9789 | 9806 | 9816 | 9818 | 9825 | 9826 | 9841 | 9883 | 9897 | 9908 |
| 9909 | 9918 | 9920 | 9937 | 9938 | 9940 | 9945 | 9970 | 9984 | 9994 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 201वें दिन 30.5 किलो हेरोइन के साथ 85 नशा तस्कर गिरफ्तार

नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 61 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत राज्य से नशे के पूरे तरह खात्मे के लिए चलाए गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 201वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 409 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप प्रदेशभर में 62 एफआईआर दर्ज कर 85 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह 201 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 30,060 हो गई है। इन छापेमारियों के दौरान गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 30.5 किलो हेरोइन, 150 ग्राम अफीम, 766 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 2290 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। नशों के खिलाफ चल रही जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी बनाई है।

इस ऑपरेशन के दौरान 75 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1100 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 150 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में छापेमारी की। उन्होंने आगे बताया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 403 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह बताना जरूरी है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के तहत आज 61 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# विदेशी गैंगस्टर हैप्पी जट्ट के नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़; 25.9 किलोग्राम हेरोइन, पिस्तौल समेत हेयर-ड्रेसर गिरफ्तार

- 21 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे आरोपी हरप्रीत सिंह उर्फ़ हैप्पी जट्ट के प्रत्यर्पण के लिए पंजाब पुलिस कर रही है सक्रिय कोशिशें: गौरव यादव
- पिछले दो महीनों से ड्रोन के ज़रिए गिराई जा रही हेरोइन की खेपें प्राप्त कर रहा था गिरफ्तार आरोपी साजन: गुरप्रीत सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 18 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाई जा रही मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के दौरान नारकोटिक्स-आतंकवाद नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए, पंजाब पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) बॉर्डर रेंज ने सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के साथ संयुक्त अभियान में विदेश आधारित तस्कर हरप्रीत सिंह उर्फ़ हैप्पी जट्ट द्वारा सीमा पार से संचालित किए जा रहे नशा तस्करी मॉड्यूल के मुख्य कारकुन को 25.9 किलो (25 पैकेट) हेरोइन समेत गिरफ्तार कर इस गिरोह का पर्दाफ़ाश किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने वीरवार को यहाँ दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साजन सिंह उर्फ़ बिल्ला निवासी गाँव बहिड़वाल, अमृतसर के रूप में हुई है, जो अमृतसर के एक निजी सैलून में हेयर ड्रेसर के तौर पर काम करता था। हेरोइन की बड़ी खेप बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक आधुनिक 9 एम.एम. ग्लॉक पिस्तौल भी बरामद की है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गैंगस्टर-कम-नशा तस्कर हरप्रीत सिंह उर्फ़ हैप्पी जट्ट, जो अमृतसर के जंडियाला गुरु का रहने वाला है, विदेश से इस मॉड्यूल को चला रहा था और पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में था, जो सीमा पार से हेरोइन की खेप गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते थे।

डीजीपी ने बताया कि आरोपी हैप्पी जट्ट एक भगोड़ा अपराधी है और राज्य में कम से कम 21 आपराधिक मामलों का सामना कर रहा है तथा पंजाब पुलिस की टीमें उसके प्रत्यर्पण के लिए सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि नेटवर्क के अगले-पिछले संबंध स्थापित करने और पूरे गठजोड़ का पर्दाफ़ाश करने के लिए और जांच की जा रही है।

ऑपरेशन संबंधी विवरण साझा करते हुए, ए.एन.टी.एफ. बॉर्डर रेंज के एस.पी. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि पुख्ता खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, ए.एन.टी.एफ. बॉर्डर रेंज और बी.एस.एफ. ने तालमेलपूर्ण संयुक्त कार्रवाई के तहत आरोपी साजन सिंह को गाँव बहिड़वाल के नज़दीक उस समय गिरफ्तार किया जब वह हेरोइन की खेप पहुँचाने जा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप एक दिन पहले ही पाकिस्तान से गाँव डालेके में एक भारी ड्रोन के ज़रिए गिराई गई थी। गिरफ्तार आरोपी साजन विभिन्न सोशल मीडिया एप्लीकेशनों के माध्यम से हैप्पी जट्ट के संपर्क में था और पिछले दो महीनों से सीमा पार से ड्रोन के ज़रिए गिराई जा रही हेरोइन की खेपें प्राप्त कर रहा था।

एस.पी. ने कहा कि इस मॉड्यूल के दो और सदस्यों की पहचान कर ली गई है और पुलिस टीमें उन्हें पकड़ने के लिए तलाश कर रही हैं। इस संबंध में, एक मामला एफआईआर नं. 252 दिनांक 18/9/2025 को एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21, 25 और 29 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत थाना एस.एस.ओ.सी. नगर में दर्ज किया गया है।

# नारायणगढ़ झुग्गियां में हफ्ता वसूली को लेकर ढाबा मालिक पर हमला, टैक्सी चालक भी घायल



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 सितंबर।** नारायणगढ़ झुग्गियां गाँव स्थित पीआर 7 रोड़ पर उस समय हड़कंप मच गया जब दो बदमाशों ने एक ढाबे पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने ढाबा चलाने वाले व्यक्ति बलबीर पर हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया और ढाबे व गाड़ी में तोड़फोड़ की। घटना के बाद घायल बलबीर को चंडीगढ़ के सेक्टर-32 अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

ढाबा मालिक बलबीर ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि एक व्यक्ति, कुलविंदर, इलाके में रेहड़ी-फड़ी वालों और दुकानदारों से हफ्ता वसूलता है। बलबीर ने जब उसे पैसे देने से इंकार किया, तो कुलविंदर अपने एक साथी के साथ ढाबे पर पहुंचा और उस पर हमला कर दिया।

हमले में न सिर्फ बलबीर बल्कि मदद के लिए पहुंचे एक टैक्सी चालक को भी बुरी तरह पीटा गया और उसकी टैक्सी में भी तोड़फोड़ की गई।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि कुलविंदर पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बलबीर के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विरासत की हिफाजत अभियान के तहत राज्य संरक्षित धरोहरों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

# समृद्ध धरोहरों को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी नायब सरकार: डॉ. अरविंद शर्मा

पर्यटन मंत्री ने 95 करोड़ रुपए से 8 जिलों के 20 ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार का किया शुभारम्भ

मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नारनौल को विरासत नगरी घोषित करवाने की रखी जाएगी मांग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपनी धरोहर सहेजने के संकल्प को हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में गम्भीरता से सिद्धि तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के केंद्र व राज्य संरक्षित ऐतिहासिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के बाद उन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेगी, ताकि देशी- विदेशी पर्यटक प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से खुद को जोड़ सकें।

डॉ. अरविंद शर्मा आज नारनौल में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नारनौल-महेन्द्रगढ़, कैथल, जींद, भिवानी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल व नूंह के 20 राज्य संरक्षित धरोहरों के 95 करोड़ रुपए से होने वाले जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की परियोजना का शुभारंभ कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नारनौल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और आमजन की भावना है कि बावड़ियों, मकबरों और महलों वाले नारनौल को 'विरासत नगरी' घोषित किया जाए; इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से शीघ्र मुलाकात की जाएगी।

जनप्रतिनिधियों व आमजन से संवाद करते हुए पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प अपनी विरासत, धरोहरों को संजोने व उन्हें जन-जन की पहुंच में लाने का है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अपनी जगह बनाने के लिए निरन्तर बड़े कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी राशि के साथ राज्य संरक्षित स्थलों के संरक्षण, संवर्धन पर जोर दिया जा रहा है। यह कदम हमारे अतीत का सम्मान, वर्तमान की जिम्मेदारी और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अवसर के तौर पर माना जाएगा। केंद्र-प्रदेश सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व व सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी संवेदनशीलता के कारण ही यह ऐतिहासिक पहल सम्भव हो पाई है। पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा की धरती इतिहास की गवाह रही है। यहां की बावड़ियां, किले, महल, प्राचीन मंदिर व हवेलियां केवल पत्थरों की इमारतें नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान व गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से हरियाणा एक सांस्कृतिक और पर्यटक मैत्री राज्य के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य स्मारकों की वास्तु विरासत को समझना, आगंतुकों को बेहतर अनुभव दिलाना व पर्यटन स्थलों की पहुंच व सुविधाओं को बेहतर बनाना है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि शुक्रवार से प्रदेश के 75 ऐतिहासिक धरोहरों पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, 33 स्मारकों व 42 टूरिस्ट काम्प्लेक्सों में स्वच्छता अभियान की मुहिम को शुरू किया जा रहा है। आगामी दिनों में धरोहर स्थलों पर कार्यशालाओं व विरासत भ्रमण के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवा वर्ग को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि विरासत की हिफाजत मुहिम में वो अपनी जिम्मेदारी को अहसास कर सकें।

उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल में ऐतिहासिक विरासत को संजोने पर लगभग 47 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इनमें राज्य सुरक्षित स्मारक मिर्जा अली जान की बावड़ी, फोर्ट इस्लामपुर, छत्ता राय बालमुकुंद दास, चोर गुंबद, शोभा सरोवर, त्रिपोलिया गेटवे, पीर तुर्कमान, बावड़ी पॉलिटेक्निक व राज्य सुरक्षित स्मारक मुकुंदपुरा बावड़ी शामिल है। इसके अलावा कैथल के भाई की बावली के जीर्णोद्धार पर 4 करोड़ 46 लाख 46 हजार, जींद के किला जफरगढ़ के जीर्णोद्धार पर 5 करोड़ 52 लाख 72 हजार व सफीदों किला पर 6 करोड़ 78 लाख 35 हजार, भिवानी के तोशाम किला के पर 5 करोड़ 43 लाख 6 हजार, गुरुग्राम के सोहना में लाल गुंबद पर 6 करोड़ 77 लाख 66 हजार, बादशाहपुर बावली में 4 करोड़ 25 लाख 58 हजार, फरीदाबाद के रानी की छतरी के जीर्णोद्धार पर 1 करोड़ 32 लाख 53 हजार, नूंह के डेहरा मंदिर के जीर्णोद्धार पर 5 करोड़ 32 लाख 30 हजार व तावडू के गुंबद परिसर के जीर्णोद्धार पर 1 करोड़ 50 लाख, फरुखनगर के शीशमहल के जीर्णोद्धार पर 4 करोड़ 54 लाख 30 हजार, पलवल के मानपुर स्थित ऐतिहासिक केसुरिया खेड़ा के जीर्णोद्धार पर 2 करोड़ 16 लाख 81 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### नारी स्वस्थ होगी तो राष्ट्र भी सशक्त होगा: शर्मा

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि देश की नारी स्वस्थ होगी तो राष्ट्र भी सशक्त होगा। इसी सोच को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर सभी जिलों में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री आज नारनौल के नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने अस्पताल प्रांगण में पौधारोपण किया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। वहीं अस्पताल प्रांगण में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके अलावा मेगा कैंप का निरीक्षण करते हुए मरीजों से हाल-चाल पूछा। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव तथा उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार भी मौजूद थे। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार अपने संकल्प पत्र को लगातार लागू करने का कार्य कर रही है। सरकार ने बहुत ही महत्वपूर्ण योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर दी है। इसका पोर्टल खोल दिया गया है। इस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने 54 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरित किए। वहीं उज्जवला दृष्टि योजना के तहत 42 लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए। इससे पहले 17 सितंबर को 118 लाभार्थियों को भी चश्मे वितरित किए गए थे। इसके अलावा नेत्रदान करने वाले सुरेश कुमार को सम्मानित किया। आज दिन भर लगे इस मेगा कैंप में लगभग 2070 नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

### थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को लिंग संवेदनशीलता एवं साइबर क्राइम की दी जानकारी

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में पानीपत पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और लैंगिग समानता को बढावा देने हेतु जागरूकता अभियान चलाए जा रहा है। इसी क?ी में वीरवार को थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम द्वारा बराना गांव के सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी इंस्पेक्टर किरण द्वारा विद्यार्थियों को लिंग संवेदनशीलता एवं साइबर क्राइम के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी इंस्पेक्टर किरण ने विद्यार्थियों को बताया कि लिंग आधारित भेदभाव, उत्पीड़न व हिंसा समाज में असमानता को बढ़ावा देते हैं और इससे बचाव हेतु हर व्यक्ति को संवेदनशील बनना आवश्यक है। उन्होंने लड़का और लड़की को समान अवसर और सम्मान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि लिंग भेदभाव करना पुराने रूढ़िवादी समाज की और ले जाता है। जबकि आज हम विकासशील देश के वासी हैं, जहा लड़कों व लड़कियों में कोई भेदभाव नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**शहजादपुर (अप्रस/सुशील कुमार)।** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव कोड़वा खुर्द में मुख्य सड़क से मंजीत सिंह के घर तक बनने वाली गली का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सरपंच साहब सिंह, मंडल प्रधान हरजिंदर सिंह, प्रवेश शर्मा, मोहनलाल, स्वर्ण सिंह, सुनील शर्मा, रामवीर, दिलीप सिंह, कुलविंदर सिंह, नीतू शर्मा, मंजीत सिंह सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. सैनी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा आरंभ हुआ है, जो आगामी 15 दिनों तक पूरे देश में आयोजित होगा। इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी गोष्ठियाँ, जनजागरूकता कार्यक्रम और सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और प्रधानमंत्री मोदी सदैव समाजसेवा को प्राथमिकता देते हैं। हर भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक का कर्तव्य है कि वे सेवा पखवाड़े में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। डॉ. सैनी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर कार्यरत हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचे। ग्रामवासियों ने विकास कार्यों के शिलान्यास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. पवन सैनी का आभार जताया।

### विश्वकर्मा मंदिर में लगाया भंडारा



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** कारपेंटर एंड जनरल लेबर यूनियन द्वारा रेलवे रोड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव बृजलाल सोहल ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा दिवस के उपलक्ष्य में विश्वकर्मा भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की गई। जिसमें भवन निर्माण के मिस्त्री एवं कारीगरों सहित विश्वकर्मा समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम विश्वकर्मा भगवान की श्रद्धा भाव के साथ पूजा की गई। उसके बाद अखंड भंडारा दिया गया। भगवान विश्वकर्मा की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए बृजलाल सोहल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही सोने की लंका, भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका और पांडवों के इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया गया था। कामकाजी लोग अपने बेहतर भविष्य और कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना करते हैं। इस मौके पर कारपेंटर यूनियन के राज्य प्रधान बलवान शर्मा, कुरुक्षेत्र प्रधान राजेंद्र कुमार, विश्वकर्मा मंदिर प्रधान सुंदर लाल, सचिव त्रिलोक सिंह, अपरेश वत्स, हिमांशु खन्ना, रामबीर, राकेश, नीरज, सर्वजीत, सिकंदर, नरेश धीमान, संजय, ईशम सिंह,सोनू, लाडवा से रमेश कुमार, सुनील व सोनू आदि मौजूद रहे।

### सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने सफाई कर्मी महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** निरंतर समाजसेवा के कार्यों के चलते सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा स्थानीय न्यू लक्ष्मण कालोनी के निकट जय भारती स्कूल के पास स्वच्छता प्रहरियों को स्वच्छता व सफाई कार्यों, स्वच्छता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वच्छता अभियानों में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में सफाई कर्मी विशेषकर महिलाओं को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट भी वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने स्वच्छता प्रहरियों को अपने वार्ड शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए विचार साझा किए और मौजूद लोगों को भी स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजों की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्यौहारों पर शहर के सौंदर्यीकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने सभी को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में योगेश गर्ग व तेजस मित्तल ने आम नागरिकों को स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान कार्यक्रम के साथ जुड़कर गली मौहल्लों को स्वच्छ बनाने को प्रेरित किया। इस मौके पर वार्ड की सभी सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## सेवा पखवाडा में फसल अवशेष प्रबंधन और पशुधन जाग्रति को लेकर लगाया जागरुकता शिविर

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 18 सितंबर।** सेवा पखवाड़े को लेकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पानीपत की ओर से हल्के के गांव पावटी में सरपंच प्रतिनिधि दिपक के नेतृत्व में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर खंड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना था। जिसमें फसल अवशेष न जलाने के लिए फायदों के बारे में जानकारी दी। वहीं कृषि विभाग से एसएमएस डा. राधेश्याम ने बताया कि इस सेवा पखवाड़ा को एक जन-आंदोलन का रूप में गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया की धान की पराली जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को नुकसान होता है जबकि इन्हीं फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से कई फायदे होते हैं।

वहीं डा. राजेश कृषि विभाग नें जानकारी देते हुए बताया कि इस पखवाड़ा के दौरान विशेष अभियान चलाकर किसानों को फसल विविधिकरण, आधुनिक कृषि, नई फसल किस्मों, उन्नत बीजों व नवीन रोपण तकनीकों की प्रदर्शनी लगाकर जागरूक किया जा रहा हैं। इसी तरह से मत्स्य पालन और बागवानी की उन्नत विधियों के बारे में किसानों को जागरूक किया जा रहा हैं। इसके साथ हीं एटीम सीता नें बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, हरियाणा सरकार की मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, ड्रिप इरिगेशन, माइक्रो इरिगेशन जैसी योजनाओं की जानकारी भी किसानों तक पहुंचाई जा रही हैं।

### पितृ दोष से मुक्ति के लिए श्राद्ध महत्वपूर्ण माना जाता है: महंत

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** मारकंडा नदी के तट पर पितृ पक्ष श्राद्ध के चलते श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी द्वारा पूजन एवं अनुष्ठान करवाया जा रहा है। वीरवार को पितृ पक्ष के 12 वें दिन महंत जगन्नाथ पुरी व अन्य संतों ने द्वादशी श्राद्ध पूजन श्रद्धालुओं से सम्पन्न कराया। इस मौके पर पूजन में मिठाई फल का दान कर पितरों को भोजन अर्पित किया गया और तर्पण करना किया गया। तर्पण के लिए जल में तिल, जौ, गाय का कच्चा दूध, गंगाजल और फूल मिलाकर अर्पित किए गए। महंत जगन्नाथ पुरी ने बताया कि खोए का पिंडा बनाकर पितरों को दान करना गयाजी में पिंडदान समान है।

## धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर इन हाउस ट्रेनिंग (डोमेन-3) का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 18 सितंबर।** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल, शांति नगर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 डोमेन-3 पर एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के प्रधान श्री जगतार सिंह काजल, उप प्रधान श्री टेकचंद, महासचिव श्री सुरज भान, सचिव श्री बलदेव, कोषाध्यक्ष श्री दलबीर ढांडा, कार्यकारिणी सदस्य श्री विशाल खुब्बड़, श्री ईश्वर पूजम, श्री सुरेश कुमार एवं श्री रणधीर सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम दहिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन श्री मंजीत वर्मा का समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।


प्रधान श्री जगतार काजल ने अपने संबोधन में कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं और इन्हें विद्यालय की कक्षाओं में प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए।

रिसोर्स पर्सन श्री मंजीत वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं और शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरणादायक तकनीकें प्रस्तुत कीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य पाठ्यक्रम में आवश्यक बदलावों के माध्यम से भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली को अधिक सशक्त और प्रगतिशील बनाना है।

इस कार्यशाला में 48 शिक्षकों सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम दहिया ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी शिक्षकों ने श्री मंजीत वर्मा की प्रेरणादायक प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

## प्रदेश अध्यक्ष पद की घोषणा में देरी के चलते दावेदारों में बढ़ रही खींचतान, पीसीसी अध्यक्ष के लिए पिछड़े वर्ग से सुगबुगाहट

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद को लेकर हो रहे देरी व दावदारों में खींचतान के बीच इस बार पिछड़े वर्ग से अध्यक्ष बनाये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस क्षेत्र को 1972 के बाद पीसीसी की कमान नहीं मिली है। पिछले डेढ़ दशक का राजनीतिक इतिहास देंखे तो पिछड़े कांग्रेस का जनाधार कम होता रहा है। इसी क्षेत्र के वोटर ने कांग्रेस से भाजपा की ओर शिफ्ट होकर उसकी प्रदेश में तीन बार लगातार सरकार बनवाने में अहम भूमिका अदा की है। भाजपा ने मतदाताओं के रुझान को भांपते हुए पिछड़े वर्ग सैनी समुदाय से नायाब सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बाद में मुख्यमंत्री बनाया। पिछडें बर्ग की बात की जाए तो पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी की दावेदारी मजबूत हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए आवाज उठ रही है कि इस बार कांग्रेस में दोबारा जान डालने के लिए यहां के किसी अनुभवी व पार्टी के निष्ठावान लीडर को मौका देना चाहिए। पीसीसी अध्यक्ष पद के लिए रेस में कई नेता हैं, इनमें प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, राव नरेंद्र सिंह राव दान सिंह और रमेश सैनी के नाम प्रमुख हैं। रमेश सेनी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रहे हैं। वह श्रीमती इंदिा गांधी के समय से कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं। उह्वएनका पिछड़े वर्ग के साथ दलिता, किसानों में अच्छा दखल हैं। वह पत्रकार कालम राइटर के साथ साहित्यकार भी रहे हैं। नायाब सिंह सैनी के सीएम बनने से जो बोट खिसक कर भाजपा में गया ळैं। उसे कांग्रेस के खेमे में लाने में रमेश सैनी सफल हो सकते हैं। हरियाणा के किसी ओबीसी चेहरे को कांग्रेस आगे लाती है तो इसका लाभ मिलने की संभावना है। भाजपा ने ओबीसी नेताओं को खूब मौका दिया है और आगे बढ़ाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राव इन्द्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ओबीसी से आते हैं। इतना ही नहीं भाजपा ने ओबीसी वोटर पर पकड़ को मजबूत बनाये रखने के लिए केन्द्र सरकार में भी कई नेताओं को जगह दी है। सुरजीत सैनी का का मानना है कि पार्टी इस क्षेत्र के मेहनती व चर्चित चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे तो सत्ता में वापसी की जमीन तैयार हो सकती है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में आयोजित क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का समापन

**शहजादपुर (अप्रस)।** राजकीय महिला महाविद्यालय, शाहजादपुर की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में क्ले मॉडलिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय कला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के मूर्तिकला विभाग की प्रसिद्ध विशेषज्ञ मिस आकांक्षा ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए बीए, बीकॉम और बीएससी की छात्राओं को मिट्टी से बनने वाली विभिन्न कलाकृतियों की बारीकियों से अवगत करवाया। कार्यशाला के दौरान, छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की क्ले और क्ले मॉडलिंग की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि पिंचिंग, स्पाइरल और स्लैब विधियों के बारे में सीखा। उन्होंने बर्तन, कप और छोटे मानव आकृतियाँ और घर बनाए। इसके अलावा, प्रतिभागियों ने प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) का उपयोग करके ढलाई और कास्टिंग करना भी सीखा और उन्होंने सफलतापूर्वक एक फूल की रिलीफ मूर्तिकला बनाई।

## सफाई व स्ट्रीट लाइट की समस्याओं का समाधान अब एक कॉल पर

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 18 सितंबर।** नगरपालिका नारायणगढ़ क्षेत्र के लोगों को सफाई एवं स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का समाधान अब केवल एक कॉल पर मिल सकेगा। यह सुविधा एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती के दिशा-निर्देशानुसार शुरू की गई है।

नागरिकों की समस्या पर तुरंत एक्शन शहरवासियों ने शिकायत की थी कि सफाई और स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्याओं के लिए उन्हें नगरपालिका कार्यालय में जाना पड़ता है। दुकानदारों और नौकरीपेशा लोगों के लिए ऐसा करना कई बार संभव नहीं हो पाता।

इस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम शिवजीत भारती ने नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि संबंधित कर्मचारियों के फोन नंबर सार्वजनिक किए जाएं।

शहरवासियों ने यह भी शिकायत की कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहन पर स्वच्छ भारत मिशन का थीम म्यूजिक नहीं बजता। जिसके कारण गली-मोहल्लों के अंदर रहने वाले लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पाती कि वाहन उनके घर तक पहुंचा है या नहीं। इस पर एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह वाहन पर थीम म्यूजिक अनिवार्य रूप से बजना चाहिए इससे लोगों को वाहन के आने की सूचना मिलेगी और साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलेगी। नगरपालिका नारायणगढ़ इन दिनों हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत महास्वच्छता अभियान चला रही है।

## 21 सितंबर को असंध जेपीसी एकेडमी में होगा प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 18 सितंबर।** करनाल भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत 21 सितंबर को असंध की जेपीएस एकेडमी में आयोजित किए जाने वाले प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में भाजपा की रीति नीति पर चर्चा की जाएगी और इस सम्मेलन में समाज के प्रबुद्ध लोगों से संवाद कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रबुद्ध सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियों के अलावा प्रबुद्ध लोगों से भविष्य की राष्ट्र एवं समाज के हित की योजनाओं के बारे संवाद किया जाएगा। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर,नव चेतना मंच के अध्यक्ष,एस पी चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, एडवोकेट अशोक सिरसी, केश कला बोर्ड चैयरमेन यशपाल ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक खुराना,पूर्व पार्षद दर्शन सिंह सहगल, पूर्व जिला महामंत्री सुनील गोयल, धूप सिंह दहिया आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

## 2047 तक देश को विकसित बनाने में विद्यार्थी अहम रोल के लिए तैयार रहें

# विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने किया विद्यालय में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 18 सितंबर।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य हो गई है। विद्यालय द्वारा इस दिशा में किया गया प्रयास सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी इस सुविधा का पूरा लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारेंगे तथा विकसित 2047 तक प्रदेश और देश को विकसित प्रदेश व विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जो एक सपना है उसको हम सबको मिलकर पुरा करना होगा। उत्तर प्रदेश म मुख्यमंत्री जी के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देंगे। जिन्होंने उत्तर प्रदेश को जंगल राज से मुक्ति दिलाकर दिन हो या राज बेखोफ होकर आने-जाने की सुविधा आप लोगों को दी है यह एक उदाहरण है, ऐसे यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी



आदित्यनाथ महाराज जी को मैं नमन करता हुं। वह राष्ट्रीय शिक्षा सदन इन्टर कॉलेज, झिंझाना में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नव निर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा, के स्पीकर हरविद्र कल्याण, विधायक सदर शामली प्रसन्न चौधरी, राजेश्वर बंसल, पूर्व विधायक व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शामली, तेजेन्द्र निरवाल पूर्व विधायक एवं भारतीय जिलाध्यक्ष शामली, सोहनलाल गुप्ता घरौंडा, निरंकार स्वरूप, हैप्पीलक चेयरमैन नगरपालिक परिषद् घरौंडा, चौधरी ईलम सिंह गुज्जर, भाजपा वरिष्ठ नेता, महेन्द्र कुमार शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, ब्रजेश कुमार वशिष्ठ पूर्व प्रधानाचार्य, चौधरी जसबीर सिंह पूर्व प्रधान, राम पाल सिंह पूर्व प्रधान, सुरेन्द्र मित्तल अध्यक्ष, शैलेन्द्र मित्तल अध्यक्ष, भरत सिंह पूर्व प्रधान, विजय कौशिक, खुशीद आलम विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा करनाल एंव पूर्व मिडिया कोंडिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी, अनिल अग्रवाल, सुरेश चन्द गर्ग मंत्री जी, यशपाल सिंह, सोमपाल भाटी प्रधानाचार्य, परवीन कुमार की उपस्थित में नवनिर्मित लैब का उद्घाटन फीता काट कर किया। स्कूल की छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के लिए रंगारंग कार्यक्रम एवं देश भक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात् विद्यालय के प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य श्री प्रवीण कुमार जी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह कंप्यूटर लैब विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस लैब में नवीनतम कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा तथा प्रोजेक्टर आदि की व्यवस्था की गई है, जिससे विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार, प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने किया और अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य परवीन कुमार अतिथियों स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। स्कूल प्रागंण में पहुंचते ही हरविंद्र कल्याण विधानसभा अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने पुष्प वर्षा की तथा स्कूल की छात्राओं ने मुख्य अतिथि का तिलक लगा कर अभिवादन किया।

## खन्ना में प्रवासी परिवार पर हमला

# गर्भवती महिला के पेट में मारी लात, अस्पताल में भर्ती

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण/राजू खन्ना





**खन्ना, 18 सितंबर।** शहर के कब्जा फैक्ट्री रोड पर रहने वाले एक प्रवासी परिवार के साथ मारपीट और धमकी का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि गाड़ी धीरे चलाने को कहना ही उन पर भारी पड़ गया।

परिवार के मुखिया रूपेश कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह वे घर के बाहर खड़े थे, तभी मोहल्ले में रहने वाला जसबीर सिंह तेज़ रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। मैंने उसे गाड़ी धीरे चलाने को कहा तो वह भड़क गया और बदतमीजी करने लगा।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, शाम को आरोपी अपने साथियों के साथ घर पहुंचा और जबरन बाहर निकालकर मारपीट की। इसी दौरान उसकी गर्भवती पत्नी ज्योति को पेट पर लात मारी गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी पहले भी उन्हें गालियां और धमकियां देता रहा है। इस बार उसने धमकी दी कि अगर पंजाब नहीं छोड़ा तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

फिलहाल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है। थानेदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि बयान लिखे जा रहे हैं। इसके बाद जांच शुरू कर यह पता लगाया जाएगा कि सच क्या है और झूठ क्या।

वहीं, डीएसपी खन्ना अमृतपाल सिंह ने कहा कि प्रवासियों को 'पंजाब छोड़ो' कहने वाली कोई बात सामने नहीं आई है। यह अफवाह फैलाई जा रही है। दरअसल, दोनों पक्षों में झगड़ा निजी कारणों से हुआ। आरोप है कि प्रवासी परिवार के एक सदस्य ने गुटखा खाकर थूक दिया था, जिसे लेकर विवाद बढ़ गया। लेकिन प्रवासियों को पंजाब से बाहर निकालने जैसी कोई बात सही नहीं है।

## हरियाणा सरकार ने 14 अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नति की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** हरियाणा सरकार के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग ने अपने विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 14 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। ये पदोन्नतियाँ तत्काल प्रभाव से वेतनमान एफपीएल-6 (35,400-1,12,400) के अंतर्गत की गई हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश संबंधित कर्मियों के वरिष्ठों के दावों को प्रभावित किए बिना जारी किए गए हैं।

डिप्टी सुपरिटेंडेंट पद पर कुल तीन अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें श्रीमती दीपिका शर्मा (स्थापना शाखा), जॉट राम (डीआईपीआरओ कार्यालय, फतेहाबाद) एवं रविन्द्र सिंह (हरियाणा भवन, नई दिल्ली) शामिल हैं।

इन पदोन्नतियों से उत्पन्न रिक्तियों के विरुद्ध अन्य कर्मचारियों को पदोन्नत करते हुए नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। इसमें सुश्री ज्ञानदीप को सेक्शन इंचार्ज, अभिनम (100% नेत्रहीन) को प्रोडक्शन इंचार्ज, और श्रीमती रेनू कुमारी को असिस्टेंट प्रोडक्शन आफिसर (वितरण) पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, राम फूल को लेखा परीक्षक, सोनू को स्टोर सहायक-कम-अकाउंटेंट, प्रमोद कुमार को डिस्ट्रीब्यूशन असिस्टेंट एवं कमल किशोर को सेल्स मैनेजर (एफपीएल-6 + 60 विशेष वेतन) बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि नवीन (जो कि वर्तमान में ओएसडी/मुख्यमंत्री के स्टाफ में कार्यरत हैं) को कैशियर (एफपीएल-6 + 40 विशेष वेतन) पद पर पदोन्नत किया गया है। निचले स्तर के कर्मचारियों में भी बदलाव हुआ है। अनूप सिंह और अमन को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है, जबकि नवीन कुमार को 25 सितंबर 2025 से प्रभावी रूप से इसी पद पर नियुक्त किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया विभागीय रिक्तियों के अनुसार की गई है और कार्य कुशलता व वरिष्ठता के आधार पर तय की गई है।

## संजय टंडन ने डीएवी कॉलेज में युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए किया प्रोत्साहित

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



फोटो: अजय चौधरी

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** डीएवी कॉलेज, सेक्टर-10, चंडीगढ़ की एनएसएस इकाई ने कर्तव्यनिष्ठ युवा और एनआईआईएफए के सहयोग से गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री संजय टंडन (अध्यक्ष, दावोस व डीएवी कॉलेज पूर्व छात्र संघ), श्रीमती जीवन जोत कौर (पीसीएस, उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग), श्री जितेंद्र पाल मल्होत्रा (अध्यक्ष, शिक्षा स्थायी समिति, चंडीगढ़ प्रशासन), डॉ. नेमी चंद गोलिया (एनएसएस राज्य संपर्क अधिकारी, चंडीगढ़) और श्री शशि मेहता (वरिष्ठ सदस्य, वाईआरसी, हरियाणा) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 153 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लेकर इसे सफल बनाया।

इस अवसर पर संजय टंडन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक नेक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सबसे शुद्ध अभिव्यक्ति है। हमारे युवाओं में धन या प्रभाव से नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव से जीवन बचाने की शक्ति है। आज यहां दान की गई प्रत्येक बूँद आशा, जीवन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। हर युवा को इस कार्य में आगे आना चाहिए, क्योंकि वास्तविक परिवर्तन तब शुरू होता है जब हम देखभाल करने का निर्णय लेते हैं।


### सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय: स्व. श्रीमती लक्ष्मी गर्ग की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1393, सेक्टर 40-बी, चंडीगढ़ (आरपीएल 19570) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्रीमती लक्ष्मी गर्ग 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1393, सेक्टर 40-बी, चंडीगढ़ की स्वामिनी है।

रत्तन लाल गर्ग उर्फ रत्तन गर्ग द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती लक्ष्मी गर्ग की 19.03.2025 को मृत्यु हो गई है तथा उसने मृतक स्वामिनी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-(1) रत्तन लाल गर्ग उर्फ रत्तन गर्ग-पति, (2) अमित गर्ग-पुत्र, (3) नैनसी गोयल उर्फ नैनसी गोयल-पुत्री

अब, रत्तन लाल गर्ग उर्फ रत्तन गर्ग ने अपंजीकृत वसीयत दिनांक 09.12.2024 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. श्रीमती लक्ष्मी गर्ग द्वारा आयोजित 50.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1393, सेक्टर 40-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथ पत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी,यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**


## विशाल कैंप का आयोजन करके सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

निसिंग (अप्रस/कृष्ण)। आज ब्रास गांव में सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मत्स्य विभाग कृषि विभाग से बागवानी विभाग से पशुपालन विभाग से जुड़े अधिकारियों ने पहुंचकर ग्रामीणों को विभाग से होने वाली लाभकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया इस मौके पर जिला परिषद सुषमा देवी वार्ड नंबर 9 प्रतिनिधि पूर्ण चंद संदीप समाजसेवी पब्लिक हेल्थ ब्लॉक समिति प्रतिनिधि जोगिंदर शर्मा ब्रास खुर्द सरपंच विनोद सुदेश राणा पदम राणा राजकुमार राणा मांगेराम बाल्मिक सतपाल शर्मा और एग्रीकल्चर से अजय राणा और गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सहकारी समितियों में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत।** कलायत व गांव बालू की सहकारी समितियों में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सहकारी समितियां कैथल के सहायक रजिस्ट्रार रिषी कुमार के दिशा-निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पैक्स समिति चेयरमैन दीपक निर्मल ने शिरकत की। इस क्रम में बात्ता व गांव शिमला के बिक्री केंद्र पर भी पौधा रोपण किया गया। दीपक निर्मल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सेवा पखवाड़ा के जरिये विभिन्न अभियान गतिमान किए जा रहे हैं। इस कड़ी में एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए पौधा रोपण किया गया। आयोजन की अध्यक्षता सहकारी समितियां निरीक्षक प्रदीप सिंह ने की। उनके साथ प्रबंधक श्यामलाल, जगदीश चन्द्र, गांव शिमला के सरपंच रामचन्द्र, पंच संदीप सिंह, बात्ता गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, गोल्डी राणा, सुभाष राणा, कलामत पैक्स वाईस चेयरमैन राकेश कुमार, चंद्रभान सिंह, गुलाब सिंह, गांव बालू के सरपंच प्रतिनिधि बिंदर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कलायत के कन्या सरकारी स्कूल में पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**कलायत (कपिल देव रोहिल्ला)।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक सकूल में पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन अर्थशास्त्र विषय प्राध्यापक विश्व प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता के लिए सात राउंड निर्धारित किए गए थे। प्रतियोगिता में स्कोरर का जिम्मा संस्कृत विषय प्राध्यापक कपिल देव के हाथ में रहा। इस दौरान हिंदी प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार ने निरीक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि कुल छह टीमों में से टीम बी ने बाजी मारी। इस टीम में मुस्कान, मानसी और मन्नत मुख्य प्रतियोगी रही। दूसरे स्थान पर टीम डी व ई रही। इसके उपरांत टीम का चयन जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए हो गया। इस अवसर पर गुरनाम सिंह, धीर सिंह, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


### समाहरणालय, किशनगंज
(मद्यनिषेध प्रशाखा)
अति आवश्यक सूचना
**प्रेस विज्ञप्ति**

बिहार सरकार

एतद द्वारा निम्नलिखित वादों से संबंधित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत उत्पाद/पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त किया गया है। जिससे नीलामी से पूर्व समाचार पत्र के माध्यम से वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवगत कराने का प्रावधान है वाहन मालिकों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु **दिनांक 25.09.2025** को तिथि निर्धारित की गई है।

यदि निर्धारित तिथि तक वाहन मालिक उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करते है, तो एकपक्षीय विधि सम्मत निर्णय लिया जाएगा एवं नीलामी की कार्रवाई की जायगी। वाहन एवं वाहन मालिकों की विवरणी निम्न प्रकार है:-

अधिहरित (राजसात) वाहनों की सूची :-

| क्र0 | अधिहरण वाद सं0 | परिसर जहाँ वाहन सुरक्षित रखा गया है | उत्पाद/थाना काण्ड सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या | वाहन स्वामी का नाम/पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 735/2024 | उत्पाद | FIR No. 1081/2024, 15.09.2024 | स्कॉर्पियो | HR29AA-2934 | Ashok Kumar, S/o- Atall, The Ballabgarh, Dist- Faridabad, Hariyana. |

अतः उपरोक्त सारणी में अंकित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु वाहन स्वामित्व संबंधित कागजात लेकर निर्धारित तिथि **दिनांक 25.09.2025 को कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, किशनगंज** में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी एवं समाहर्त्ता
किशनगंज

PR. No. 015063 (Excise) 25-26

**बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।**
**इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।**
**टॉल फ्री नं- 15545 या 1800 345 6268**



### उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र (ई-नीलामी सूचना)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं. यह ई-नीलामी, जो पूर्व में 23.09.2025 को निर्धारित थी, अब 02 अतिरिक्त लॉट जोड़े जाने के बाद 03.10.2025 को आयोजित की जाएगी।

| | |
|---|---|
| नीलामी कैटलॉग सं. | UMB-SLR-11-25 (08 Lots) |
| नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | 03.10.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय | 03.10.2025 at 13:40 hrs. |

| क्र.सं. | ट्रेन संख्या | से-तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2. | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3. | 12218 | CDG-TVCN | RSLR-I |
| 4. | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 5. | 14522 | UMB-DLI | FSLR-I |
| 6. | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 7. | 54557 | UMB-PTA | FSLR-I |
| 8. | 54558 | PTA-UMB | FSLR-I |

ई-नीलामी में भाग लेने या ई-नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

2877/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059, भारत

शाखा कार्यालय: प्रथम तल, जुबिन टावर, आईसीआईसीआई बैंक लि. के पीछे, पानी-132103

**प्राईवेट ट्रिटी के माध्यम से अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पढ़ते हुए नियम 8(8) को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन प्राईवेट ट्रिटी के माध्यम से अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने निम्न वर्णित मोर्टगेज्ड संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की हैं, तथापि, सभी ई-नीलामियां असफल रही हैं। अब, इच्छुक क्रेता राशि रु. 9,00,000/- के लिए कथित संपत्ति को खरीदने के लिए एक प्रस्ताव के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क कर सकता है। आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित अचल संपत्ति का आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी निम्न प्रदान किए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार प्राईवेट ट्रिटी द्वारा 'जैसी है जहां है', 'जो है जैसी है' और 'जो भी जैसा भी है' आधार पर बिक्री की जाएगी:

| क्र. सं. | ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम, ऋण खाता सं. | ज्ञात भारों के साथ सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का विवरण, यदि कोई हो | बकाया देय राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) | (एच) | (आई) |
| 1. | मोनू (ऋणी) शबनम (सह-ऋणी) एलएएन सं. एलएचएसएमके 00001300709 | खेवट सं. 226, खतौनी सं. 278, 279, गांव पावटी तहसील समालखा, पानीपत-132103 | रु. 17,63,324.00 /- 16 सितंबर, 2025 | रु. 9,00,000/- / रु. 90,000/- | 29 सितंबर, 2025 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 03.00 बजे | 07 अक्तूबर, 2025 को अप. 02.00 बजे से अप. 03.00 बजे | 06 अक्तूबर, 2025 को सायं 04.00 बजे से पूर्व | भौतिक कब्जा |

ऑनलाईन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड की वेबसाईट (यूआरएल लिंक-https://BidDeal.in)पर आयोजित की जाएगी। भावी बोलीदाता 06 अक्तूबर, 2025 को सायं 04.00 बजे को अथवा पूर्व आर्टिकल के शीर्ष पर वर्णित पता आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय पर जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरटीजीएस/डीमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई में संदर्भित) प्रस्तुत करेंगे। भावी बोलीदाता 06 अक्तूबर, 2025 को सायं 05.00 बजे को अथवा पूर्व आर्टिकल के शीर्ष पर उल्लिखित आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के शाखा कार्यालय के पते पर पंजीकरण पत्र और बोली की नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी प्रस्तुत करें। जमा धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) आर्टिकल के शीर्ष पर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर देय 'आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लि. – नीलामी' के पक्ष में राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक का हो।

आम जनता को उक्त वर्णित इच्छुक क्रेता द्वारा प्रस्तावित से अधिक राशि की अपनी बोलियां प्रस्तुत करने का निवेदन किया जाता है। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि यदि आईसीआईसीआई एचएफसी को उक्त वर्णित इच्छुक क्रेता द्वारा प्रस्तावित राशि से अधिक राशि की बोलियां प्राप्त नहीं होंगी तो मोर्टगेज्ड संपत्ति को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पढ़े गए नियम 8(8) के अनुसार कथित इच्छुक क्रेता को बेची जाएगा।

निरीक्षण, बिक्री की नियम एवं शर्तों अथवा बोलियां प्रस्तुतीकरण के संबंध में आगामी किसी स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड को 9920807300 पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी बोलियों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री की विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया https://www.icicihfc.com/ पर पधारें।

तिथि: 19, सितंबर, 2025
स्थान: पानीपत

प्राधिकृत अधिकारी, 'आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कंपनी लिमिटेड'
सीआईएन संख्या:-U65922MH1999PLC120106



### नीलामी सूचना

मुख्य अध्यापक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिसर
मो.98130-35360



### गांधी शिल्प बाजार

भारत की सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प प्रदर्शनी
दिनांक: 20/09/2025 से 26/09/2025 तक
स्थान: ओएसिस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, कर्ण लेक पेट्रोल पंप के पास (करनाल)
प्रायोजक: विकास आयुक्त, हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।
आयोजक: ग्रामीण विकास समिति।



COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Abhimanyu Rajput
**Additional Civil Judge (Senior Division), Kalka**

**CNR No. HRPKA0-000099-2023**
**Next Date:- 01-11-2025**

**Punjab National Bank**
**Vs.**
**M/s Super Crockery Store and Another**

Civil Suit for recovery
PUBLICATION ISSUED TO:
**1. M/s Super Crockery Store, Ishar Nagar Main bazar, CRPF Road, Pinjore, Tehsil Kalka District Panchkula through its proprietor Ms. Gulfshan**
**2. Ms. Gulfshan daughter of Mr. Jamal Khan, proprietor M/s Super Crockery Store, House No. 1607, B-2, Vishwakarma Colony, Ward No. 11, Pinjore, Tehsil Kalka, District Panchkula.**

**------Defendants**

In above titled case, the defendant could not be served. It is ordered that defendant should appear in person or through counsel on 01-11-2025 at 10:00 a.m.

For details login to https://high-courtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panchkula

**Additional Civil Judge (Senior Division) Kalka**
Dated, this day of 10-09-2025



### न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब नारनौद।

मनके संतोष पत्नी स्व0 सतपाल निवासी गांव कोथ कलां तह0 नारनौंद जिला हिसार। बनाम जनरल पब्लिक इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व0 श्री सतपाल पुत्र श्री जुम्मा निवासी गांव कोथ कलां तह0 नारनौंद जिला हिसार का स्वर्गवास दिनांक 04.08.2018 को हो चुका है। यह है कि मेरे सास-सुसर का देहांत भी काफी साल पहले हो चुका है। मेरे पति के स्वर्गवास के बाद उनके निम्नलिखित वारिस है जिसका विवरण इस प्रकार से है:-1-संतोष (पत्नी), 2-मजीद(पुत्र), 3-नीलम (पुत्री), 4.मोनिका (पुत्री)। इनके इलावा उक्त मृतक का दीगर वारिस नही है जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या इतराज हो तो यह स्वय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**उप तहसीलदार खेड़ी जालब।**



### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के गांव सैहला खंड बराडा में सफेदे के 3193 पेड़ों की खुली बोली 24 सितम्बर 2025 दिन बुधवार सुबह 11 बजे सैहला गांव के ग्राम सचिवालय मे की जाएगी जिसके लिए उक्त सभी बोली दाता 500000 लाख रूपये की DD ग्राम पंचयात सैहला के नाम सिक्योरिटी के रूप में जमा करवानी होंगी और बोली छूटने के बाद 1/4 हिस्सा मोके पर जमा करवाना होगा एक आधार कार्ड या एक फर्म का एक ही डीडी मान्य होगा

DD जमा करवाने के पश्चात ही बोली दी जा सकेगी अन्य बोली की सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी

**ग्राम पंचयात सैहला**



### सार्वजनिक सूचना

विषय: सह स्वामी स्वर्गीय श्रीमती राजदुलारी पत्नी श्री भोपाल सिंह की मृत्यु के परिणाम स्वरूप मकान न. 967, सेक्टर-9, अर्बन एस्टेट करनाल के संबंध में स्वामित्व का स्थानांतरण।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजदुलारी पत्नी श्री भोपाल सिंह निवासी मकान न. 967, सेक्टर-9, अर्बन एस्टेट, करनाल उपरोक्त संपत्ति की सह मालिक थी। श्रीमती राजदुलारी का 01.05.2021 को निधन हो गया है। अब उनके कानूनी वारिस श्री भोपाल सिंह (पति), बिपिन कुमार (पुत्र), संगीता चौधरी (पुत्री) ने श्री भोपाल सिंह व श्री बिपिन कुमार के नाम पर मकान न. 967, सेक्टर-9, अर्बन एस्टेट, करनाल का स्वामित्व हस्तांतरण करने के लिए एचएसवीपी कार्यालय करनाल में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त मकान के हस्तांतरण से कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी एचएसवीपी करनाल को लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की अनुमति दे सकता है और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**संपदा अधिकारी की ओर से कानूनी वारिस**



### सार्वजनिक सूचना



### इन-सिटू ग्लूड इनसुलेटेड जॉयंट का निर्माण

ई-निविदा सूचना संख्या. LMG/Engg/67 of 2025 तारीख 15-09-2025।

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे



### मरम्मत, रख-रखाव, सर्विसिंग एवं स्पेयर पार्ट्स की आवश्यकता

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे



### ग्रेटर मोहाली एरिया डिवेलपमेंट अथॉरिटी
पुडा भवन, सेक्टर-62, एस ए एस नगर
जनतक सूचना



### समाहरणालय, अरवल।
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

बिहार सरकार

**बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 (यथा संशोधित) के तहत राजसात किये गये वाहनों की अल्पकालिन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण शराबबंदी के उपरांत वैसे वाहन जिन्हें मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016 (यथा संशोधित) में विहित प्रावधानों के तहत अरवल जिला अन्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग तथा विभिन्न पुलिस थानों द्वारा जप्त एवं समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, अरवल के द्वारा अधिहरित किया गया है, उनकी सार्वजनिक नीलामी किया जाना है। जिन वाहन स्वामी के नाम/पता की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्हें स्पीड पोस्ट के माध्यम से डाक द्वारा सूचित किया गया है। पुनः उन वाहन स्वामी एवं वैसे वाहन जिनके स्वामित्व का पता नहीं चल सका। उनको अंतिम सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा रही है। दिनांक-**27.09.2025** तक स्वंय उपस्थित होकर विधि शाखा, अरवल/अधीक्षक मद्यनिषेध, अरवल में वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है। अन्यथा वाहन स्वामी तय निर्धारित तिथि तक वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन समर्पित नहीं करते है तो जिला में गठित नीलामी समिति द्वारा निम्न सारणी के अनुसार वाहनों की नियमानुसार नीलामी कर दी जाएगी, जो निम्न प्रकार है :-

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | अधिहरण आदेश का ज्ञापांक/दिनांक | थाना कांड संख्या/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या | इंजन नं0 | चेचिस नं0 | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | वाहन निर्माण माह/वर्ष | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 25/25 | 324/ विधि दिनांक-17.06.25 | कलेर थाना 111/24 27.08.25 | ट्रक | HR67B-7682 | SO30646 51D6343 8028 | MAT466422 FHE02481 | फुरकान,पिता- खेरदीन सा0-YNR/ AZIZPUR UDPUR, SHAMLI(UP), YNR, YAMUNA NAGAR, HARYANA-135001 | | |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR- 015071 ( Excise ) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

समाहर्त्ता-सह-
जिला दण्डाधिकारी, अरवल।



### सार्वजनिक सूचना


मैं आम जनता को सूचित करता हूँ कि श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री संजय बंसल पुत्र श्री रामचरण जो की सम्पति मकान न0 40, नया मकान न0 971/13 जिसका प्रॉपर्टी आई0 डी0 न0 1GFFD2H6 (पुराना प्रॉपर्टी आई0डी0 न0 P03702100173) बारकबा 101 वर्ग गज अन्दर आबादी अग्रवाल मंडी, पानीपत, तहसील व् जिला पानीपत जो की नगर निगम पानीपत की हद में स्थित है की मालिक है। अब, श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री संजय बंसल पुत्र श्री रामचरण ने उपरोक्त संपत्ति बेचने का इकरारनामा श्रीमती आरती पत्नी श्री अजीत पुत्र श्री रामबली से कर लिया है तथा श्रीमती आरती पत्नी श्री अजीत पुत्र श्री रामबली पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड जिसका शाखा कार्यालय दुकान नंबर 23-24, होटल हाइव के पीछे, पानीपत-132103 पर है, से ऋण ले रहे हैं। श्रीमती बिमला देवी पत्नी श्री संजय बंसल पुत्र श्री रामचरण ने उक्त संपत्ति के संबंध में निम्नलिखित मूल दस्तावेज खो दिए हैं: - असल बैयनामा वसीका न0 1570 दिनांक 28/06/1979 जो की श्री बदलू राम पुत्र श्री राजाराम अग्रवाल द्वारा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री रतन लाल पुत्र श्री चन्दन लाल के पक्ष में संपत्ति 101 वर्ग गज बाबत किया गया था।

इस संबंध में एक पुलिस रिपोर्ट हरियाणा पुलिस में भी दर्ज कराई गई है जिसमें निम्नलिखित विवरण हैं: आवेदन संख्या 132340252502689 यदि किसी को उक्त खोया हुआ दस्तावेज़ मिल जाए, तो अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकता है और यदि कोई व्यक्ति इस संपत्ति पर किसी भी तरह से पूर्व अधिकार या हित का दावा करता है या दावा रखता है या उसने किसी व्यक्ति/बैंक/निगम/वित्तीय संस्थान को उपरोक्त दस्तावेज जमा करके ऋण लिया है वो इस सार्वजनिक सूचना की तारीख से 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करके आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद, किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसा दावा झूठा, फर्जी, तुच्छ, धोखाधड़ी और आधारहीन दावा माना जाएगा और कानून की नजर में इसका कोई मूल्य नहीं होगा।

आशीष कुमार शर्मा, वकील
कार्यालय: Chamber No. 22, La24ersÓ Chamber, Judicial Comple&, Samalkha, Distt. Panipat-132101
Cont. No. 9311909427



### सार्वजनिक सूचना





**श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष।**

विषय: स्व. जे के कपूर की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1373, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ (आरपी 2067) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री जे के कपूर 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1373, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ के स्वामी है।

एंजल कपूर, कविता ढल्ला द्वारा सूचित किया गया है कि श्री जे के कपूर की 13.02.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उन्होंने मृतक स्वामी के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:-(1) एंजल कपूर-पुत्री, (2) कविता ढल्ला-पुत्री, (3) स्वर्ण कपूर-पत्नी (मृतक)

अब, एंजल कपूर, कविता ढल्ला ने पंजीकृत वसीयत दिनांक 24.09.2013 के आधार पर अपने पक्ष में स्व. जे के कपूर द्वारा आयोजित 100.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 1373, सेक्टर 22-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के उक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी हो तो वह तत्काल संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित करें।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथ पत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामत: लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**



### सार्वजनिक सूचना



**संपदा अधिकारी यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी-1 के समक्ष।**

विषय: श्रीमती चंद्र कांता पुरी पत्नी श्री हरिंदर पाल पुरी के पक्ष में पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 22.04.2015 के आधार पर मकान सं. 3183, सेक्टर 37-डी, चंडीगढ़ के संबंध में (100% हिस्से) के विस्तार तक स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण। कथित बिक्री विलेख इसके स्वामी नामत: श्री सुरेश कुमार ऐरी पुत्र स्व. श्री मोहन लाल ऐरी द्वारा उसके जीपीए मोहिंदर कौर पत्नी श्री तरलोक सिंह और श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री तेजिंदर सिंह के माध्यम से निष्पादित की गई, न्यायालय आदेश दिनांक 06.09.2014 और 17.03.2015 के माध्यम से क्र.सं. 394, बुक सं. 1, वॉल्यूम__, दिनांक 22.04.2015 पर पंजीकृत।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, मकान सं. 3183, सेक्टर 37-डी, चंडीगढ़ के नाम से जानी जाती संपत्ति 100% हिस्से के विस्तार तक श्री सुरेश कुमार ऐरी के नाम में दर्ज है।

अब, श्रीमती चंद्र कांता पुरी पत्नी श्री हरिंदर पाल पुरी ने पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 22.04.2015 के आधार पर मकान सं. 3183, सेक्टर 37-डी, चंडीगढ़ के संबंध में 100% हिस्से के विस्तार तक स्वामित्व अधिकारों के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। कथित बिक्री विलेख इसके स्वामी नामत: श्री सुरेश कुमार ऐरी पुत्र स्व. श्री मोहन लाल ऐरी द्वारा उनके जीपीए श्रीमती मोहिंदर कौर पत्नी श्री तरलोक सिंह और श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री तेजिंदर सिंह द्वारा निष्पादित की गई थी, न्यायालय आदेश दिनांक 06.09.2014 और 17.03.2015 के माध्यम से क्र.सं. 394, बुक सं. 1, वॉल्यूम__, दिनांक 22.04.2015 पर पंजीकृत।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामत: आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा तदनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी-1, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए।**

▲ अधिकतम 31 डिग्री से.
डिग्री से. 23 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.08 बजे
सूर्यास्त 6.24 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 1,13,200.00 |
| सैंसेक्स | 83,013.96 |
| अमेरिका | 88.11 |
| कैनेडियन | 63.98 |
| आस्ट्रेलिन | 58.762 |

## न्यूज़ ब्रीफ

### हरमिलाप नगर रेलवे अंडर पास की भूमि अधिग्रहण प्रकिया के तहत रायपुर कलां में बैठक की गई आयोजित



**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** भूमि अधिग्रहण प्रकिया के तहत चंडीगढ़ प्रशासन के एसडीएम सेंट्रल नवीन कुमार ने रायपुर कलाँ संपर्क केंद्र में आयोजित एक बैठक में स्थानीय लोगों से जमीन अधिग्रहण संबंधी आपत्तियों के बारे में जानकारी ली । इस बैठक मे जॉइंट एक्शन कमेटी बलटाना का प्रतिनिधित्व कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणा, हरजीत सिंह मिंटा पार्षद ज़ीरकपुर ने बलटाना के गणमान्य व्यक्तियों के साथ किया । इस मौक़े पर स्थानीय पार्षद हरजीत सिंह, चंडीगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महासचिव रामबीर भट्टी और उप महासचिव शशि शंकर तिवारी, अनिल दूबे और रायपुर कलाँ गाँव की समस्त पंचायत के पधादिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए प्रताप सिंह राणा ने चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष अपना रोष व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अप्रैल 2025 में पूरी हो जानी चाहिए थी लेकिन अब तक यह नहीं हो पाई । राणा ने अधिकारियों से आग्रह किया कि कृपया जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करें ताकि यहाँ रेलवे अंडर पास जल्द से जल्द बन सके। अधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर इस प्रक्रिया को पूरी करने का आश्वासन दिया है। गौर तलब है कि इस परियोजना को पूरा करवाने को लेकर कमेटी ने बहुत लंबा संघर्ष किया है। इस संघर्ष में भारतीय जनता पार्टी के उप महासचिव शशि शंकर तिवारी, पवन कुमार तिवारी और अन्य तीन लोगों के ऊपर पर्चा भी दर्ज हुआ है।

# चंडीगढ़ एयरपोर्ट से जल्द उड़ सकती हैं इंटरनेशनल फ्लाइट्स

## केंद्र सरकार को पार्किंग व लैंडिंग चार्ज माफ करने का प्रस्ताव भेजा

उदयपुर-अयोध्या-प्रयागराज के लिए मिलेंगी नई उड़ानें

प्वाइंट ऑफ कॉल पर जल्द फैसला संभव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** चंडीगढ़ में शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने वाली एयरलाइंस को अब बड़ी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट पर नाइट पार्किंग चार्ज, लैंडिंग चार्ज, कार्गो चार्ज माफ करने के साथ-साथ मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार में भी छूट दी जाएगी। चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने इस संबंध में कई नीतियां तैयार कर केंद्र सरकार के सिविल एविएशन मंत्रालय को भेज दी हैं। यह जानकारी चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ अजय वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन रियायतों से एयरलाइंस को हर महीने लगभग 1 से 1.5 करोड़ रुपए का फायदा होगा।

सीईओ अजय वर्मा ने कहा कि कोलकाता में हाल ही में हुई बैठक में प्वाइंट ऑफ कॉल का मुद्दा उठाया गया है। एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में भी हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ-साथ चंडीगढ़ के सांसद ने इस विषय को जोरदार तरीके से रखा था। सिविल एविएशन मंत्रालय अब इस पर विचार कर रहा है। मंत्रालय देश के 17 एयरपोर्ट को प्वाइंट ऑफ कॉल में शामिल करने की योजना बना रहा है। इसमें उन्हीं देशों के लिए उड़ानें शुरू करने का विचार है, जिनकी यात्रा 7 से 8 घंटे में पूरी हो सके।

### 3 नए शहरों के लिए उड़ानें तैयार

वर्मा ने बताया कि कई एयरलाइंस चंडीगढ़ से उदयपुर, अयोध्या और प्रयागराज के लिए नई फ्लाइट शुरू करने की तैयारी में हैं। हालांकि इस समय देश में लगभग 400 एयरक्राफ्ट की कमी है, लेकिन 2026 तक 200 नए हवाई जहाज एयरलाइंस कंपनियों को मिलने वाले हैं। इंडिगो और एयर इंडिया पहले ही नए जहाजों की बुकिंग कर चुके हैं।

# राजभवन में सुखमणि साहिब पाठ व शबद कीर्तन आयोजित

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने की लंगर सेवा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** पंजाब राजभवन स्थित गुरु नानक देव सभागार में आज एक भावपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सुखमणि साहिब का पाठ और शबद कीर्तन किया गया। यह आयोजन हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की 'चढ़दी कला के लिए समर्पित था। कार्यक्रम का आयोजन राजभवन कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेल संघ, पंजाब, चंडीगढ़ द्वारा गुरुद्वारा पातशाही दसवीं, सेक्टर 8, चंडीगढ़ के सहयोग से संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया स्वयं उपस्थित रहे और संगत के साथ प्रार्थना में शामिल हुए। उन्होंने संकट की घड़ी में सामूहिक अरदास और सेवा भाव को 'चढ़दी कलाकी भावना को मजबूती देने वाला बताया। राज्यपाल ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए किए जा रहे राहत कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल मानसिक संबल देते हैं, बल्कि लोगों को एकजुट भी करते हैं।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा साहिब, सेक्टर 8 से आए रागी जत्थे ने मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत किया, जबकि बाबा सुखा सिंह ने अरदास करते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों की भलाई के लिए ईश्वर से दुआ की। धार्मिक कार्यक्रम के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यपाल कटारिया ने स्वयं लंगर सेवा कर मिसाल पेश की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप सिंह, राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आयोजन में राजभवन कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेल संघ, पंजाब, चंडीगढ़ की अहम भूमिका रही। संघ के अध्यक्ष भीम सैन गर्ग, उपाध्यक्ष केहर सिंह और महासचिव कमलजीत सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया।

# चंडीगढ़ में बारिश के बाद खोले सुखना के फ्लड गेट

## कई जगहों पर सड़कों पर पानी भरा; शुक्रवार को तेज वर्षा का अलर्ट

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** चंडीगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली है। बुधवार को तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया, वहीं वीरवार की सुबह तेज बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। सुबह-सुबह हुई झमाझम बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। जिसके बाद सुखना लेक का जलस्तर खतरे के निशान से उपर पहुंच गया और उसी के चलते सुखना लेक के फ्लड गेट खोले गए। वहीं सुखना चौ जहां से छोड़ा पानी जाएगा उसके आस पास भी अलर्ट जारी कर दिया गया। लगातार गिरती बारिश की बूंदों ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन उमस ने अभी भी पीछा नहीं छोड़ा। सुबह करीब 11.45 बजे बारिश थम गई, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह कुछ इलाकों में हल्की से तेज बारिश देखने को मिलेगी। दोपहर तक मौसम आंशिक रूप से साफ रहेगा और बीच-बीच में धूप भी निकलेगी। हालांकि इस दौरान उमस काफी बढ़ जाएगी, जिससे लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### शनिवार निकलेगी धूप

शनिवार को सुबह हल्की धुंध और हल्की धूप के साथ दिन की शुरुआत होगी। दोपहर में धूप तेज हो जाएगी और उमस के कारण गर्मी ज्यादा महसूस होगी। शाम को धूप थोड़ी हल्की पड़ेगी, लेकिन उमस बरकरार रहेगी। रात को मौसम साफ रहेगा और दिन की तुलना में ठंडक थोड़ी अधिक महसूस होगी।

### दो दिन होता रहेगा मौसम में बदलाव

चंडीगढ़ में अगले दो दिनों तक मौसम में बदलाव का सिलसिला चलता रहेगा। कभी बारिश, कभी धूप और कभी उमस भरा मौसम लोगों को परेशान करेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस दौरान सुबह और शाम को तापमान में हल्की गिरावट आएगी, लेकिन दोपहर के समय धूप और उमस से राहत मिलना मुश्किल होगा।

इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम को फिर बड़ी कामयाबी

# वाहन चोरी मामले में मैकेनिक समेत दो काबू

आरोपियो के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटर, एक ई रिक्शा और चार ई रिक्शा बैटरियों भी बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 19 सितंबर।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना मनी माजरा पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए। वाहन चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियो की पहचान मौली जागरा निवासी अमनदीप उर्फ अमन और बलटाना जीरकपुर निवासी शरद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी अमन के खिलाफ तीन मामले दर्ज पाए गए हैं।पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटर,एक ई रिक्शा और चार ई रिक्शा बैटरियों भी बरामद की गई। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर मनिंदर सिंह की टीम को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए सूचना मिली थी कि एरिया से वाहन चोरी करने वाले आरोपी सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीमें तुरंत हरकत में आई और मामले की जाँच शुरू की, इलाके से सीसीटीवी फुटेज एकत्र की गई और उनका विश्लेषण किया गया। संदिग्धों के संभावित ठिकानों पर छापे मारे गए।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मनी माजरा निवासी भगत सिंह ने पुलिस को बताया कि 31 जुलाई 2025 को किसी अज्ञात ने घर के पास से उसकी एक्टिवा स्कूटर चोरी कर ली थी।पुलिस जांच के दौरान 17 सितंबर 2025 को आरोपी अमनदीप उर्फ अमन को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से चंडीगढ़ नंबर की चोरी की गई होंडा एक्टिवा बरामद की गई।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता चंडीमंदिर पंचकूला हरियाणा ने एक शिकायत दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि दिनांक 13 सितंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जनता रेहड़ी मार्केट, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के पास से नीलम डेक्सटर ई-रिक्शा चुरा लिया था। पुलिस जांच के दौरान 17 सितंबर को आरोपी शरद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से डेक्सटर ई-रिक्शा बरामद की गई। पुलिस की आगे की जांच के दौरान उसके कब्जे से चार ई-रिक्शा बैटरियां भी बरामद की गई,जो बैटरियों को बेचने की फिराक में था।पकड़े गए दोनो आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# 'गिफ्ट अ स्पोर्ट्स किट' अभियान की शुरुआत, वंचित बच्चों को मिलेगा खेलों में उड़ान का मौका

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत चंडीगढ़ प्रशासन ने एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है – 'गिफ्ट अ स्पोर्ट्स किट', जिसका उद्देश्य शहरवासियों को खेल-किट दान करने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के जरिए वंचित समुदायों के बच्चों और युवाओं तक खेल संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन की ओर से खेल विभाग ने विभिन्न खेल परिसरों में संग्रह केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग भी अपने-अपने संस्थानों में कलेक्शन सेंटर बना रहे हैं। सेवा पखवाड़ा की भावना को जीवंत करते हुए उन्होंने कहा कि यह दान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वीकार किया जाएगा। इस पहल के बारे में चंडीगढ़ के प्रशासक ने कहा, 'खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि अनुशासन और चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। यह अभियान नागरिकों को युवाओं के सपनों में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है।' मुख्य सचिव ने जनता से अपील करते हुए कहा, 'हम जब एक खेल किट दान करते हैं, तो वास्तव में बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य में निवेश करते हैं।' खेल सचिव ने इसे एक समुदाय आधारित प्रयास बताते हुए कहा, 'एक परिवार की छोटी सी भेंट किसी बच्चे के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।' खेल निदेशक के अनुसार, 'सभी स्कूलों, कॉलेजों और खेल परिसरों में कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं ताकि भागीदारी अधिक से अधिक हो सके।' चंडीगढ़ प्रशासन की यह पहल न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और अनुशासित जीवन शैली की ओर भी अग्रसर करेगी। सेवा पखवाड़ा के इस सकारात्मक प्रयास से यह उम्मीद की जा रही है कि शहर के नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और जरूरतमंद बच्चों के सपनों को पंख देंगे।

# 82 नव नियुक्त शिक्षकों को राज्यपाल ने सौंपे नियुक्ति पत्र, डेढ़ लाख विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में 82 नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यह कार्यक्रम सेक्टर-17 स्थित टैगोर थिएटर में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों के साथ उनके परिजन भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

राज्यपाल ने इस अवसर को न केवल शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के शिल्पकार होते हैं और उनके प्रयासों से ही राष्ट्र की नींव मजबूत होती है।

राज्यपाल कटारिया ने कहा, ÷शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, संस्कार, ज्ञान और राष्ट्रभक्ति के बीज बोता है। सरकारी नौकरी को लक्ष्य न मानते हुए, इसे समाज सेवा का माध्यम बनाएं।÷ उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक समय की पाबंदी, निष्ठा और ईमानदारी जैसे मूल्यों को आत्मसात करें, तो सरकारी स्कूलों के परिणाम निजी स्कूलों से कहीं बेहतर हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में शिक्षकों को कार्य करना चाहिए। ÷आज के विद्यार्थी ही 2047 के भारत के वैज्ञानिक, प्रशासक, खिलाड़ी और नेता बनेंगे। यदि आज उन्हें सही मार्गदर्शन मिला, तो भारत निश्चित रूप से एक सशक्त और विकसित राष्ट्र बनेगा,÷ उन्होंने कहा।

समारोह में यह भी जानकारी दी गई कि चंडीगढ़ शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्तमान में 111 विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिनमें लगभग 1.5 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन नए शिक्षकों की नियुक्ति से इन स्कूलों को नई ऊर्जा मिलेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से निरंतर आत्मविकास के पथ पर अग्रसर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण, शोध और नवाचार के माध्यम से ही शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है।

इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य सचिव राजीव वर्मा, शिक्षा सचिव श्रीमती प्रेरणा पुरी, निदेशक स्कूल शिक्षा हरसुहिंदर पाल सिंह ब्रार तथा निदेशक खेल सौरभ कुमार अरोड़ा प्रमुख रूप से शामिल थे।

राज्यपाल ने अंत में सभी नव नियुक्त शिक्षकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी की शुरुआत है।

उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने और समाज में उत्कृष्टता की मिसाल पेश करने की अपील की।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वार्ड नंबर 22 कॉर्डिनेटर का अभिनंदन किया



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** वीरवार को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाइंट सेक्रेटरी विक्टर सिद्ध के नेतृत्व में वार्ड नंबर 22 के कॉर्डिनेटर जतिंदर भाटिया और जिला प्रधान विपिनजोत सिंह का भी अभिनंदन किया।जतिंदर भाटिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 2026 में होने वाले नगर निगम चुनाव के बारे में मार्गदर्शन किया। और उन्हें अभी से ही तैयारी करने और हर कार्यकर्ता पूरी मेहनत करने के। लिए आग्रह किया।वार्ड नंबर 22 के कार्यकर्ताओं ने कुछ पब्लिकली प्रॉब्लम्स भाटिया से शेयर की और उन्होंने पूरा भरोसा/आश्वासन दिलाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान बलविंदर कौर, सुरजीत कुमार,सोनिया,सर्वजीत कौर, कविता,संतु के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# हमारे पार्क, हमारी ज़िम्मेदारी': नगर निगम आयुक्त ने सेक्टर 36 में समुदाय के साथ स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने आज सेक्टर 36 स्थित फ्रेगरेंस गार्डन में 'हमारे पार्क, हमारी ज़िम्मेदारी' थीम के तहत एक विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के साथ चल रहे 'स्वच्छता उत्सव' पखवाड़ा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो एक पखवाड़े तक चलने वाला स्वच्छता उत्सव है। इस अभियान का नेतृत्व नगर निगम आयुक्त, आईएएस अमित कुमार ने किया, जिनके साथ वरिष्ठ उप महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद जसबीर सिंह बंटी; मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा; स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रदीप कौर; बागवानी विभाग के विशेष निदेशक के.पी. सिंह और क्षेत्रीय निवासी कल्याण संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए। डॉन बॉस्को सोसाइटी से जुड़े स्कूली बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस अभियान में युवा ऊर्जा का संचार किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने हिबिस्कस और फ्रेगरेंस गार्डन में प्लॉगिंग गतिविधि-कूड़ा इकट्ठा करते हुए जॉगिंग - में भाग लिया। टीम ने पार्कों में लगे कूड़ेदानों की सफाई का भी कार्य किया, जिससे सार्वजनिक स्थानों के रखरखाव में साझा ज़िम्मेदारी के संदेश को बल मिला। एक प्रतीकात्मक संकेत के रूप में, सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता के मूल्यों को बनाए रखने और एक स्वच्छ एवं हरित चंडीगढ़ के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए, आयुक्त ने ऐसे अभियानों को निरंतर सफल बनाने में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'स्वच्छता केवल एक प्राधिकरण का काम नहीं है - यह एक सामूहिक कर्तव्य है। इस तरह के अभियानों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नागरिकों में अपने आसपास के वातावरण के प्रति स्वामित्व की भावना पैदा करना है।' उन्होंने कहा कि एमसीसी का 'हमारे पार्क, हमारी ज़िम्मेदारी' अभियान लगातार गति पकड़ रहा है, जो नागरिक ज़िम्मेदारी और पर्यावरणीय जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

# वार्ड की खराब पड़ी सड़कों के खिलाफ पार्षद रामचंदर यादव ने किया विरोध प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी के पार्षद रामचंदर यादव ने अपने वार्ड की टूटी सड़कों, जगह-जगह गड्ढों, बदहाल पार्कों और घरों में पानी टपकने की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यादव ने कहा कि 'मैं कई बार अधिकारियों और मेयर को बता चुका हूँ कि मेरे वार्ड 15 धानस की सड़कें पूरी तरह टूटी हुई हैं, पार्क जर्जर हालात में हैं और घरों में पानी टपक रहा है। इसके बावजूद प्रशासन ने आज तक इन समस्याओं को दूर करने के लिए एक भी पैसा जारी नहीं किया।'

नगर निगम हाउस की कार्यवाही के दौरान सभी आम आदमी पार्टी पार्षदों ने एकजुट होकर इन मुद्दों को उठाया, लेकिन मेयर ने चर्चा कराने के बजाय मार्शलों को बुलाकर सभी पार्षदों को हाउस से बाहर निकलवा दिया। इस कदम से जनता में आक्रोश फैल गया और लोगों ने मेयर का पुतला फूंका।

प्रशासन ने धानस के घरों में रहने वाले उन परिवारों को नोटिस जारी किए हैं जिन्होंने समय पर किराया या किस्तें जमा नहीं कीं। प्रशासन ने उन पर ब्याज लगाया है और चेतावनी दी है कि अगर भुगतान नहीं हुआ तो उनके घर ज़ब्त कर लिए जाएंगे।

आम आदमी पार्टी के प्रधान विजयपाल सिंह ने इस पर कहा कि 'प्रशासन का यह कदम पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। जिन लोगों ने किस्तें या किराया नहीं भरा है, उन पर भारी ब्याज लगाना और उनके घर ज़ब्त करने की धमकी देना गरीब परिवारों पर सीधा हमला है जो अभी तक करोना की मार से उभरे भी नहीं हैं। आम आदमी पार्टी उनके साथ खड़ी है और किसी भी हाल में यह कार्रवाई नहीं होने देगी।'

आम आदमी पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ओंमकार सिंह औलाख ने कहा कि 'पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर पूरी मजबूती से संघर्ष करेगी। जब तक हर गली और वार्ड की सड़कें दुरुस्त नहीं हो जातीं और लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलता, हमारा विरोध जारी रहेगा।'

वार्ड 15, धानस के पदाधिकारी, आप अनुशासन समिति के सदस्य एडवोकेट खुर्चा, स्थानीय प्रधान और बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और प्रशासन की नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज़ उठाई।

सम्पादकीय

# पराली जलाने पर सख्ती जरूरी, सुप्रीम अदालत का संदेश साफ

यह उचित ही है, जब धान की फसल की कटाई आरंभ होने को है, और पराली जलाने की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई शुरू कर दी है। तुलनात्मक रूप से देखें तो आजकल दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का जो स्तर है, वह अगले तीन महीनों में भयंकर रूप से बढ़ने वाला है और इसमें प्रमुख भूमिका पराली की रहेगी, जोकि पंजाब-हरियाणा में हर वर्ष जलाई जाती है। बेशक, बीते वर्षों में अदालत की सख्ती की वजह से इसमें कमी आई है और राज्य सरकारों ने भी अपने तौर पर तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन फिर भी अदालत इस मामले में हर संभव समाधान की कोशिश कर रही है और यह आवश्यक भी है। अभी सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से जवाब तलब करते हुए पूछा है कि पराली जलाने वाले किसानों की गिरफ्तारी क्यों नहीं की जाती। निश्चित रूप से राज्य सरकार के लिए यह मुश्किल भरा प्रश्न है, क्योंकि किसानों की गिरफ्तारी राजनीतिक मुद्दा बन जाता है और कोई भी सरकार ऐसा नहीं चाहेगी कि उसे बुराई मिले। बेशक, पंजाब सरकार ने पहले की तुलना में सख्त कार्रवाई की है, लेकिन इसके बावजूद अदालत अगर यह बात कह रही है कि उसे किसानों की मजबूरी समझनी होगी वहीं पर्यावरण की रक्षा भी करनी होगी, ऐसा तथ्य है जोकि आज प्रत्येक राज्य सरकार पर लागू हो रहा है।

**राज्य सरकार ने पहले दिन से ही जिस प्रकार लोक कल्याणकारी निर्णय लेने शुरू किए हैं, उनका सिलसिला लगातार जारी है। सरकार ने शपथ लेने के तुरंत बाद जिस प्रकार युवाओं को नौकरियों का उपहार दिया था, उसके बाद अब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को आवास, बेटे-बेटी की शादी एवं अन्य जरूरतों के लिए ऋण लेने की योजनाओं को लागू किया है। इसके अलावा सरकार ने दान की जमीन पर बीते 20 साल से काबिज दोहलीदार, बुटीमार, भोंडेदार, मुकररीदार को मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के अनुसार 2.34 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए हैं। सरकार की ओर से अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में 103 श्रेणियों में भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं।**

राज्य सरकारों के समक्ष किसानों के हितों की परवाह करने की भी जिम्मेदारी है और पर्यावरण को बचाने की भी। पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं राष्ट्रीय मुद्दा बन जाता है, और सुप्रीम अदालत में इसको लेकर सुनवाई होती है। ऐसे में राज्य सरकार के लिए यह बेहद संजीदगी का विषय है। बेशक, यह पंजाब के किसानों के लिए भी सचेत होने का समय है, क्योंकि राज्य सरकार पराली के निस्तारण के लिए तमाम उपकरण सब्सिडी पर उपलब्ध करवा रही है, बहुत कम किसान यह सब्सिडी लेते हैं। बाकी सभी अपने खेतों में पराली को जलाकर काम की इतिश्री समझ लेते हैं।

यह आवश्यक है कि पराली की समस्या का स्थायी समाधान हो। हरियाणा ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं। राज्य में किसानों पर सख्ती भी बरती गई है, उनके खिलाफ केस दर्ज हुए हैं, गिरफ्तारी भी हुई हैं। इसके अलावा राज्य सरकार धान की बजाय दूसरी फसल उगाने पर प्राथमिकता दे रही है। सरकार ने किसानों से पराली खरीदना शुरू किया है। इसके तहत इस बार 24 लाख टन से ज्यादा पराली खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में पराली की खरीद 1200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा रही है। इन सभी प्रयासों से प्रदेश में अगर पराली जलाने से किसानों ने परहेज करना शुरू कर दिया है तो यह पंजाब के किसानों के लिए भी प्रेरक होना चाहिए। निश्चित रूप से पर्यावरण हम में से प्रत्येक का है और उसकी संभाल प्रत्येक की जिम्मेदारी है। प्रकृति इस समय इंसान से बेहद नाराज है और उसके इस क्रोध को भांप कर हमें प्रकृति से सामंजस्य कायम करना होगा।

अगर पंजाब की बात करें तो पराली जलाने के मामले बढ़ना चिंताजनक है, यह सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद हो रहा है कि किसान इस बात को समझ नहीं पा रहे। राज्य में इस बार बाढ़ से हालात खराब हुए हैं और ऐसे में धान की फसल बर्बाद हुई है, हालांकि जिन इलाकों में फसल है, वहां कटाई आरंभ होने वाली है। इसके बाद अगली फसल के लिए जमीन तैयार करने की गतिविधियां आरंभ होंगी। एनजीटी में सुनवाई के दौरान एक बार कहा गया था कि किसान खुद पराली जलाना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें इसका विकल्प नजर नहीं आता। यह सच है कि सभी किसान पराली जलाने में शामिल नहीं होते, लेकिन यह भी सच है कि ज्यादातर के पास इसका कोई समुचित उपाय नहीं है कि पराली का प्रबंधन किस प्रकार किया जाए। वे उसे न अपने घर ले जा सकते हैं और न ही उसे बेचने आदि का प्रावधान है, तब उसके निपटान का एकमात्र उपाय यही बचता है कि खेत में उसे आग लगा दी जाए। इन सब बातों के बावजूद पंजाब सरकार का दावा है कि उसने पराली जलाने पर जुर्माना बढ़ा दिया है, वहीं किसानों को 4300 से ज्यादा पराली प्रबंधन की मशीनें बांटी हैं। जाहिर है, पंजाब सरकार के प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं है, लेकिन यह मामला बेहद संजीदगी का है। इसमें सिर्फ सरकार नहीं किसानों की भी रचनात्मक भागीदारी जरूरी है। सरकार सिर्फ सख्ती से किसानों को नहीं रोक सकती, अगर किसान अपनी जिम्मेदारी समझेंगे तो यह सभी के हित में होगा।

# मोदी सरकार : नारी शक्ति का उदयकाल

भारत की आधी आबादी, जिसे लंबे समय तक घर की चौखट और सामाजिक परंपराओं में सीमित माना जाता था, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। बीते दशक में तस्वीर पूरी तरह बदली है–ऐसे कानून बने जिन्होंने महिलाओं को बराबरी और गरिमा का अधिकार दिया, और ऐसी योजनाएं आई जिन्होंने मातृत्व को सुरक्षित कर बेटियों के सपनों को पंख दिए। यही वजह है कि आज नारी शक्ति केवल वोट नहीं, अब राष्ट्र की आवाज़ है । इसी यात्रा में 2023 का 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' स्त्री प्रतिनिधित्व को नई ऊँचाई देने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया है। इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा में स्त्री शक्ति को प्रतिष्ठित करने का है।

मोदी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए 'मिशन शक्ति' की शुरुआत की। इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, 24×7 महिला हेल्पलाइन और डिजिटल शिकायत पोर्टल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। हिंसा झेलने वाली महिलाएं अब कानूनी, चिकित्सीय और मानसिक सहयोग एक ही स्थान पर पा रही हैं, और यह भरोसा जगा है कि उनकी आवाज़ अब अनसुनी नहीं होगी। मुस्लिम महिलाओं को अन्यायपूर्ण परंपरा से मुक्त करने वाला 'तीन तलाक' विरोधी कानून इसी दिशा में एक बड़ा परिवर्तन साबित हुआ। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए 'मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017' के अंतर्गत अवकाश 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया तथा बड़े संस्थानों में शिशु गृह (क्रेच) की सुविधा अनिवार्य की गई। इन पहलों ने महिलाओं को सुरक्षा और गरिमा के साथ कार्यक्षेत्र में सक्रिय योगदान का अवसर प्रदान किया।

मोदी सरकार की नीतियों में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' नारी सशक्तिकरण का मर्मस्थ स्रोत रहा है, और हाल के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। 2014-15 में जहाँ 1000 लड़कों पर 918 लड़कियां थीं, 2023-24 में यह अनुपात बढ़कर 930 हुआ और माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों की नामांकन दर 75.51 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत पहुंची। मार्च 2022 में 'कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव' से 1,00,786 बच्चियां स्कूल लौटीं। 2014-16 में मातृ मृत्यु दर 130 से घटकर 2018-20 में 97 रह गई और संस्थागत प्रसव 87 प्रतिशत से बढ़कर 94 प्रतिशत से अधिक हुआ–यह दर्शाता है कि सुरक्षित मातृत्व ही विकसित भारत की सच्ची पहचान है। राज्यों के अनुभव इस प्रगति को और भी सजीव बना देते हैं। उत्तर प्रदेश में गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की दर 51 प्रतिशत से घटकर 45.9 प्रतिशत रह गई और गंभीर एनीमिया 2.1त्न से घटकर 1.7 प्रतिशत पर आ गया–यह आंकड़े मातृ स्वास्थ्य सुधार की गवाही देते हैं। इसी कड़ी में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10.33 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए, जिनमें से 8.34 करोड़ परिवार सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जिससे माताओं और बच्चों को धुएं से मुक्ति मिली। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने करोड़ों शौचालयों ने ग्रामीण महिलाओं को खुले में शौच की विवशता से उबारकर उनकी गरिमा और स्वास्थ्य दोनों को संबल दिया। यह सब मिलकर नारी जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की नई कहानी लिख रहे हैं।



आर्थिक स्वतंत्रता भी अब महिलाओं की शक्ति का दूसरा नाम बन चुकी है। मोदी सरकार के प्रयासों से 'स्टैंड अप इंडिया' और 'मुद्रा योजना' ने लाखों महिला उद्यमियों को कारोबार के लिए वित्तीय सहारा दिया, जबकि 'लाखपति दीदी' और 'ड्रोन दीदी' योजना ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक और स्वरोज़गार से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी भारत की नई पहचान बना दिया है। मुद्रा योजना में महिलाओं की हिस्सेदारी 68 प्रतिशत है और 2016 से 2025 के बीच प्रति महिला औसत ऋण 62,679 तक पहुंचा। स्टैंड-अप इंडिया में 80 प्रतिशत से अधिक ऋण महिलाओं को मिले। उत्तर प्रदेश में मनरेगा में उनकी भागीदारी 35 प्रतिशत से बढ़कर 45.05 प्रतिशत और श्रम-बल में 14 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हुई। वाराणसी की 1.38 लाख ग्रामीण महिलाएँ स्व-सहायता समूहों से आत्मनिर्भर बनीं, जिनमें कई ड्रोन पायलटिंग, कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। यह दर्शाता है कि महिलाएँ अब केवल योजनाओं की भागीदार नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की सशक्त धुरी बन रही हैं।

डिजिटल इंडिया ने महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। शहरी भारत की महिलाएं स्मार्टफोन और इंटरनेट के सहारे बैंकिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान को सहज बना रही हैं, तो ग्रामीण भारत की 76 प्रतिशत महिलाएं मोबाइल का उपयोग कर रही हैं और आधी से अधिक अपने निजी फोन की स्वामिनी बन चुकी हैं। यही तकनीकी पहुंच उन्हें डिजिटल विपणन, पैकेजिंग और ई-कॉमर्स से जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर कर रही है। साथ ही, महिला हेल्पलाइन 181, एनसीडब्ल्यू 24×7 और पावर लाइन-1090 सुरक्षा और न्याय की त्वरित पहुंच देकर उनके आत्मविश्वास को और गहरा कर रही हैं। मोदी सरकार का यह डिजिटल सशक्तिकरण महिलाओं को समय और दूरी की सीमाओं से आज़ाद कर अवसरों की नई दुनिया थमा रहा है और उन्हें नवोन्मेषी बना रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में महिलाओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा की अग्रिम पंक्ति में नया इतिहास रचा। अग्निपथ योजना के तहत 153 महिला अग्निवीरों ने बेलगावी से प्रशिक्षण पूरा किया और नौसेना ने लगभग 20 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए खोले। जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सात महिला बीएसएफ कर्मियों ने 72 घंटे तक मोर्चा सँभालकर साहस का अद्वितीय उदाहरण पेश किया। प्रधानमंत्री ने इस अभियान को हर माँ और बहन को समर्पित किया। साथ ही सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' एक सांस्कृतिक प्रतीक बना–जहाँ राष्ट्र रक्षा के साथ महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा का संदेश भी प्रतिध्वनित हुआ। सचमुच, अग्निवीर बेटियाँ अब सीमाओं पर देश की ढाल हैं और 'सिंदूर' वीरता का प्रतीक है।

बेशक चुनौतियां अब भी हैं और सामाजिक पूर्वाग्रह भी कायम हैं, पर अब नींव इतनी मजबूत है कि बदलाव अटल है। मोदी युग में महिलाओं की आवाज़ अब निर्णय और दिशा गढ़ती है; नारी केवल लाभार्थी नहीं, परिवर्तन की शिल्पकार और राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी है। यदि यही रफ्तार कायम रही, तो 2047 का विकसित भारत सचमुच नारी-निर्मित भारत होगा–जहाँ हर क्षेत्र में स्त्री शक्ति समानता, समृद्धि और नई संभावनाओं की मिसाल बनेगी।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### घायल युवक सोमनाथ ने शेरदिली से हथियार बंद खाड़कुओं को खदेड़ दिया

चंडीगढ़। पंजाब के जिला अमृतसर के एक गांव में युवक सोमनाथ ने अपरिमित साहस का परिचय देते हुए घायल होने पर भी दो सशस्त्र खाड़कुओं को हथियार छोड़ भागने पर मजबूर कर दिया। यहां प्राप्त समाचारों से पता चला कि सोमनाथ को मारने आए दो हथियार बंद व्यक्तियों ने उसे उस वक्त घायल कर दिया जब दोनों में से एक खाड़कू की एसएलआर सोमनाथ ने छीन ली। अपने को कमजोर पड़ते देख दोनों खाड़कू तब घटना स्थल पर अपने हथियार छोड़ फरार हो गए। इसके अलावा तरनतारन पुलिस जिला में एक खुंखार खाड़कू व उसका एक साथी मारा गया। मुठभेड़ के स्थान से पुलिस ने 2 एके 47 राइफल व गोली सिक्का बरामद किया है। बरनाला पुलिस जिला में तीन खाड़कू व खन्ना पुलिस जिला में एक खाड़कू सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारा गया। संगरूर व रोपड़ जिलो में खाड़कुओं ने एक-एक व्यक्ति की हत्या कर दी।

### पुलिस के लिए सिरदर्दी बना हुआ है हर्षद मेहता

मुम्बई। मुम्बई पुलिस हर्षद मेहता की जिम्मेदारी से छुटकारा पाना चाहती है। वह मेहता को मुम्बई से बाहर किसी जेल में स्थानांतरित करने के लिए सरकार पर दबाव डाल रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार मुम्बई के पुलिस आयुक्त ने राज्य के गृह सचिव से अनुरोध किया कि वे अदालत से कहें कि मेहता को मुम्बई से बाहर ले जाने की अनुमति दी जाए। हर दूसरे दिन गैंगवार या आतंकवादियों की गतिविधियों से परेशान रहने वाली मुम्बई पुलिस मेहता की अनावश्यक बोझ के रूप देख रही है। हर्षद को पिछले चार जून को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था। तब से वह मुम्बई पुलिस की सुरक्षा में है। मेहता को फिलहाल जेल में रखा गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भायखला को निहायत ही असुरक्षित बताया जाता है। उसकी रचना ऐसी है कि कोई भी लंबी छलांग लगाकर जेल की दीवार पार कर सकता है।।

### किरायेदारों के संगठन की विशेष बैठकें होंगी

चंडीगढ़। सेक्टर 37, 38 के किरायेदार कल्याण संगठन के प्रचार सचिव अहलावत के मुताबिक संगठन की गत महीनों आयोजित मासिक बैठकें सफल रही है। अब संगठन विशेष बैठकें आयोजित करेगा। संगठन का काम किरायेदार व मकान मालिक के बीच उत्पन्न होने वाले तनाव को कम कर समस्या का कोई न कोई निदान निकालना है। उनके अनुसार 27 सितंबर को सेक्टर 37डी में सुबह के वक्त संगठन एक विशेष बैठक आयोजित करेगा जिसमें पुराने न नये संगठन सदस्य हिस्सा लेंगे।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1891- विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक 'मर्चेंट ऑफ वेनिस' का मैनचेस्टर में पहली बार मंचन किया गया।
1893- स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
1955- अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह कर राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
1957- अमेरिका ने नेवादा के रेगिस्तान में पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1962- भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण।
1965- भारतीय राजनीतिज्ञ और गुजरात के दूसरे मुख्यमंत्री बलवंतराय मेहता का निधन।
1965- अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला सुनीता विलियम्स का जन्म।
1979- भारतीय तीरंदाज़ सत्यदेव प्रसाद का जन्म।
1982- स्कॉट फाहमैन ऑनलाइन संदेश का इस्तेमाल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
1983- ब्रिटिश उपनिवेश कैरीबियन द्वीप, सेंट किट्स एवं नेविस स्वतंत्र।
1988- इजरायल ने परीक्षण उपग्रह होरिजोन-आई का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
1996- एलिजा इजेत्बेगोविक युद्धोत्तरकालीन बोस्निया के प्रथम राष्ट्रपति बने।
2000- कर्णम मल्लेश्वरी ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
2002- इजरायल के सैनिकों ने पश्चिमी किनारे पर फिलिस्तीन नेता यासिर अराफ़ात की घेराबंदी की।
2006- सरकार का तख्ता पलटने के बीच थाइलैंड में इमरजेंसी लागू। भारत ने आई.एम.एफ़. से सहयोग का वायदा किया।
2007- साइबर वॉर की संभावना को देखते हुए अमेरिकी एयरफ़ोर्स ने अस्थायी कमांड का गठन किया।
2008- सर्वोच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए शुरू किए गये सलवा जुडूम के कार्यकर्ताओं की गतिविधियों को बंद करने का निर्देश दिया।
2008- दिल्ली के बटला हाउस में पुलिस के साथ आतंकवादियों की मुठभेड़। पुलिस निरीक्षक मोहनचंद शर्मा शहीद, दो आतंकी ढेर।
2009- गुजरात के गोधरा काण्ड के बाद भड़के दंगे की मामले की जाँच कर रहे नानावती आयोग ने राज्य में मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा छह अन्य लोगों को तलब करने की मांग वाली याचिका का निबटारा किया।
2013- चर्चित लेखिका सुमित्रानंदन पंत की मानस पुत्री सरस्वती प्रसाद का निधन।
2014- एप्पल आईफोन 6 की बिक्री शुरु हुई।

## बोल ब्यूटीफुल

**मिन्हाज मर्चेंट:** सीपीआई-माओवादी



द्वारा आत्मसमर्पण का दाव एक प्रपंच है। अपने काडर की राय लेने के बहाने वे सरकार से यही चाहते है कि उनके खिलाफ चल रहे अभियान पर विराम लगा दिया जाए। इस मौके का फायदा वे खुद को नए सिरे से मजबूत बनाने पर करेंगे, जो हाल में तमाम माओवादियों को गंवा चुके है। बेहतर यही होगा कि सरकार अधूरा काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित रखे।

**प्रभाकर मिश्रा:** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने एक मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से ही कह दिया कि आप भक्त है तो भगवान विष्णु से जाकर ही कहिए कि वहीं कुछ करें। वे चाहते तो ऐसी कोई टिप्पणी किए बिना भी इस याचिका को खारिज कर सकते थे। इसमें हिन्दू-मुस्लिम विवाद का प्रश्न ही नहीं था।

**रजत शर्मा:** आपका हुनर आपको अपने क्षेत्र में बुलंदी तक तो पहुंचा सकता है, पर आप वहां कितनी देर तक टिक पाएंगे यह आपके व्यवहार पर निर्भर करता है।

**अमिताभ अग्निहोत्री:** विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआईए के दो बड़े मुद्दे थे। एक-धनखड़ सामने आएं और दूसरा-मोदी मणिपुर जाएं। इस पितृ पक्ष में दोनों ही मुद्दे खत्म हो गए।

# पंजाब बाढ़: 3.5 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित,1200 गांव जलमग्न हो गए- जिम्मेदार कौन

## खेत मिट्टी और कीचड़ से भरे हुए, सड़ी हुई फसलों और पशुधन की बदबू पंजाब की हवा में लेकिन, सुने कौन

रिकॉर्ड मानसून की बारिश के बाद जिसने भारत का ब्रेडबास्केट कहे जाने वाले पंजाब को तबाह कर दिया है। मुख्यमंत्री राजनीतिक बयानों में व्यस्त हैं।


पंजाब हाल के वर्षों में अपने सबसे बुरे बाढ़ संकटों में से गुजर रहा है, राष्ट्रीय मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब ने अगस्त में औसत



दर की तुलना में लगभग दो-तिहाई की बारिश में वृद्धि देखी, जिसमें कई लोग मारे गए और 400,000 से अधिक प्रभावित हुए। जलमग्न पंजाब में 12 जिलों में लगभग 1225 गांव और 1.9 लाख एकड़ कृषि भूमि शामिल है। किसानों की तैयार फसलें बाढ़ का शिकार हो गई, लाखों लोग पलायन कर रहे हैं लेकिन सरकार अपनी उच्च स्तर की बैठकों में व्यस्त है। आपदा से पहले जिन विषयों पर चर्चा की जानी चाहिए थी, आपातकालीन बैठकों में चर्चा की जा रही है पंजाब के मुख्यमंत्री ने राहत के लिए केंद्र सरकार से 60,000 करोड़ रुपये का फंड जारी करने के बारे में बात की, लेकिन केंद्र से आये हुए 12000 के फंड को लेकर अभी भी राजनीति गरमाई हुई है जबकि सच्चाई यह है कि पंजाब सरकार अपने स्तर पर इस स्थिति के लिए तैयार नहीं थी।

सरकार ने राहत सामग्री भेजी जो एक व्यक्ति के लिए भी पर्याप्त नहीं थी। सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए खाद्य सामान और राहत सामग्री भेजी उससे कहीं ज्यादा के लोगों ने अपने स्तर पर ही जुटा लिया। भारतीय सुरक्षा बल के जवान पंजाब की सेवा में दिन रात एक किये हुए हैं ।

पंजाब की सभी नदियों के बढ़ते जल स्तर पर, भगवंत मान ने राजस्थान को निशाना बनाया कि राजस्थान ने पानी नहीं लिया, जिसके कारण जल स्तर बढ़ गया। जबकि एक तरफ पंजाब आपदा का सामना करने के बाद भी ठीक होने की कोशिश कर रहा है, दूसरी ओर मुख्यमंत्री राजनीतिक बयानों में व्यस्त हैं ।वर्तमान में, लगभग 3.75 लाख एकड़ खेत, मुख्य रूप से धान के खेत, बाढ़ के पानी के नीचे डूबे हुए हैं।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के लिए लगभग 180 मिलियन डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा की है।

पंजाब भारत के खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम में चावल और गेहूं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जो 800 मिलियन से अधिक लोगों को सब्सिडी वाले अनाज प्रदान करता है।

देश के इतिहास में युद्ध से लेकर जनसेवा तक पंजाब ने हमेशा अतुलनीय योगदान दिया है ढ्ढ ऐसा लगता है बाढ़ की इस परिस्थिति में जैसे भगवान पंजाब की परीक्षा ले रहे हैं लेकिन इस परीक्षा में हमेशा की तरह पंजाब ने साहस और भाईचारे के दमखम से जीता है, लेकिन आप सरकार खो गई। अपनी खुद की इस स्थिति को संभालते, पंजाबी समाज ने साबित कर दिया है कि वे आत्मनिर्भर हैं और भागवंत मान के आने और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए इंतजार नहीं करेंगे।

**-दिनेश दिक्षित**
**लेखक एवं राजनीतिक विश्लेषक**

# महिलाओं द्वारा मंचित होगी अनोखी रामलीला 22 सितम्बर से पंचकूला में होगा शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

चंडीगढ़। महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए स्वयंसेवी संस्था 'जड़ों से जुड़ो 22 सितम्बर से पंचकूला के इंद्रधनुष इंडोर स्टेडियम में केवल महिलाओं द्वारा मंचित रामलीला का आयोजन करने जा रही है। इस रामलीला में लगभग 80 महिलाएं भाग लेंगी, जिनकी आयु 6 माह से लेकर 85 वर्ष तक है। श्रीराम और रावण पक्ष के सभी किरदार महिलाएं ही निभाएंगी। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में *जगद्गुरु कुमार स्वामी जी* ने कहा कि नारी ही धर्म और समाज की मूल शक्ति है। महिलाओं द्वारा रामलीला का मंचन अपने आप में महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से प्रेरणा लेकर इस आयोजन को बड़े स्तर पर किया जा रहा है। आयोजन की संस्थापक 'एकता नागपाल' ने बताया कि इस बार डिजिटल लाइट और साउंड तकनीक का प्रयोग किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों से जुड़ सके। अध्यक्ष 'अरुण सूद' ने कहा कि रामलीला का सीधा प्रसारण राष्ट्रीय व स्थानीय चैनलों और ओटीटी प्लेटफार्म पर होगा।



फोटो: अजय चौधरी

रामलीला का शुभारंभ 'महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी' दीप प्रज्वलन से करेंगे। दस दिन तक चलने वाले इस मंचन में जगद्गुरु कुमार स्वामी, आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद, अग्निहोत्री ब्रह्मचारी सहित कई संत और प्रबुद्धजन शामिल होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री 'नायब सिंह सैनी', राज्यपाल, महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष 'विजय किशोर राहटकर', सांसद 'अनुराग ठाकुर' और अन्य गणमान्य अतिथि भी शिरकत करेंगे। संयोजक 'परवीन सरदाना' ने बताया कि उद्घाटन की पवित्र ज्योति अमृतसर स्थित 'महर्षि वाल्मीकि आश्रम' से लाई जाएगी। आयोजन समिति का उद्देश्य है कि मातृशक्ति के माध्यम से समाज को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ा जाए और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दी जा सके।

धर्मपुर में जल शक्ति विभाग की 70 योजनाएं बुरी तरह प्रभावित, कुल्लू 1,000 लोग अभी भी खतरे की जद में, लाहौल स्पीति में लोगों को मिली राहत

# धर्मपुर क्षेत्र में आपदा प्रभावित योजनाओं की बहाली युद्धस्तर पर : मुकेश अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** आपदाग्रस्त धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की कुल 70 योजनाएं बुरी तरह प्रभावित हुई थीं जिनकी बहाली युद्धस्तर पर जारी हैं। कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विभाग के कर्मचारियों के अथक प्रयासों से अब तक 48 योजनाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गई हैं।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि शेष योजनाओं भी शीघ्र बहाल कर दी जाएंगी ताकि लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने आपदा की विभीषिका में भी लगातार कार्य कर रहे विभागीय कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि धर्मपुर क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार हर स्तर पर सक्रिय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही सभी योजनाएं पूर्ण रूप से कार्यशील कर दी जाएंगी।



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र मरम्मत कार्य में जुटे कर्मचारी।

## जीएसआई टीम ने कुल्लू शहर के इनर अखाडा बाजार में भूस्खलन का किया आकलन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

कुल्लू 18 सितंबर। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की एक टीम ने आज कुल्लू शहर के इनर अखाड़ा बाजार इलाके में प्रारंभिक आपदा-पश्चात आकलन शुरू किया। यह वही जगह है जहां दो भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। यह त्रासदी 2 सितंबर की रात और 4 सितंबर की सुबह को हुई, जिससे भारी नुकसान और मकानों को क्षति पहुंची। स्थानीय निवासियों के गंभीर आरोपों के बीच यह वैज्ञानिक आकलन किया जा रहा है। लगभग 250 घरों में रहने वाले करीब 1,000 लोग खतरे की जद में हैं। निवासियों के एक समूह ने कुल्लू के उपायुक्त से मुलाकात की और आपदा के लिए सीधे तौर पर मानवीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि खराब जल निकासी और सीवेज व्यवस्था, साथ ही उनके इलाके के ऊपर मठ क्षेत्र में बिना किसी नियम के अंधाधुंध निर्माण से इस तरह के भूगर्भीय खतरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता काफी बढ़ गई है। कुल्लू में यह घटना कोई



## लाहौल-स्पीति में अधिकांश सड़कें बहाल

केलांग (कुल्लू )18 सितंबर। उपायुक्त लाहौल-स्पीति, किरण भ?ाना ने आज बताया कि जिले में अधिकांश स?कें अब यातायात के लिए खोल दी गई हैं, जिससे क्षेत्र के किसानों को राहत मिली है। इन सड़कों के खुलने से लाहौल-स्पीति के किसान अपनी ता?ी सब्जियां कुल्लू और हिमाचल प्रदेश तथा देश के अन्य बाजारों तक आसानी से पहुँचा पा रहे हैं। हाल ही में कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का खंडन करते हुए उपायुक्त किरण भ?ाना ने स्पष्ट किया कि लाहौल की फूलगोभी को हवाई मार्ग से दिल्ली ले जाकर शिमला में महंगे दामों पर बेचने की खबरें निराधार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है कि फूलगोभी को हवाई मार्ग से दिल्ली ले जाया जाए और फिर उसे वापस शिमला लाकर बेचा जाए, क्योंकि हवाई भा?ा काफी अधिक होता है । इसके



अतिरिक्त लाहौल से दिल्ली और दिल्ली से शिमला वापस लाना भी व्यावहारिक नहीं है क्यूंकि इतने समय में फूल गोभी या कोई ही सब्जी खराब हो जाएगी । इस प्रकार की खबरें किसानों और आम जनता को गुमराह कर सकती हैं। उपायुक्त ने बताया कि हवाई मार्ग का उपयोग केवल ब्रोकली, अन्य विदेशी सब्जियां (एग्जोटिक वेजिटेबल्स) और लिली के फूलों को दिल्ली भेजने के लिए किया गया था। यह कदम किसानों को उनकी उच्च मूल्य वाली उपज को समय पर बाजारों तक पहुंचाने और खराब होने से बचाने में मदद करने के लिए उठाया गया था, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब स?कें बंद थी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की रक्षा और उनकी उपज को उचित बाजार मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बलागाड़ में विधायक शौरी ने दिया हर संभव सहायता का भरोसा

**बंजार (कुल्लू)।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्राम पंचायत बलागाड़ का दौरा कर आपदा प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी पीड़ा साझा की। विधायक ने शिल्ह, चलाहन, भूमार, ब्लॉन, झलाफड़ तथा बला गांवों का दौरा कर प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उन्हें हर संभव राहत व सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया। विधायक शौरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज़ी से किए जाएँ और ग्रामीणों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बलागाड़ में लगभग 25 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि इतने ही घर आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। विधायक ने कहा कि पूरे क्षेत्र में सड़क संपर्क बाधित हो गया है।



# हिमाचल के सरकारी विभागों में दौड़ रहे ब्लैकलिस्टेड वाहन

नियमों की अनदेखी, विभागीय चुप्पी पर उठे सवाल

बिना टैक्स प्रोडक्शन के वाहन कई विभागों में सक्रिय

EXCLUSIVE

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना में सरकारी विभागों में नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए ब्लैकलिस्टेड कमर्शियल वाहन को धड़ल्ले से चलाया जा रहा हैं। संतोखगड़ के निवासी आर शर्मा को आर टी आई से मिली जानकारी के अनुसार आदित्य ट्रेवल्स, वरुण शर्मा, किशोरी लाल शर्मा के वाहनों को विभागीय कार्यों में उपयोग हो रहा हैं, जबकि इनमें से कई वाहन परिवहन विभाग की सूची में ब्लैकलिस्टेड दर्ज हैं। इनमें वाणिज्यिक वाहन फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस और प्रदूषण के बिना धड़ल्ले से चल रहे हैं।

**नियमों की खुली धज्जियाँ :** सरकारी गाइड लाइनों के अनुसार ब्लैकलिस्टेड वाहन किसी भी विभागीय कार्य में इस्तेमाल नहीं किए जा सकते। इसके बावजूद ये वाहनों को न केवल लगातार चल रहे हैं बल्कि विभागीय अधिकारियों की आँखों के सामने बिना किसी रोक-टोक के उपयोग भी हो रहा हैं। यह सीधा-सीधा सरकारी नियमों और पारदर्शिता की धज्जियाँ उड़ाने जैसा है।

**जनता का आक्रोश :** स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले पर कड़ा विरोध जताया है। उनका कहना है कि टैक्स दाताओं के पैसों से चलने वाले सरकारी विभाग अगर ब्लैकलिस्टेड वाहनों का उपयोग करेंगे, तो यह भ्रष्टाचार और मिलीभगत का साफ संकेत है।

### कागजों में अनफिट, सड़कों में फिट

- आधे से ज़्यादा वाहन ब्लैकलिस्टेड होने के बावजूद दौड़ रहे हैं
- परिवहन विभाग और अधिकारियों की चुप्पी संदिग्ध
- जनता ने उच्च स्तरीय जांच और सख़्त कार्रवाई की मांग की
- ऐसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा कौन दे रहा हैं?
- ऐसे ट्रैवल ठेकेदारों को कैसे मिलता है टैंडर, जांच का विषय है
- जब अधिकारी ही जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तो सरकार के खजाने में पैसा कैसे आएगा?

### विभागीय चुप्पी पर सवाल

परिवहन विभाग मुख्यालय शिमला और ऊना के संबंधित अधिकारियों ने इस मामले पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। चुप्पी ने ही संदेह और गहरा कर दिया है कि कहीं इस मामले में ऊँचे स्तर पर मिलीभगत तो नहीं है। जब इस मैटर के संबंध में निदेशालय परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश नीरज कुमार से मोबाइल पर पक्ष रखने को तीन दिन से मोबाइल दूरभ 9418094100 पर कॉलिंग की गई और व्हाट्सएप्प पर भी किया गया तो इन अधिकारियों ने मोबाइल पर जवाब देना उचित नहीं समझा।

# पर्यटन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को मंजूरी

होम-स्टे की स्थापना के लिए तीन से पांच प्रतिशत ब्याज पर सब्सिडी का प्रावधान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से आतिथ्य क्षेत्र में मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत नई पर्यटन इकाइयां स्थापित करने और मौजूदा होम-स्टे इकाइयों का विस्तार और स्तरोन्नत करने के लिए ऋण पर वित्तीय राहत दी जाएगी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि योजना के अंतर्गत ऋण पर शहरी क्षेत्रों में तीन प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों में चार प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में पांच प्रतिशत तक ब्याज उपदान (सब्सिडी) मिलेगी। यह सुविधा अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के लिए और दो करोड़ रुपये तक के ऋण पर उपलब्ध होगी। यह योजना केवल बोनाफाइड हिमाचलियों के लिए है।



उन्होंने बताया कि होम-स्टे पर्यटकों के लिए महंगे होटलों के स्थान पर किफायती विकल्प है। यह पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर उन्हें लंबी अवधि तक ग्रामीण क्षेत्रों में रुकने के लिए आकर्षित करते हैं। यह योजना सांस्कृतिक रूप से समृद्ध ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यटन को ब?ावा देने, स्वरोजगार सृजित करने और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि होम-स्टे स्थानीय परंपराओं, व्यंजनों और रीति-रिवाजों से सीधे जु?ने का अवसर देते हैं। किफायती ठहराव बजट यात्रियों, बैकपैकरों और छात्रों के लिए पर्यटन स्थलों को सुलभ बनाता है और स्थानीय समुदायों को प्रत्यक्ष लाभ देता है। योजना न केवल पर्यटन को ब?ावा देगी, बल्कि होमस्टे उद्योग को औपचारिक रूप देने, स्टार्टअप्स के माध्यम से गुणवत्ता मानकों में सुधार करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश अपने स्वच्छ पर्यावरण, नदियों, जंगलों, पवित्र स्थलों और सुरम्य घाटियों के कारण पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षक रहा है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (इकोनॉमिक सर्वे 2024-25) में 7.78 प्रतिशत योगदान देता है। यह योजना सरकार की पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सतत पर्यटन और निजी उद्यमियों को पर्यटन अवसंरचना विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## श्री नैनादेवी मंदिर में आश्विन नवरात्र मेला 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर 18 सितम्बर।** सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी मंदिर में 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक आश्विन नवरात्र मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर मंदिर न्यास आयुक्त एवं उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एसडीएम स्वारघाट को मेला अधिकारी तथा एसएचओ कोट को सहायक पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। आश्विन नवरात्र मेलों के दौरान प्रतिदिन 10 से 12 हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र को 9 सेक्टरों में विभाजित कर 6 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मेले के दौरान पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की शिकायत न हो। इस उद्देश्य से 200 होमगार्ड्स को ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच एवं आपातकालीन सेवाओं के लिए आयुर्वेदिक एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी तथा स्वास्थ्य सहायता कक्ष को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस के नेता लोगों की मदद के बजाय भाजपा का विश्लेषण करने में व्यस्त : राकेश

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कड़े शब्दों में हमीरपुर जिले के कांग्रेस नेताओं के पाखंडी रवैये की निंदा की, जो आपदाग्रस्त इलाकों में लोगों की मदद करने के बजाय भाजपा के राहत कार्यों का विश्लेषणात्मक सर्वेक्षण करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि कांग्रेस नेता राज्य में सत्तारूढ़ दल के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय तुच्छ राजनीति में ज्यादा रुचि रखते हैं।

उन्होंने कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष द्वारा अनुराग ठाकुर पर दिए गए बयान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, ÷अनुराग ठाकुर ने आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए स्वेच्छा से आगे आकर उन्हें आर्थिक मदद, भोजन, दवाइयाँ और अन्य राहत सामग्री के साथ-साथ भावनात्मक



सहारा भी दिया। जबकि अपने आप राज्य में सत्ता में होने के बावजूद, अपने ही दो बार के हमीरपुर विधानसभा उम्मीदवार के घर के सामने महीनों से पड़े गड्ढों की मरम्मत तक नहीं करवा पाए। हमीरपुर की आम जनता आपसे क्या उम्मीद कर सकती है?÷

राकेश ठाकुर ने कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं को मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में उनके कार्यकाल के बाद से सड़कों की दयनीय स्थिति देखकर शर्म आनी चाहिए और भाजपा के राहत कार्यों का मूर्खतापूर्ण विश्लेषण करने के बजाय, अपनी सत्ताधारी सरकार से हमीरपुर जिले के लिए न्याय की माँग करनी चाहिए।

उन्होंने तथ्य जोड़ते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में, 31 जुलाई 2025 तक, मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए लगभग ?3,247 करोड़ प्रदान किए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बड़ी ही बेशर्मी से इस पैसे को अपने दोस्तों में बाँटने का काम किया और चुनावी राज्यों में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के कार्यक्रमों को प्रायोजित करने में इसे उड़ा दिया। इस साल भी मोदी सरकार ने ?1,500 करोड़ और दिए हैं, लेकिन आज तक राज्य सरकार यह रिकॉर्ड देने में विफल रही है कि पहले दिए गए 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा वास्तव में कहाँ खर्च किए गए।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है जो एक सुनियोजित और योजनाबद्ध तरीके से काम करती है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर, भाजपा ने राज्य भर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जाँच शिविर और राहत गतिविधियों सहित सैकड़ों सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की पहले से ही योजना बना ली थी।

इसी कड़ी में हमीरपुर जिले के अवाहदेवी, नाल्टी और गांधी चौक में तीन बड़े कार्यक्रम पहले से ही तय थे। उन्होंने कहा, ÷लेकिन कांग्रेस के लोग इस स्तर की योजना को कभी नहीं समझ सकते, क्योंकि उनकी राजनीति चाटुकारिता पर फलती-फूलती है। गुटबाजी उनके डीएनए में है। राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पर आगे हमला करते हुए उसे उसके बिखराव के इतिहास की याद दिलाई, ÷कांग्रेस को भाजपा की एकता पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी पुलियों को तोड़ने से पहले नये पुलों का निर्माण किया जाये: आशीष शर्मा



**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा ने वीरवार को उपायुक्त हमीरपुर और मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग हमीरपुर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो नए पुलों क्रमशः 19.0 मीटर सिंगल स्पैम आरसीसी टी बीम ब्रिज ओवर जमली खड्ड एट आरडी 0/960 का निर्माण और 19.0 मीटर लॉन्ग स्पैम ब्रिज ओवर गुधवीं खड्ड एट आरडी - 4/785 का निर्माण पुराने पुलों के स्थान पर करने के लिए कुल 722.44 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। यह हमीरपुर से जाहू वाया लंबलू रूट के लिए एकमात्र सड़क है। यदि पुराने पुलों को डिस्मेंटल करने के बाद नए पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा तो इस सड़क से गुजरने वाले हजारों वाहनों के लिए यातायात बाधित हो जाएगा।

समारोह

राज्यपाल ने सायर मेला जुखाला के समापन समारोह की अध्यक्षता की

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं मेले और त्योहार : राज्यपाल शिव प्रताप

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि मेलों के माध्यम से जहां लोक कला एवं संस्कृति का संरक्षण होता है, वहीं इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृ? होती है। उन्होंने कहा कि ये मेले नई पी?ी को अपनी ज?ों से जो?ने का एक सशक्त माध्यम है और समाज में आपसी भाईचारे व सद्भाव को भी ब?ावा देते हैं।

राज्यपाल आज बिलासपुर जिले के जुखाला में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय सायर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का दर्पण हैं और इन्हें जीवन का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। उन्होंने महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यदि इन मंडलों को नियमित प्रोत्साहन दिया जाए तो वे बहुत कम खर्च में आकर्षक और उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे ग्रामीण संस्कृति को नया जीवन मिलेगा और हमारी परंपराएं सुरक्षित रहेंगी।



राज्यपाल ने कहा कि भले ही सायर मेला आकार में छोटा है, लेकिन इसमें आसपास के ग्रामीण ब?ी प्रसन्नता और उत्साह के साथ भाग लेते हैं। यहां लोग छोटी-ब?ी खरीददारी करते हैं जिससे दुकानदारों और स्थानीय व्यवसायियों को लाभ होता है। इस प्रकार ऐसे मेलों से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों की बिक्री ब?ती है, जिससे ग्रामीणों के लिए आमदनी और स्वरोजगार के अवसर सृजित होते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन के साथ-साथ बैंकिंग सेक्टर के स्टॉल लगाने के भी निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को बैंकिंग की जानकारी के साथ-साथ प्रदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी मिल सके।

राज्यपाल ने देश की सेनाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सेनाओं ने सदैव देश की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आतंकवाद के विरुद्ध 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका उदाहरण है, जिसने भारत की शक्ति और संकल्प को पूरी दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि राजनीति में आलोचना के स्थान पर रचनात्मक आलोचना होनी चाहिए, ताकि सार्थक सुझावों से विकास को दिशा दी जा सके। विकास को सफल बनाने के लिए अधिकारियों का सम्मान करना आवश्यक है क्योंकि योजनाओं को मूर्त रूप देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित किया।

श्री शुक्ल ने उपायुक्त बिलासपुर को सायर मेला समिति के माध्यम से महिला मंडलों को एक लाख रुपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन को महिला मंडलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति का अवसर देने के लिए भी कहा। इस अवसर पर, राज्यपाल ने मेले के दौरान आयोजित विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# इंद्रदत्त ने आपदा प्रभावितों को अनुराग ठाकुर की ओर से सहायता प्राप्त 200 त्रिपालों का किया वितरण

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने 16 सितंबर 2025 की देर शाम को पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा सहायता प्राप्त 200 त्रिपालों में से लगभग 20 त्रिपाल 10 आपदा प्रभावित परिवारों को वितरित किए। यह समयोचित और महत्वपूर्ण कदम अनुराग ठाकुर द्वारा बड़सर विधानसभा के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और विधायक को 200 त्रिपालों की तात्कालिक सहायता जारी करने के ठीक एक दिन बाद उठाया गया, ताकि भारी बरसात के मौसम में मिट्टी के कटाव से होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

अपने इस दौरे के दौरान लखनपाल ने रैली और जाजरी ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले जाजरी, मझेड़, करनेडा और फगोटी



गाँवों में प्रभावित परिवारों को स्वयं घर-घर जाकर 2-2 त्रिपाल वितरित किए। अनुराग ठाकुर द्वारा प्रदान की गई राहत सामग्री के वितरण के अलावा, इंद्रदत्त ने आपदा प्रभावित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और वे स्वयं प्रतिदिन राहत सामग्री वितरण प्रक्रिया तब तक जारी रखेंगे जब तक कि प्रत्येक प्रभावित परिवार तक उचित सहायता नहीं पहुँच जाती। उन्होंने आगे बताया कि अनुराग ठाकुर ने आश्वासन दिया है कि यदि किसी और सहायता की आवश्यकता हो, तो बिना किसी हिचकिचाहट के माँगी जा सकती है। पिछले कुछ दिनों के प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अनुराग ठाकुर के कड़े हस्तक्षेप के बाद ही स्थानीय एसडीएम और सरकार के अधिकारी मौके पर पहुँचना शुरू हो गए हैं।

नगर निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए पंचकूला में गोल-चक्करों के पास दिशासूचक-बोर्डों को नए आकार के गैंट्री से बदला

# साइन बोर्ड्स पर पेड़ों का साया, लोगों को दिक्कत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला शहर में बाहर से आने वाले लोग चौराहों पर लगे सेक्टर दिखाने वाले बोर्ड दिखाई नहीं दे रहे। वजह है बोर्डों के सामने खड़े पेड़ों की शाखाएं लोगों को परेशान कर रहीं हैं। एक महीने से हो रही भारी बरसात के चलते नगर निगम के बागवानी विभाग ने भी इनकी अभी तक सुध नहीं ली है।

पंचकूला नगर निगम ने यात्रियों की सुविधा, लाभ और सुगम-यात्रा के लिए पंचकूला में गोल-चक्करों के पास लगे पुराने दिशासूचक-बोर्डों को नए आकार के गैंट्री से बदल दिया है ताकि किसी विशेष सड़क की ओर आगे की दिशा दर्शाई जा सके। ये नए गैंट्री और पुराने गैंट्री हमेशा पेड़ों की छाया में रहते थे।



लगभग 10-15 साल पहले भी एमसी द्वारा ऐसे बोर्ड लगाए गए थे, लेकिन उनमें से अधिकांश भी छिपी-हुई-स्थिति के कारण जनता को दिख नहीं कर पाए। हालांकि, अब नगरनिगम ने भी ये गैंट्रीज़ लगा दी हैं, लेकिन लगता है कि इन्हें बहुत जल्दबाजी में लगाया गया है।

हाउसिंग बोर्ड की तरफ जाने वाली सेक्टर 9/16 डिवाइडिंग रोड, सेक्टर 15 व 16 की बेल फैक्ट्री की तरफ जाने वाली डिवाइडिंग रोड और सेक्टर 9 की तरफ सेक्टर 16 और 15 की डिवाइडिंग रोड पर लगाए गए बोर्ड पेड़ों ने ढक दिए हैं। इनमें से अधिकतर बोर्ड दिखाई नहीं दे रहे हैं क्योंकि ये पेड़ों की शाखाओं के पीछे छिपे हुए हैं जबकि एक करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होने के बाद भी ये सार्वजनिक उपयोग के लिए बेकार हो गए हैं। हालांकि, ये गैंट्रीज़ भारतीय-सड़क-कांग्रेस (आईआरसी) के मानक आकार, रंग और मानदंडों के अनुसार लगाई गई हों, लेकिन इनसे जनता को कोई खास सुविधा नहीं मिल पा रही है।

सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन, पंचकूला के अध्यक्ष ऐस.के. नैय्यर ने कहा कि नगर आयुक्त आर.के. सिंह, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा, पंचकूला के महानिदेशक पंकज और नगर निगम, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल को पेड़ों की शाखाओं की छंटाई करने के लिए पत्र लिखा है, ताकि दूर-दराज के स्थानों से भी इन बोर्डों को स्पष्ट रूप से देखा जा सके और जनता को पंचकूला में सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराई गई पर्याप्त-सुविधा, लाभ और अन्य सुविधाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाया जा सके।

# विधायक कुलवंत सिंह ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर सड़कों की असली तस्वीर दिखाई

कहा, सड़कों की घटिया गुणवत्ता पर कार्रवाई की जाएगी

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, 18 सितंबर।** मोहाली विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली शहर की सड़कों और बुनियादी ढाँचे की मौजूदा स्थिति से संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराने के लिए शहर का दौरा किया। विधायक कुलवंत सिंह ने चिंता व्यक्त की कि गमाडा के वित्तीय संसाधनों के बावजूद, आम लोगों को बुनियादी सुविधाएँ ठीक से नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जमीनी हकीकत जानने और सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए शहर का दौरा करते रहना चाहिए। विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली नगर निगम के अधिकारियों के



साथ सेक्टर-79-68 स्थित सीपी 67 मॉल के सामने स्थित चौक पर जायजा लिया और उन्हें सड़क की हालत दिखाई। उन्होंने कहा कि यह सड़क 10-12 साल पहले बनी थी, जो आज पूरी तरह से टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि यह जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है और गुणवत्ता के साथ बड़ा समझौता है। विधायक ने कड़े शब्दों में कहा कि अगर कोई हादसा या जान का नुकसान होता है तो इसकी सीधी जिम्मेदारी संबंधित जेई, एसडीओ, एक्सईएन और संबंधित अधिकारियों की होगी। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मामले की विजिलेंस जांच करवाई जाएगी और जल्द ही यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों और सीवरेज की समस्या का समाधान करना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हमें फील्ड में जाकर जमीनी समस्याओं को जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान और हादसों को रोकने के लिए और नए चौक बनाने की भी जरूरत है।

# पिंजौर कृषि उपमंडल कार्यालय भवन का निर्माण नहीं कर रहा मार्केटिंग बोर्ड : विजय बंसल

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** किसान हित की बात करने वाली बीजेपी सरकार के दावों की पोल खुद कृषि विपणन बोर्ड ने पिंजौर में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण न कर पूरी पोल खोल के रख दी है। उक्त शब्द शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा किसान कांग्रेस प्रदेश के वरिष्ठ उप प्रधान विजय बंसल एडवोकेट ने पिंजौर में उनसे मिलने आए किसानों को बोलते हुए कहे। विजय बंसल ने इसी विषय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कृषि मंत्री को ज्ञापन भेज कर पिंजौर उपमंडल कृषि कार्यालय एवं अनुसूचित जाति किसान प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण तुरंत करने और भवन निर्माण होने तक कार्यालय को एचएमटी स्थित आधुनिक एप्पल मंडी में शिफ्ट करने की मांग की है।

गौरतलब है कि पिंजौर ब्लॉक, मोरनी ब्लॉक, बरवाला ब्लॉक और रायपुर रानी ब्लॉक के किसानों की सुविधा के लिए सन 1985 में



तत्कालीन प्रदेश सरकार ने पिंजौर गार्डन के सामने लगभग एक एकड़ भूमि पर कृषि उपमंडल कार्यालय का निर्माण करवाया था जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को लागू कर उन्हें किसानों तक पहुंचाना था। लेकिन वर्ष 2019 में यहां पर कृषि उपमंडल कार्यालय और इसी परिसर में अनुसूचित जाति के किसानों का प्रशिक्षण केंद्र भवन का निर्माण को भी मंजूरी दी गई थी और उपमंडल कार्यालय भवन को तोड़कर कार्यालय को अस्थाई तौर पर हिमाचल प्रदेश के बॉर्डर के साथ कालका के टिपरा में एक प्राइवेट भवन में शिफ्ट कर दिया गया था जहां पर पहुंचने के लिए किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ृषि उपमंडल कार्यालय में किसान बी?, कीटनाशक दवाइयां, खाद आदि अन्य कृषि संबंधित कार्यों के लिए पिंजौर में आसानी से आ जाते थे लेकिन अब उन्हें कई बार ऑटो रिक्शा आदि अन्य वाहनो से कालका के टिपरा में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। विशेष कर अर्ध पहाड़ी क्षेत्र के गरीब और बेहद पिछड़े हुए अनुसूचित जाति के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि बीजेपी सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना सरकारी फाइलों में ही दम तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के विकास के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषि विभाग ने वर्ष 2019 में ही 3 करोड़ 98 लाख 36000 रूपये की राशि मार्केटिंग बोर्ड के निर्माण विभाग के पास जमा करवा दी थी लेकिन मार्केटिंग बोर्ड ने पिछले 6 वर्षों के दौरान भवन का ही निर्माण नहीं किया।

# 'नो-ब्लैक फिल्म' अभियान, काटे 7 वाहनों के चालान

**पंचकूला।** जिला में वाहनों पर ब्लैक फिल्म को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने नो ब्लैक फिल्म अभियान छेड़ दिया है। इनमें सबसे ज्यादा उल्लंघन ऑटो चालकों द्वारा किया जा रहा है। चालक अपने ऑटो के शीशे को आधा ब्लैक फिल्म लगाकर ढकने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के निर्देशानुसार व डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में पिंजौर में ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों के शीशों पर लगी काली फिल्म के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। इस अभियान के तहत, सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक कुमार की अगुवाई में विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 चालकों के चालान काटे गए।

पुलिस ने कई वाहनों की काली फिल्म मौके पर ही उतरवाई और चालकों को भविष्य में ऐसी गलती न करने की सख्त हिदायत दी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें।

# सेवा पखवाड़ : पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने छात्रों संग निकाली सड़क सुरक्षा रैली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन में पंचकूला के सेक्टर-26 स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने गुरुवार को एक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। यह रैली सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार की अगुवाई में कॉलेज से शुरू होकर सेक्टर-26 के बाजार और रिहायशी इलाकों से गुजरी जिसमें ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और छात्र दोनों ही पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। अभियान के दौरान सैक्टर-26 पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल रणवीर सांगवान भी मौजूद रहे। छात्रों ने हाथों में बैनर और तख्तियां पकड़ रखी थीं जिन पर सड़क सुरक्षा



संबंधी नारे लिखे थे। एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह द्वारा इस अभियान को मॉनीटर किया गया।

युवा कल का भविष्य, नियम जरूरी : डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा है कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और इसमें हर व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। आज के युवा कल के भविष्य हैं और अगर वे यातायात नियमों का पालन करेंगे तो सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि छात्रों को ट्रैफिक अवेयरनेस वैन के माध्यम से यातायात नियमों की एक वीडियो भी दिखाई गई जिसमें सरल भाषा में सभी नियमों को समझाया गया था।

पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा है कि हमारा लक्ष्य है कि पंचकूला की सड़कें सुरक्षित हों। इस तरह के जागरूकता अभियान से हमें लोगों तक सीधे पहुंचने में मदद मिलती है।

# स्वास्थ्य एवं जागरूकता सेमिनार आज लगेगा

**पंचकूला, (अप्रस)।** मेदांता फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता सेमिनार कल 19 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से महाज्ञानी ऋषि अष्टावक्र केन्द्र (एम.आर.ए.के.) गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, पंचकूला में आयोजित किया जाएगा। डॉ. ऋतु सिंह प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्राचार्य दलजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संकाय सदस्यों, सांकेतिक भाषा अनुवादकों एवं स्टाफ के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर और सेमिनार अलग-अलग कक्षों में एक साथ आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिकतम छात्र भाग ले सकें।

शिविर के दौरान ईसीजी, चिकित्सा परामर्श डेस्क और परामर्श सहायता जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। मेदांता के डॉक्टर, नर्स और चिकित्सक दल छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श देंगे। इसके अलावा छात्राओं के लिए प्रजनन स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म और छात्रों के लिए जीवनशैली एवं स्वच्छता पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

# कालका बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के समर्थन में की हड़ताल



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका बार एसोसिएशन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, चंडीगढ़ के आह्वान पर आज पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया। यह निर्णय हाल ही में घटित उस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के विरोध में लिया गया जिसमें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार, हथियार से डराना-धमकाना तथा आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट की गई थीं।

कालका बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया कि 18 सितम्बर को पंजाब एवं हरियाणा बार एसोसिएशन, चंडीगढ़ के साथ एकजुटता दर्शाने हेतु अधिवक्ता न्यायालयी कार्यों से दूर रहेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक परिसर में एकत्र होकर बैठक की और स्पष्ट संदेश दिया कि ऐसे कृत्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं से अपेक्षा है कि वे इस प्रस्ताव का कड़ाई से पालन करें और न्यायालयीन कार्य से विरत रहें।

# श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और महारास के पंच गीत का वर्णन किया

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** श्री श्याम गोपाल सेवा समिति रजिस्टर ज़ोन समस्त भारत द्वारा पितृ पक्ष में नयागाँव स्थित ढिल्लों फार्म में श्री राम कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन की कथा भावपूर्ण रही। इस कथा में कथावाचक परम पूज्य संत श्री श्याम गोपाल जी महाराज एवं बाल व्यास श्री हरि ओम शरण जी ने छठे दिन की कथा में बताया कि भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी बजरंग दास महाराज ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। नयागांव स्थित ढिल्लों फार्म में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी बजरंग दास महाराज ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुर जी के इन पांच गीतों को भाव से गाता व सुनता है वह भव सागर पार हो जाता है। उन्हें



वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। बाल व्यास श्री हरि ओम शरण जी ने बताया कि कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया- गोर्वधन पूजा भी की गई और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है।

# ऑटो लूटकांड सुलझाः क्राइम ब्रांच की दो टीमों ने 3 आरोपियों को दबोचा, ऑटो बरामद

**पंचकूला।** शहर में दो दिन पहले चाकू की नोक पर ऑटो लूटने वाले तीन आरोपियों को पंचकूला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में लुटेरों को दबोचने के लिए पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच 19 और क्राइम ब्रांच 26 की टीमों ने एक संयुक्त अभियान चलाया। यह वारदात 16 सितंबर को घटी थी। कुछ युवकों ने सेक्टर 10-11 डिवाइडिंग रोड के स्लिप रोड पर एक व्यक्ति से उसका ऑटो छीन लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक सुराग जुटाकर थाना सेक्टर-5 में लूट का मामला दर्ज किया था तुरंत आरोपियो की तलाश में जुट गई थी।

डीसीपी क्राइम के अनुसार इस मामले में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 19 के इंचार्ज प्रीतम सिंह की टीम ने सबसे पहले आरोपी धर्मेंद्र (24) निवासी मौली जांगरा चंडीगढ़ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर लूटा गया ऑटो भी बरामद कर लिया गया। जांच के दौरान क्राइम ब्रांच 26 के इंचार्ज दलीप सिंह की टीम ने इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सोनेश (19) निवासी हरिपुर सेक्टर 4 और सूरज (22) निवासी सेक्टर 12 के रूप में हुई। पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को ऑटो बरामद करने के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में खुला राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा का एमपीलैड्स फैसिलिटेशन सेंटर

राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा के सेंटर का स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज ने किया विधिवत उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। शहर में विकास कार्यों के संचालन और इनकी निगरानी के साथ बेहतर समन्वय अब और आसान होगा। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के एमपीलैड्स फैसिलिटेशन सेंटर (एमपीएलएडीएस सुविधा केंद्र) का गुरुवार को सैक्टर-1 स्थित नवीन लघु सचिवालय भवन में स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज ने विधिवत रूप से राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा की उपस्थिति में भवन का उद्घाटन किया। नवीन लघु सचिवालय की पहली मंजिल पर स्थापित यह एमपीलैड्स फैसिलिटेशन सेंटर, सांसद निधि यह केंद्र संबंधित परियोजनाओं से जुड़े लोगों को मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त सतपाल शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश देवीनगर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### दर्शन अकैडमी के छात्र नक्ष ने प्राप्त किया तृतीय स्थान



**कालका (जग्गी) :** दर्शन अकैडमी कालका की कक्षा दूसरी के छात्र नक्ष ने पिंजौर के यादविंद्र गार्डन में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 卐विरासत की हिफाज़त卐 कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दो वर्ग रखे गए थे ङ्क सीनियर कक्षा (6 से 12) तथा जूनियर कक्षा (1 से 5) । नक्ष ने जूनियर वर्ग में अपने साथियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री निखिल खुराना जी ने नक्ष की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में पिंजौर व कालका क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सेंट्रल बैंक में जन-धन से जुड़ी बीमा योजनाओं की दी जानकारी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मौली बैदवान शाखा, चंडीगढ़ क्षेत्र में वित्तीय सेवाएँ विभाग (भारत सरकार) एवं भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रशांत कुमार गोयल, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, भारत सरकार रहे। उनके साथ नवनीत सिंह, उप महाप्रबंधक, आरबीआई चंडीगढ़ उपस्थित थे। स्वागत टी.सी. मीणा, उप जोनल हेड और राम कुमार यादव, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने किया। अन्य वरिष्ठ अधिकारी राज किरण जोहरी (नाबार्ड पंजाब), आर.के. मीणा (एसएलबीसी), सोमदास (पीएनबी मोहाली), अशोक पुनिया (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) और श्री एम.के. भारद्वाज (एलडीएम) भी मौजूद रहे। गोयल ने जन-धन से जुड़ी बीमा योजनाओं–प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना–की जानकारी दी और ग्राहकों से धोखाधड़ी रोकने हेतु केवाईसी अपडेट करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने भाग लिया और किफायती बीमा के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम — एसडी कॉलेज में चौथी नेशनल कांफ्रेंस में फिजिक्स के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर हुई चर्चा

# देशभर के वैज्ञानिकों ने साझा किए नवीनतम शोध और नवाचार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के फिजिक्स विभाग के बॉसॉन्स द फिजिक्स क्लब की ओर से वीरवार को इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से ÷रिसेंट एडवांसेज इन फिजिक्स÷ विषय पर चौथी नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस को भारत सरकार, नई दिल्ली के डिपार्टमेंट आफ बायोटेक्नोलॉजी (डीबीटी) की डीबीटी बिल्डर स्कीम का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर देशभर से प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कांफ्रेंस ने सभी प्रतिभागियों को फिजिक्स के क्षेत्र में नवीनतम विकास, अनुसंधान निष्कर्षों और नवाचारों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।



कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र की शुरुआत प्रो. अशुतोष शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद आईआईटी रोपड़ के फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. के.सी. जेना ने मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित किया करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए और नवीनतम शोध निष्कर्षों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। उनके व्याख्यान ने इंटरफेस पर मॉलिक्यूलर इंटरेक्शंस की गहन समझ प्रदान की, जहाँ उन्होंने एडवांस्ड स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों का उपयोग किया। इस शोध का निष्कर्ष न केवल मौलिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि औद्योगिक अनुप्रयोगों पर भी दूरगामी प्रभाव डालते हैं।

कांफ्रेंस में प्रतिभागियों द्वारा मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिससे युवा शोधकर्ताओं और छात्रों को अपने इनोवेटिव आइडियाज को प्रदर्शित करने के लिए एक आकर्षक मंच मिला। कार्यक्रम का समापन जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के महासचिव प्रो. अनिरुद्ध जोशी द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजकों के योगदान की सराहना की। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने फिजिक्ल विभाग की इस पहल की सराहना की और उन्हें कॉलेज में शोध एवं नवाचार की सशक्त संस्कृति विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु प्रोत्साहित किया। फिजिक्स विभाग की अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. नीलू महाजन, आयोजन सचिव डॉ. समनदीप और सह-संयोजक डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों और सहयोगियों के उत्साह और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस आयोजन के दौरान साझा किए गए विचार-विमर्श और अंतर्दृष्टियाँ शोध को आगे बढ़ाने तथा भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विरासत को नई पहचान और रफ्तार मिली: बड़ौली

**हमारी विरासत युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वाभिमान की भावना को जाग्रत करने का काम किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विरासत को नई पहचान व नई रफ्तार मिली है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। श्री बड़ौली ने गुरुवार को एथनिक इंडिया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, राई में आयोजित कार्यक्रम 'विरासत की हिफाजत' में सहभागिता कर लोगों को देश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और सुरक्षित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति विरासत को सहेजने के साथ-साथ स्वच्छता का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भारत का निर्माण करें।विरासत की हिफाजत कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी पेंटिंग्स के माध्यम से पर्यावरण, स्वच्छता और विरासत संरक्षण पर शानदार संदेश दिए।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने आयोजकों और प्रतिभागियों को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपनी 'विरासत' से वैश्विक पर्यटकों को जोड़ेंगे। युवाओं व विद्यार्थियों को अपनी विरासत का भ्रमण करवाते हुए इतिहास से जोड़ा जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इस सेवा पखवाड़ा के दौरान ऐतिहासिक धरोहरों, स्मारकों, मंदिरों, गुरूद्वारों, झीलों, पार्कों एवं पर्यटक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के 75वें जन्म दिन पर हरियाणा ने नया इतिहास रचा है। हरियाणा के हर जिले में भाजपा परिवार के कार्यकर्ताओं और समाज के हर वर्ग ने मिलकर महाश्रमदान कर स्वच्छता की मिसाल पेश की है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि मोदी जी को सेवा का अनूठा उपहार था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मंत्रस्वच्छता ही सेवा आज जन-जन का संकल्प बन गया है। बड़ौली ने कहा कि हमें सेवा पखवाड़े को जनसेवा का महा अभियान बनाना है और नायब सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार हर वर्ग की आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। आज हरियाणा का हर व्यक्ति नायब सरकार की योजनाओं से खुश है।

# एसएमडीए ने मनौली व बाजिदपुर सबौली में अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को एसएमडीए की टीम ने गांव मनौली में अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र में लगभग 126 वर्ग मीटर में बनाए जा रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए दो कमरों तथा बाजिदपुर सबौली की राजस्व भूमि पर भंडारण सामग्री के लिए बनाए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण करने से पूर्व एसएमडीए के सीईओ से अनुमति लेना अनिवार्य है अन्यथा एसएमडीए द्वारा अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक संबंधित जानकारी के लिए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय, चौथा तल, काराधान विभाग, सेक्टर-12, सोनीपत में सम्पर्क कर सकता है। तोडफोड की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट पीब्ल्यूडी विभाग से एसडीई राकेश कुमार तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।

# शपर, जिला प्रशासन ने लिंक ऑफिसर किए नियुक्त

**खरखौदा (अप्रस)।** तहसील कार्यालय में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। वजह है तहसीलदार और नायब तहसीलदार दोनों का एक साथ स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर जाना। इससे न सिर्फ तहसील की रौनक कम हो गई है, बल्कि आम जनता को अपने जरूरी कामों के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। रजिस्ट्री, इंतकाल, कोर्ट केस, बंटवारे और नामांतरण जैसे जरूरी मामलों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आमतौर पर हर रोज दर्जनों फाइलें निपटाई जाती थीं, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति में काम लगभग ठप हो गया है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लिंक ऑफिसरों की नियुक्ति की है। अब गन्नौर के तहसीलदार को खरखौदा तहसील का लिंक तहसीलदार बनाया गया है, वहीं सोनीपत के नायब तहसीलदार को खरखौदा में नायब तहसीलदार (लिंक ऑफिसर) के तौर पर जिम्मेदारी दी गई है। एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन जनता की परेशानी को समझता है और इसी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

# खेलों में बच्चों का भविष्य उज्जवल: कादियान



**राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन, विजेता टीमों को मिला सम्मान**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गन्नौर।** बीएसटी कॉलोनी स्थित आरपीएस स्कूल खेल ग्राउंड में चल रही 58वीं हरियाणा स्टेट स्कूल सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हो गया। अंडर-14 में हिसार, अंडर-17 में झज्जर व अंडर-19 में हिसार ने बाजी मारी। इससे पहले तीसरे दिन खेल का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि एमएलए देवेंद्र कादियान, विशिष्ठ अतिथि ओलंपियन व खेल विभाग के उपनिदेशक पहलवान अमित दहिया ने किया और विजेता टीमों को सम्मानित किया। कादियान ने कहा कि आज के समय में खेलों में अपार संभावनाएं है। जो खिलाड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने खेल पर ध्यान देता है, उसके लिए आज कोई सीमा नहीं है। सरकार की खेल नीति का असर यह है कि अब गांव-गांव से खिलाड़ी निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे है।

आरपीएस स्कूल प्रिंसिपल रजनी शर्मा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया और समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीईओ आजाद सिंह दहिया, प्राचार्य सुरजीत खोखर, अनिल वर्मा, प्रतियोगिता संयोजक देवेंद्र सिंह, संजीव त्यागी, राजीव मिश्रा, प्रमोद शर्मा, गोविंद चौधरी, ज्योति माथुर, रूपिंद्र, जसबीर जागलान आदि मौजूद रहे।

**ये रही विजेता टीमें**

अंडर- 14- हिसार प्रथम, फतेहाबाद द्वितीय व झज्जर तृतीय।

अंडर- 17- झज्जर प्रथम, हिसार द्वितीय, रोहतक तृतीय।

अंडर- 19- हिसार प्रथम, कैथल द्वितीय व पंचकूला तृतीय।

# मोदी के आत्मनिर्भरता के साथ सिद्धि तक पहुंचेगा विकसित भारत संकल्प: डॉ अरविंद शर्मा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में हर वर्ग, हर तबके में आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प को सिद्धि तक लेकर जाने का मार्ग तैयार कर दिया है। आज प्रत्येक भारतीय, विशेषकर युवा पीढ़ी को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, तभी भारत दुनिया के मंच पर मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।वीरवार बाद दोपहर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सिंचाई विश्राम गृह, गोहाना में सेवा पखवाडा के दौरान पेंटिंग एवं प्रदर्शनी संयोजक कुलदीप कौशिक द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने पहुंचे थे। दो दिवसीय प्रदर्शनी का कार्यकर्ताओं संग अवलोकन करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन, युवावस्था एवं राजनीति के माध्यम से जनसेवा संकल्प की यात्रा को चित्रों के माध्यम से नजदीक से देखा। इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कठिन परिस्थितियों के बाद भी उन्होंने अपने जीवन को राष्ट्र व समाज को समर्पित किया। संगठन की मजबूती से लेकर गुजरात में शासन के माध्यम से गरीब, वंचित के जीवन में बदलाव लाने के लिए निरन्तर कदम उठाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी केन्द्र सरकार ने किसान, महिलाओं, उद्यमियों, युवाओं के साथ-साथ हर वर्ग के उत्थान की दिशा में काम किया।

**विधायक देवेंद्र कादियान ने 6.40 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और उद्घाटन**

# सड़कों, पेयजल पाइपलाइन और नालों से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को हलके के कई गांवों में लगभग 6.40 करोड़ की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें सड़क, पानी, और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य है। गांवों में पहुंचे विधायक कादियान का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और पुराने कामों को शुरू करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि गांवों को बुनियादी सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सबसे पहले तीन सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया गया है। इनमें नया बांस से आहुलाना तक 3180 मीटर लंबी सड़क का निर्माण 276.93 लाख रुपए, आहुलाना से चुलकाना रोड तक 4800 मीटर सड़क पर 180.14 लाख और भिगान गांव में मैन रोड से स्कूल तक 750 मीटर सड़क पर 64.56 लाख खर्च होंगे। इन सभी परियोजनओं का नारियल तोड़कर विधिवत शिलान्यास किया गया।इसके साथ ही, खिजरपुर अहीर माजरा गांव में पेयजल आपूर्ति को बेहतर करने के लिए करीब 1 करोड़ 1 लाख 93 हजार रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने, पुरानी पाइपलाइन की मरम्मत और ट्यूबवैल लगाने की योजना का शिलान्यास किया गया।

यह काम जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया जाएगा, जिससे गांव में लंबे समय से चली आ रही जल संकट की समस्या का समाधान होगा। इसके अलावा जल निकासी की समस्या से निपटने के लिए करीब 19 लाख की लागत से बने दो नालों का उद्घाटन किया गया। कादियान ने कहा कि हमारा प्रयास सिर्फ एक या दो गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे गन्नौर हलके के संतुलित और समग्र विकास को लेकर है। सड़क, पानी, स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार है, और हम सुनिश्चित कर रहे है कि ये सुविधाएं हर गांव तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि गन्नौर को सिर्फ नाम से नहीं, बल्कि काम से एक मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जाए। इस अवसर पर अहीर माजरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, अनिल कुमार ब्लॉक समिति अध्यक्ष, राजी पूर्व सरपंच, प्रवीन कुमार, हरेंद्र, मानसिंह, बिजेंद्र, नीरज, जसवंत, अरुण आदि मौजूद रहे।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email: arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

I ROHIT KUMAR s/o Satbir singh r/o HOUSE NO 132 KAMAL COLONY ROHTAK (HARYANA) have changed my name ROHIT Kumar to Rohit . AFFIDAVIT NO 14170 DATED 30 AUG 25 before District Court ROHTAK
एपी-4723

**मैं,** संजीव गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री प्रेम चंद, निवासी मकान नंबर 911, सेक्टर 17, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम संजीव गुप्ता से बदलकर संजीव कुमार कर लिया है।

**मैं,** रेणु बाला पत्नी संजीव कुमार निवासी मकान नंबर 911, सेक्टर 17 पंचकूला हरियाणा ने अपना नाम रेणु बाला से बदलकर रेणु गुप्ता कर लिया है।

**मैं,** सेवा संख्या 17015663F, हवलदार जयवीर, निवासी 287 एफडी वर्कशॉप कंपनी (607 ईएमई बटालियन), सी/ओ 56 एपीओ, चंडीमंदिर कैंट, पंचकूला। मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरी माँ का नाम सरजो लिखा है। जबकि उनका सही नाम सरजो देवी है, शपथ पत्र दिनांक 11.09.2025, के अनुसार।

**मैं,** सेवा संख्या 17015663एफ हवलदार जयवीर निवासी 287 एफडी वर्कशॉप कंपनी (607 ईएमई बटालियन), सी/ओ 56 एपीओ, चंडीमंदिर कैंट, पंचकूला मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरी मां की जन्मतिथि 11.10.1959 अंकित है, जबकि उनकी सही जन्मतिथि 11.09.2025 के शपथपत्र के अनुसार 01.01.1953 है।
एपी-4727

**मैं,** सत्या नारायण पुत्र श्री भर्दूल, निवासी मकान संख्या 237, राजीव कॉलोनी, सेक्टर 17, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम सत्या नारायण से बदलकर 'सत्यदेव' कर लिया है।
एपी-4727

**मैं,** सौम्या पुत्री सतीश सेमवाल वासी मकान नं. 144 सैणी विहार फेस 5 बलटाना जीरकपुर एस ए एस नगर ने अपना नाम बदलकर सौम्या सेमवाल रखा है।

**मैं,** Davinder कौर पत्नी गुरमीत सिंह वासी 225, वार्ड नं. 2, नजदीक पीर, लाहा, डाकघर नारायणगढ़, अम्बाला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Davinder कौर से Devinder कौर रखा है, सभी सम्बंधित नोट करें।

**मैं,** राजिंदर कुमार पुत्र प्यारा लाल वासी मकान नं. 3313, सैक्टर 15 डी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर राजिंदर कुमार जैन रखा है।

**मैं,** राजेश कुमार बाली और राजेश बाली पुत्र लेट श्री कुंदन लाल बाली वासी फ्लैट नं. 804, टावर एच-1, माया गार्डन सिटी, नगला रोड, नजदीक सिंघपुरा क्रासिंग, जीरकपुर, जिला एस ए एस नगर (मोहाली), पंजाब- 140603 ब्यान करता हूँ राजेश कुमार बाली और राजेश बाली एक ही व्यक्ति हूँ, भविष्य के सभी कार्यो लिए।

**मैं,** सुरवग्या बाली और सैवी बाली पुत्र राजेश कुमार बाली वासी फ्लैट नं. 804, टावर एच-1, माया गार्डन सिटी, नगला रोड, नजदीक सिंघपुरा क्रासिंग, जीरकपुर, जिला एस ए एस नगर (मोहाली), पंजाब इ 140603 ब्यान करता हूँ सुरवग्या बाली और सैवी बाली एक ही व्यक्ति हूँ, भविष्य के सभी कार्यो लिए।

**मैं,** स्नेहव पुत्र जसविंदर गुप्ता वासी मकान नं. 1517, सैक्टर 18-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर स्नेहव गुप्ता रखा है।

**मैं,** जहान्वी पत्नी स्नेहव गुप्ता वासी मकान नं. 1517, सैक्टर 18-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर जहान्वी गुप्ता रखा है।

**मैं,** राय बहादुर पुत्र ओम प्रकाश वासी मकान नं.3663, वार्ड नं.2, निसिंग करनाल-132024 ने अपना नाम बदलकर राय बहादुर से बहादुर गोयल रखा है।

**मैं,** पूजा मित्तल पत्नी बहादुर गोयल वासी मकान नं.3663, वार्ड नं.2, निसिंग करनाल-132024 ने अपना नाम बदलकर पूजा मित्तल से पूजा गोयल रखा है।

**मैं,** जसलीन कौर पुत्री हरजिंदर सिंह वासी 260, डिगोह, फतेहाबाद पिन 125106 हरियाणा, इंडिया , और वर्तमान निवासी Unit 521,10 सिटीसाइड रोड NE, T3N2A1, कैलगरी, Ab, Canada ने अपना नाम बदलकर Jasleen Kaur से Jaslyn Kaur Bhandal रखा है।

**मैं,** सुषमा कपूर पत्नी रोशन वासी गांव कलसी करनाल ने अपना नाम बदलकर सुषमा कपूर से सुषमा रखा है।
एपी-4730

**मैं,** लव पुत्र विजय निवासी गाँव, कथूरा, गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा), पिन संख्या 131301, हरियाणा ने अपना नाम लव से बदलकर लव लव कर लिया है। भविष्य मैं मुझे लव लव के नाम से जाना जाए।

**मैं,** संदीप कुमार चौधरी, पुत्र सुरेश चंद्र चौधरी, निवासी - मकान संख्या 203, स्वामी एनक्लेव, ढकोली, ज़िरकपुर, ने अपना नाम संदीप कुमार चौधरी से बदलकर संदीप चौधरी कर लिया है।

**मैं,** मंजू पत्नी राकेश निवासी मकान नंबर 2191 सेक्टर 23 सी चंडीगढ़ यह घोषित करती हु कि मैने अपना नाम मंजू से बदलकर मंजू रानी रख लिया है।
एपी-4727

I, M SUNITA spouse of NO. 15686354N HAV M MALLESWARA residing at QTR N. 2924, SECTOR E, CHANDIMANDIR CANTT, PANCHKULA, HARYANA declare that I have changed my name from M SUNITA to M SUNEETHA.

**मैं,** शिव शंकर, सैन्य संख्या- 15344247एम रैंक- हवलदार नाम- विकास मिश्रा का पिता हूँ। वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- अंबरपश्चिम, अंबरपश्चिम, लालगंज, अंबरपश्चिम, अंबरपश्चिम, रायबरेली, उत्तर प्रदेश, 229206 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम शिव शंकर से बदलकर शिव शंकर मिश्रा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219016, दिनांक- 18/09/2025

**मैं,** बिमला सिंह, सैन्य संख्या- 18001307M रैंक- हवलदार नाम- अंकित कुमार सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 APO में तैनात है स्थायी पता- महमूदपुर, सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश- 228125 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बिमला सिंह से बदलकर विमला सिंह कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 20/03/1960 से 01/01/1955 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219013, दिनांक- 18/09/2025

**मैं,** मोती लाल यादव सैन्य संख्या- 4209254एफ रैंक- नायक नाम- सुनील कुमार यादव का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 11 कुमाऊं सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वार्ड नंबर 05, धानी नोवारा, मावता, झुंझुनूं, मौता, राजस्थान, 333302 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम मोती लाल यादव से बदलकर मोती रख लिया है।

**मैं,** गोपाल सिंह राजपूत पुत्र श्री निरांन सिंह निवासी वार्ड नंबर 01, भकारो का मौहल्ला, ढाणी सुहाना, रामसीसर, चूरू, राजस्थान, 331403 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम गोपाल सिंह राजपूत से बदलकर गोपाल सिंह कर लिया है।

**मैं,** बसंत देवी, सैन्य संख्या- 15342491N रैंक-हवलदार नाम- सुखदेव सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 62 इंजीनियर रेजिमेंट C/o 56 APO में तैनात है स्थायी पता- गाँव-बड़ागाँव, बड़ागाँव, चमोली, उत्तराखंड- 246443 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बसंत देवी से बदलकर बसंती देवी कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 01/03/1962 से 03/04/1962 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219015, दिनांक- 18/09/2025
एपी-4732

**मैं,** जोगिंद्र सिंह पुत्र चुहड सिंह निवासी 1399/5, वशिष्ठ कॉलोनी, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम जोगिंद्र सिंह से बदलकर जोगिंद्र सिंह लालका रख लिया है।
एपी-4733

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र बलवंत राय भगत निवासी मकान नंबर 1670, पहली मंजिल, सेक्टर-26, पंचकुला। मैंने अपना नाम राजेश कुमार भगत से बदलकर राजेश कुमार कर लिया है। राजेश कुमार और राजेश कुमार भगत एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-4734

**मैं,** अरमान पुत्र सतीश कुमार निवासी मकान नं 78/1 , गली नं 3 फ्रेंड्स कॉलोनी , करनाल रोड कैथल (हरियाणा) अपना नाम अरमान से बदलकर अरमान ढाण्डा रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-4735

**मैं,** सुरेन्द्र सिंह (Surender Singh) पुत्र हवा सिंह, मकान नंबर 744 सैक्टर 09 जीन्द जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह (Surender Singh) से बदलकर सुरेन्द्र सिंह (Surinder Singh) रख लिया है।

**मैं,** हर्ष पुत्र सुरेन्द्र सिंह, मकान नंबर 744 सैक्टर 09 जीन्द जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम हर्ष से बदलकर हर्ष ढांडा रख लिया है।

**मैं,** अंजू पत्नी अवनीश कुमार निवासी मकान नंबर 247, फर्स्ट फ्लोर, सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़, ने अपना नाम अंजू से बदलकर अंजू कालरा रख लिया है।

**मैं,** रूमाली देवी पत्नी आर्मी नंबर JC777309H रैंक- सूबेदार, नाम- संजय कुमार निवासी वी.पी.ओ. सकलाना तहसील धर्मपुर जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश-175050 में रहती हूँ, वर्तमान में स्टेशन मुख्यालय श्री चंडीमंदिर कैंट में तैनात हूँ। मैंने अपना नाम रूमाली देवी से बदलकर रूमली देवी रख लिया है।

**मैं,** Vivek Gautam पुत्र Sh. Purshottam Dass Gautam निवासी मकान न. 809, सैक्टर 65, एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम Aavika Gautam से बदलकर Aavikaa Gautam रख लिया है।

**मैं,** Vivek Gautam पुत्र Sh. Purshottam Dass Gautam निवासी मकान न. 809, सैक्टर 65, एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ने अपने नाबालिक बेटे का नाम Hardik Gautam से बदलकर Hardeik Gautam रख लिया है।
एपी-4727

**मैं,** अनित कुमार तंवर पुत्र श्री धन सिंह निवासी शेरांवाली मंदिर के सामने, अब्दुल्लापुर कॉलोनी पिंजौर, तहसील कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा, मैंने अपना नाम अनित कुमार से बदलकर अनित कुमार तंवर रख लिया है।
एपी-4727

## बेदखली सूचना

हम, तिरलोचन सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह एवं कमलेश कौर निवासी हिल व्यू कॉलोनी, शीतला माता मंदिर, धरमपुर, डाकघर पिंजौर, तहसील कालका, जिला पंचकूला (हरियाणा), घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र हरदीप सिंह व उसकी पत्नी कृतिका कौर रावत को हमने उसके निरंतर दुराचार एवं असम्मानजनक व्यवहार के कारण बेदख़ल कर दिया है। उन्हें हमारी किसी भी चल-अचल संपत्ति में कोई अधिकार नहीं होगा। भविष्य में उनके किसी भी कार्य या देनदारियों के लिए हम उत्तरदायी नहीं होंगे।
एपी-4724

**मैं,** कि निर्मल कुमार पुत्र आत्मा राम निवासी मलिकपुर खादर तहसील छछरौली जिला यमुनानगर यह बयान करता हूं की मेरा लड़का शिवम वा मेरी पुत्र वधू रचना मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र शिवम वा अपनी पुत्र वधू रचना को अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इनके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है, और ना ही भविष्य में होगा। इनके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-4725

**मैं,** जमीर अहमद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी 5417 उत्तम नगर गली नंबर 03 नजदीक विशाल डेयरी करनाल वयां करता हूं कि मेरा पुत्र जुबेर अहमद तथा उसकी पत्नी श्रीमती ईशा दोनों ही मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इस लिए मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ वाद विवाद लेन देन के लिए में तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। स्वयं ही जिम्मेदार होगा।
एपी-4726

I Geeta w/o Pardeep Kumar r/o # 2334/2 & 2335/2 sector 45C chandigarh I declare that I disown/debarred my son Rohit Kumar and his wife Komal and their children Sons Yuvraj and Bhavyansh from our moveable and immoveable property becuse they are out of our Control if anybody deal with them he/She will be responsible himself/herself
एपी-4723

**मैं,** रामपाल पुत्र श्री मायाराम, निवासी वार्ड नंबर 17, बिग बस्ती, बाबा लाल जी मंदिर वाली गली, घरौंडा, तहसील घरौंडा, जिला करनाल, यह शपथपूर्वक ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सावन व पुत्रवधू परमजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने पुत्र सावन और उसकी पत्नी परमजीत को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों द्वारा किए जाने वाले किसी भी लेन-देन, कानूनी या गैर-कानूनी कार्य की जिम्मेदारी पूर्णतल इन्हीं दोनों की होगी। मेरी एवं मेरे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-4728

**मैं,** सपटर पुत्र श्री हरी सिंह निवासी गोन्दर, उप तहसील निसिंग, जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का विक्रम मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मैं** बलवन्त (आधार नं. 948347677226) पुत्र श्री महेन्द्र निवासी गांव बूढाखेडा, तहसील व जिला कैथल ब्यान करता हूं कि मेरी पुत्री शिवानी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कार्य के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
एपी-4729

**मैं,** सुरेश पुत्र मंगत राम निवासी चौपड़ा पत्ती, नजदीक दादा खेड़ा, नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा लड़का हैप्पी (अविवाहित) मेरे कहने-सुनने से बाहर है व मेरे साथ लड़ाई-झगड़ा करता है। मैं उसे अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे जो भी लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4731

**मैं,** रामचंद्र पुत्र श्री जयपाल निवासी कुटीपुर, डाकखाना भुडकला, तहसील प्रताप नगर, जिला यमुनानगर कि मेरी लड़की पिंकी व लड़का प्रवीण कुमार जोकि हमारे कहने सुनने से बाहर है । हम इन्हें अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते हैं। इन दोनों से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा ना कि हम व हमारा परिवार।
एपी-4736

**मैं,** भैकू सपुत्र चोखे निवासी ईशरनगर भोगपुर, तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा, घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र आकाश और मेरी पुत्रवधु श्रीमती लक्ष्मी दोनो मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं इनको अपनी सभी प्रकार की चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। भविष्य मे इनसे लेन-देन करने वाले स्वंय जिम्मेवार होंगे।
एपी-4727

**मैं,** श्रीनाथ पुत्र राम फली, निवासी मकान संख्या 63, वीर सिंह धीर सिंह कॉलोनी, पटियाला घोषणा करता हूँ कि मेरा बेटा दीपक मेरे नियंत्रण से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल संपति से वंचित करता हूँ। जो भी उसके साथ लेन-देन करेगा, वह उसके कार्यों के लिए ज़िम्मेदार होगा। मैं या मेरे परिवार के सदस्य इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे।
एपी-4737

**मैं,** राज कुमार पुत्र स्वर्गीय अजमेर सिंह निवासी गांव लुखी मांण्डी तहसील झांसा जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरी पत्नी संदीप देवी पुत्री वीरा राम मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं इससे अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद करता हूं। इसके किसी भी कृत्य,लेनदेन अथवा संबंध की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। भविष्य में इनसे संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4727

## खोया-पाया

**मैं,** सुमन पत्नी सुशील कुमार निवासी तहसील एवं जिला कैथल ब्यान करती हूं कि मेरी असल रजिस्टर्ड सेल डीड नंबर 3618, दिनांक 14.08.2018 (जोकि कृष्णा पत्नी विजय कुमार के नाम है) दिनांक 01.07.2025 को मेरे घर से कहीं गुम हो गई है। इस संदर्भ में शिकायत नं 132280272501081 सदर थाना , कैथल में दर्ज करवा दी है। जिस किसी को भी यह सेल डीड मिले वह 15 दिनों के अंदर एडवोकेट जगबीर सिंह, चैम्बर नं. 180, जिला कोर्ट, कैथल, मो. 9896221114 को संपर्क करें।
एपी-4735

हमारी रजिस्ट्री प्रलेख नंबर 373 दिनांक 15.04.2015, जोकि, 17.8.2025 को हमारे घर से गुम हो गई है। जिसकी FIR नंबर 132400502502826 यमुनानगर शहर थाने में दर्ज है। अगर किसी को मिले तो वह तेजिंदर कौर पत्नी गुरशरण सिंह मकान नंबर 609,न्यू हमीदा कालोनी यमुनानगर को सूचित करें। मोबाइल नंबर 86848 44635
एपी-4736

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभान्वित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# दिल्ली के भलस्वा डंपिंग साइट को एक साल में किया जाएगा साफ: मनोहर लाल

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाडा के अंतर्गत लगाया रक्तदान शिविर : जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत आज जिला भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की सराहना की। यह रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में 405 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों की मदद करना था। स मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय ऊर्जा और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया जा रहा है। आज से देशभर में सेवा पखवाड़े की शुरुआत की जा रही है जो 2 अक्तूबर गांधी जयंती तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत देश भर में आज से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पूरे देश में रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण व स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती व 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। इसके साथ ही आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी पूजा स्थलों की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए मिलकर सहयोग करें। दिल्ली के भलस्वा डंपिंग साइट को एक साल में किया जाएगा साफ केन्द्रीय शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा दिल्ली के भलस्वा डंपिंग साइट में दशकों से जमा कूड़े के पहाड़ को एक साल के भीतर साफ करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस काम में देश भर के लोगों का सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर के अतिरिक्त जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,विधायक जगमोहन आनंद, असंध विधायक योगेंद्र राणा,मेयर रेनू बाला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, स्वच्छ भारत मिशन के वाईस चेयरमेन सुभाष चंद्र, एडवोकेट विजय वेदपाल, गुलाब सिंह मूनक, जिला उपाध्यक्ष साहिल मदान, महामंत्री सुभाष कश्यप व मानव पुरी, जिला प्रवक्ता शिवनाथ कपूर, जिला मीडिया प्रभारी डॉ अशोक, महिला मोर्चाध्यक्ष मीना कम्बोज, कार्यालय प्रमुख मदन गुज्जर, पूर्व महामंत्री सुनील गोयल, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, गौरव खुराना, मोहित सचदेवा, मोहन लोधी, शुभम गुप्ता, पार्षद संकल्प भंडारी, मौनिक गर्ग, संजीव मेहता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हरियाणा सरकार की बाढ़ प्रबंधन में तत्परता, 25 को लॉन्च होगी 'लाडो लक्ष्मी' योजना: मंत्री कृष्ण बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 18 सितंबर।** नरवाना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि इस बार प्रदेश में बाढ़ के दौरान सरकार और प्रशासन की ओर से जो मुस्तैदी दिखाई गई है, वह अभूतपूर्व रही है। उन्होंने दावा किया कि इस बार बाढ़ से सबसे कम नुकसान हुआ है और इसका श्रेय प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वयं सरकार की सक्रियता को जाता है, जिन्होंने मैदान में रहकर जनता के बीच काम किया और त्वरित राहत पहुंचाई। मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में भी बाढ़ आई थी, लेकिन इस बार जैसी तत्परता और कुशल प्रबंधन पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि सरकार ने हरियाणा ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता भेजी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमारी सरकार सिर्फ बयान नहीं, बल्कि काम करती है।

विपक्ष द्वारा सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए बेदी ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। विपक्ष का काम सिर्फ राजनीति करना और आरोप लगाना रह गया है, लेकिन जनता अब बहुत समझदार हो चुकी है और सच्चाई को अच्छे से पहचानती है। उन्होंने कहा कि पंजाब में तो खुद सरकार के प्रतिनिधि और विधायक ही अपनी सरकार और अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं। घग्गर एरिया के किसान तक यह कह रहे हैं कि हमें हरियाणा में मिला दिया जाए क्योंकि हरियाणा की व्यवस्था पंजाब से बेहतर है। यह बात इनेलो के नेताओं को भी सुननी चाहिए, जो बिना आधार के बयानबाजी करते रहते हैं।

कानून व्यवस्था को लेकर भी मंत्री बेदी ने विपक्ष को घेरा और कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है। विपक्ष जब विधानसभा में होता है, तब कुछ नहीं बोलता, लेकिन बाहर आकर बयान देता है। अगर कोई व्यक्ति या समूह प्रदेश में दहशत फैलाने या गुंडागर्दी करने की कोशिश करेगा, तो सरकार उससे सख्ती से निपटेगी। ऐसे लोगों की जगह गांव या सड़क पर नहीं बल्कि जेल में है। सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अपने क्षेत्र नरवाना की प्रगति को लेकर बोलते हुए बेदी ने कहा कि जींद जिले के सफाई के मामले में सिंघवाल गांव को प्रथम स्थान मिला है, और यह शुरुआत भर है। हम हलके के सभी 61 गांवों को इसी प्रकार मॉडल गांव के रूप में विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सिंघवाल गांव के सरपंच प्रदीप ने जब भी कोई मांग की, चाहे वह लाइब्रेरी हो या फर्नीचर, सरकार ने उसे पूरा किया है। सभी सरपंचों को हमने फ्री हैंड दिया हुआ है। जो भी बजट चाहिए, सरकार देने को तैयार है, क्योंकि हमारा लक्ष्य है कि नरवाना विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के किसी भी कोने से पीछे न रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2025-26: दिव्यांग छात्रों हेतु आवेदन शुरू

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने बताया कि दिव्यांगजन छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर लागू कर दी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना है। राज्य नोडल अधिकारी (दिव्यांगजन छात्रवृत्ति), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ के आदेशानुसार छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। पात्र छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र छात्र इस योजना से वंचित न रहे। अभिभावकों और छात्रों से आह्वान किया गया है कि वे समय पर आवेदन कर इस सुविधा का लाभ उठाएं। सरकार का यह कदम शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है।

### शिविर में सुनी लोगों की शिकायतें, मौके पर किया निस्तारण



**पानीपत (अप्रस)।** हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देश पर जिला सचिवालय सभागार में जनता समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 50 से अधिक शिकायतें सुनी गईं और कई का मौके पर ही निवारण किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम इसराना नवनीत नैन ने कहा कि जनता समाधान शिविर आमजन के लिए सहारा बन रहे हैं और हर समस्या का निवारण संभव है। पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए थाना प्रभारियों को समाधान की गति तेज करने को कहा। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि इन शिविरों से लोगों का प्रशासन पर विश्वास और गहरा हुआ है। शिविर में उषा रानी (वार्ड-3) ने बीपीएल राशन कार्ड, 6 वर्षीय आर्यन ने पालन-पोषण हेतु पेंशन, रीता (कच्चा कैंप) ने राशन उपलब्ध करवाने तथा सतबीर (चंदौली) ने बाबरपुर मंडी तक सड़क निर्माण की मांग रखी। मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. दिव्या साहनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामलीला के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यह जानकारी समिति के सचिव हेमंत सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में रामलीला के शुभारंभ से एक दिन पहले शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान की झांकी अत्यंत दर्शणीय रही। शोभा यात्रा का शुभारंभ वार्ड 12 की पार्षद मधु सैनी ने भगवान राम की आरती कर व झंडी दिखा कर किया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने शोभा यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समिति द्वारा प्रारंभ किए जा रहे रामलीला मंचन के निमंत्रण देने के उद्देश्य से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, ताकि पुरे क्षेत्र को इसकी जानकारी मिल सके। शोभा यात्रा प्राचीन नगर खेड़े से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला मंच पर संपूर्ण हुई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों सहित अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के इंदिरा गांधी नैशनल कालेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम दिन चित्रकारी, प्रश्नोत्तरी, भाषण व कविता-पाठ, मोनो-एक्टिंग, नारा लेखन इत्यादि साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा. कुशल पाल व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कालेज प्राचार्य डा. कुशल पाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। क्योंकि इन गतिविधियों में भाग लेने से छात्र-छात्राओं की छुपी हुई प्रतिभाएं सामने आती है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। युवा सांस्कृति प्रकोष्ठ के संयोजक डा. राजेश कुमार ने कहा कि आधुनिक युग में विद्यार्थियां का रूझान इस प्रकार की गतिविधियों की ओर न होकर मोबाईल फोन व सोशल मीडिया की तरफ अधिक हो रहा है, जो हमारे व समाज के लिए एक चिंता का विषय है। विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से हटकर मंच आदि से जुडना चाहिए, जिससे उनका बौद्धिक विकास हो सके।

## सांसद खेल महोत्सव के लिए मनोज कुमार बॉक्सिंग अकादमी पहुंची सांसद टीम

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 18 सितंबर।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं और खिलाड़ियों के लिए शुरू किए गए सांसद खेल महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने आज मनोज कुमार बॉक्सिंग अकादमी, समसीपुर का दौरा किया और वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को इस महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

टीम के सदस्यों ने युवा बॉक्सरों से संवाद करते हुए उन्हें बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें एक बड़े मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देना है।

इस अवसर पर अकादमी के कोच गौरव ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक नई ऊर्जा और उमंग लेकर आया है। यह महोत्सव खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण का एक मजबूत माध्यम है। हमें विश्वास है कि इस मंच से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे निकलेंगे और देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने खिलाड़ियों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें हर स्तर के खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा की भावना से ओत-प्रोत करेगा, और साथ ही उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन का भी संचार करेगा।

## जिला की 56 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि जाएंगे मथुरा और आगरा

पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट को विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरुवार को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 18 सितंबर।** विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा की ओर से पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के जिले के कुल 56 सरपंच जिनमें 21 महिला और 35 पुरुष शामिल हैं,ये सभी उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा का दौरा करेंगे। इन सभी को प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने हरी झंडी दिखाकर लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह से गुरुवार को रवाना किया।

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि यह एक्सपोजर विजिट 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक आयोजित होगी, जिसका संचालन पॉजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग पीवीटी लिमिटेड, गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। प्रतिभागियों को मथुरा और आगरा की ग्राम पंचायतों द्वारा शुरू की गई विभिन्न नवाचारी पहलों से रूबरू कराया जाएगा, ताकि वे इन अच्छी प्रथाओं को हरियाणा की पंचायतों में लागू कर सकें।

पंवार ने बताया कि इन सभी के साथ 6 महिला और 6 पुरुष अधिकारी भी नामित किए गए हैं जो आधिकारिक तौर पर उनके साथ कार्यशैलियों का जायजा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट,महिलाओं के लिए बनाए गए विशेष अस्पताल, स्वयं सहायता समूह के लिए बनाए गए बाजार,पार्क विद आउटडोर जिम,अमृत सरोवर,जलापूर्ति, स्थानीय महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर,वॉटर टैंक, वृद्धो के लिए ओल्ड एज होम, इत्यादि की जानकारी लेंगे।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ किरण सिंह ने बताया कि इस विजिट के लिए अलग-अलग पुरुष और महिला बसों की व्यवस्था की गई है। सभी प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड साथ रखना अनिवार्य किया गया है। सबसे पहले यह दल गांव नंगला चंद्रभान,मथुरा के फरा ब्लॉक और फातिहा गांव का दौरा करेंगे। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु खंड बापोली के वरिष्ठ कर्मचारी धवन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त संस्था के शैक्षिक समन्वयक लक्ष्य और गौरव कुमार भी पांच दिवसीय विजिट प्रोग्राम में प्रतिभागियों के साथ रहेंगे।

## मनोज नागर को सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया, नचोली गांव में खुशी की लहर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 18 सितंबर।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के नचोली गांव से समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज नागर को हरियाणा सरकार के सीएम विंडो के लिए एमिनेंट पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया है। मनोज नागर, बीर सिंह थानेदार के सगे भतीजे हैं। इस नियुक्ति को लेकर गांव के मौजिज लोगों कैप्टन सुरेंद्र सिंह, हरकिशन नागर, मामचंद नागर, मास्टर रणजीत सिंह नागर, पंडित प्रकाश, शिवदत्त, रविंद्र नागर, प्रदीप नागर, दुष्यंत नागर, टीकाराम नेता जी, रणवीर सरपंच, वीर सिंह थानेदार व सतेंद्र एडवोकेट सहित काफी संख्या में इलाके के लोगों ने प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर का भतौला स्थित उनके निवास पर पहुंचकर धन्यवाद कर आभार प्रगट किया है।

मनोज नागर ने अपनी नियुक्ति के बाद अपने चुनावी सहयोगियों और गांववासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷मैं दिल की गहराइयों से राजेश नागर, हरियाणा सरकार के मंत्री का धन्यवाद करता हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपने गांव और क्षेत्र के लोगों के लिए 24 घंटे कार्य करने का अवसर प्राप्त कर रहा हूं। थानेदार बीर सिंह ने भतीजे मनोज नागर की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ÷मनोज नागर वास्तव में एक समर्पित नेता हैं। उन्होंने हमेशा हमारे गांव और समाज के लिए काम किया है। हम सभी उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वे हमें और भी अधिक प्रेरित करेंगे।÷

मनोज नागर की नियुक्ति न केवल उनके लिए बल्कि पूरे नचोली गांव के लिए गर्व का क्षण है। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी है जो समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने हमेशा स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी है और अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का प्रयास किया है। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी मनोज नागर के प्रति अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं।

## लाडवा को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस हुई सक्रिय: थानाध्यक्ष जगदीश चंद

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 18 सितंबर।** लाडवा थानाध्यक्ष ने लाडवा को अपराध व अपराधी मुक्त बनाने के लिए वीरवार को लाडवा पुलिस थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक में सभी को सख्त आदेश जारी करते हुए कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अपराध व अपराधी को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभी पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी को पुरी लगन व इमानदारी से निभाएं और जनता से तालमेल बढ़ाए, ताकि जनता के सहयोग से बढ़ते अपराध को रोका जा सके। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेवारी है। इससे पूर्व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर जगदीश चंद ने लाडवा में लगाए गए पुलिस नाकों की चेकिंग की तथा पुलिस नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में सब इंस्पेक्टर मूल चंद, ए.एस.आई. संजीव कुमार, प्रवेश कुमार, सुरेश कुमार, महिंद्र ड्क्षसह, एस.ए.प्रदीप कुमार सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद थे। बैठक के बाद जानकारी देते हुए लाडवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर जगदीश चंद ने कहा कि लाडवा शहर इस समय 32 कैमरों व 6 पुलिस नाकों की देख-रेख में है। शहर में अपराध करके भागने वाला अपराधी अब कामयाब नहीं हो पाएगा। शराब के ठेके पर फायरिंग करने वालों के नजदीक पुलिस पहुंच चुकी है, जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उन्होंने कहा कि लाडवा में 6 पुलिस नाके लगाए गए है और जल्द ही एक-दो पुलिस नाके और पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर बढ़ाए जा सकते है।

## तन्नू जांगड़ा ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुण्डरी, 18 सितंबर।** कोणार्क अकादमी, लाडवा (कुरुक्षेत्र) में आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता 2025-26 (16 से 18 सितम्बर) में गवर्नमेंट हाई स्कूल, हजवाना की छात्रा तनु जांगड़ा (कक्षा 8वीं) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 आयु वर्ग, 23 कि.ग्रा. भारवर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। तनु जांगड़ा के पिता का नाम सतबीर सिंह कारपेंटर हैं। इस अवसर पर विद्यालय के हैड मास्टर सुरेन्द्र कुमार, पी.टी.आई. मनोज कुमार, कोच हरजीत सिंह, सरपंच शालू, प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ ने छात्रा की उपलब्धि पर खुशी जताई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा चाइल्ड डेवलपमेंट काउंसिल की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जूडो जैसे खेल न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। छात्रा तनु जांगड़ा की इस उपलब्धि से हजवाना गांव और विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। तन्नू अब नेशनल लेवल पर खेलेगी। तन्नू के पिता ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उनकी बेटी राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन करेगी। विद्यालय के हैड मास्टर सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में तन्नू के अलावा आर्यन, संधा, मोनिका, प्रतिज्ञा ने भी भाग लिया।

## नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दो सगी बहनों ने जीते चार गोल्ड

तमिलनाडू से प्रतियोगिता जीतकर लौटी दोनों बहनों का हुआ भव्य स्वागत

दोनों बहनें किक बॉक्सिंग में लगातार तोड़ रही हैं रिकार्ड

अक्तूबर में उज्जबेकिस्तान किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत का परचम लहराएगी बडी बहन रिद्धिमा कौशिक

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फ़रीदाबाद, 18 सितंबर।** शहर की बेटी रिद्धिमा कौशिक व उसकी बहन विधिका कौशिक ने किक बॉक्सिंग में एक बार फिर रिकॉर्ड तोडते हुए दो दो गोल्ड मेडल जीत प्रदेश का नाम रोशन किया है। तमिलनाडू से प्रतियोगिता जीतने के बाद दोनों बहनों का फरीदाबाद लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। सेक्टर 19 स्थित डीपीएस स्कूल की ये दोनों छात्रा खेलों में लगातार गोल्ड मेडल बटोर रही हैं। ड्रैंगन मार्शल लॉ एकेडमी के कोच दिव्या व संतोष थापा ने अन्य खिलाडियों के साथ दोनों बहनों का फूल मालाओं से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कोच संतोष थापा ने दोनों बहनों के लगातार गोल्ड मेडल जीतने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि तमिलनाडू में आयोजित चिल्ड्रन एंड कैडेट्स नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गुजरात, तमिलनाडू, छत्तीसगढ व आसाम समेत अन्य राज्यों से करीब 1500 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने किक लाइट व लाइट कॉन्टेक्ट में दो दो गोल्ड मेडल जीत हरियाणा का नाम रोशन किया। इससे पहले ये दोनों बहनें किक बॉक्सिंग व वूशु में गोल्ड मेडल बटोर कर प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। रिद्धिमा कौशिक 13 से 15 आयु वर्ग में अब अक्तूबर में होने वाले उज्जबेकिस्तान किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत का परचम लहराएगी। इसे लेकर रिद्धिमा कौशिक खूब पसीना बहा रही है। लगातार गोल्ड मेडल जीतने से गदगद रिद्धिमा कौशिक ने कहा कि अब उसका सपना वर्ल्ड कप जीतने का है।

दोनों बहनों की उम्र भले ही अभी कम है, लेकिन इन्होने किक बॉक्सिंग में जो महारथ हासिल की है, वह वाकई काबिलेतारिफ है।अब तक ये दोनों बहनें 50 से अधिक गोल्ड मेडल बटोर चुकी है। कोच संतोष थापा ने बताया कि ये बच्ची फरीदाबाद के सेक्टर 9 स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में करीब 9 साल से ड्रैगन मार्शल आर्ट ऐकेडमी में ट्रैनिंग कर रही है। शुरूआत में रिद्धिमा कौशिक ने फिटनैस व सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से ट्रैनिंग की गई थी, लेकिन आज वर्ल्ड स्तर की इंटरनेशनल खिलाडी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। दोनों बेटियों के गोल्ड मेडल जीतने पर प्रसन्नता जहिर करते हुए पिता सुरेंद्र कौशिक व माता रितु कौशिक ने बताया कि उनकी बेटी आए दिन खेलों में देश व प्रदेश को गौरन्वित कर रही है। हमें उम्मीद है कि एक दिन बेटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग व वूशु में पहले स्थान पर आकर भारत का नाम रोशन करेगी।

# मंगला गौरी व्रत कथा का पाठ करने से पूरी होती हैं हर मनोकामना, खुशहाल रहेगा वैवाहिक जीवन

मंगला गौरी व्रत भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित होता है। यह व्रत वैवाहिक सुख और मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। बता दें कि मंगला गौरी व्रत के दौरान इसकी कथा का पाठ करना महत्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि यह व्रत करने वाले जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसे में जो भी लोग मंगला गौरी व्रत करते हैं, उन लोगों को इसकी व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। वहीं इस व्रत को करने वाली महिलाओं को अखंड सौभाग्यवती का वरदान प्राप्त होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यहां पर मंगला गौरी व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं।



मंगला गौरी व्रत कथाः एक समय की बात है कि शहर में धर्मपाल नामक एक व्यापारी रहा करता था। धर्मपाल की पत्नी बहुत ज्यादा खूबसूरत थी और उसके पास काफी ज्यादा संपत्ति थी। लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। जिस कारण वह काफी ज्यादा दुखी रहा करते थे। हालांकि भगवान की कृपा से उनको एक पुत्र की प्राप्ति हुई, जिसका नाम सोमप्रकाश रखा लेकिन वह अल्पायु था। क्योंकि उनके पुत्र को यह श्राप मिला था कि 16 साल की आयु में सांप काटने से बच्चें की मौत हो जाएगी।

संयोगवश धर्मपाल के बेटे सोमप्रकाश की शादी 16 साल की उम्र से पहले सुमति नामक युवती से हुई। सुमति की मां मंगला गौरी व्रत करती थी और उसने अपनी बेटी सुमति को भी यह व्रत करना सिखाया। शादी के बाद सुमति ने पूरी श्रद्धा और विश्वास से मंगला गौरी का व्रत किया और मां पार्वती से अपने पति की रक्षा के लिए प्रार्थना की। माता मंगला गौरी सुमति की भक्ति से प्रसन्न हुई और सोमप्रकाश की अकाल मृत्यु को टाल दिया। ऐसे में माता मंगला की कृपा से सोमप्रकाश दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जीने लगा। साथ ही सुमति की भक्ति और व्रत के प्रभाव से उनका वैवाहिक जीवन भी सुखी रहा। इस व्रत के प्रभाव से सोमप्रकाश की आयु 100 साल हुई। जो भी नवविवाहित महिलाएं मंगला गौरी व्रत करती हैं और पूरे श्रद्धा और विश्वास से पूजा करती हैं। उनका वैवाहिक जीवन सुखमय होता है और हर मनोकामना पूरी होती हैं।

# महापुरुषों ने तो विशुद्ध धर्म प्रदान किया अशुद्धता तो बाद में आई



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

गाय निरोल-निर्मल दूध ही दिया करती है। गाय की तरफ से कोई कसर नहीं हुआ करती। लेकिन वही दूध जब हमारे घरों में पहुंचता है, हमारी दहलीज पर पहुंचता है तो हम सभी जानते हैं कि उसका क्या रुप होता है। उसमें पानी अधिक मिला दिया जाता है या क्रीम निकाल ली जाती है। कहने का भाव कि महापुरुषों ने तो विशुद्ध धर्म प्रदान किया। अशुद्धता तो बाद में आई। कोई यदि कहे कि हज़रत ईसा मसीह जी ने ईसाई धर्म को स्थापित किया तो यह ठीक नहीं जान पड़ता। उन्होंने तो मानव धर्म स्थापित किया। हज़रत मुहम्मद साहब ने भी इन्सानियत का ही धर्म स्थापित किया। श्री गुरु नानक देव जी महाराज ने भी इन्सानियत का ही धर्म स्थापित किया। कहने का भाव कि सभी सन्तों ने एक इन्सानियत का धर्म ही स्थापित किया। इसीलिए तो अपने वचनां में कह रहे हैं कि-

**पांच तत्व का पुतला नानक मेरा नाऊं।**

कहते हैं कि मैं पांच तत्व का पुतला हूं और नाम नानक रखा है परिवार वालों ने। मानवता का संदेश देने वाले, ज्ञान दृष्टि प्रदान करने वाले एक ही निराकार के भक्त हों तो इससे बढ़कर क्या धर्म होगा? मानवता का धर्म ही हर सन्त ने स्थापित किया है। इसी के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समिर्पित किया। अनेक प्रकार की विपदाओं का सामना किया, अनेक प्रकार की घृणा का सामना किया, बदनामियों का सामना किया; लेकिन उन्होंने सदा मानव धर्म को स्थापित करने की ही चेष्टा की और वही संदेश हर इन्सान को दिया। अभी भी उसी धर्म को अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है। यह धर्म हम सही मायनों में अपना लें और इसे कोई ओर रंग दिये बगैर, निरोल इसको इसके असली स्वरुप में रखें ताकि इन्सान और इन्सान में नज़दीकी पैदा हो। सब विशालता के साथ दृढ़ हो जायें।

हमें संकीर्णता से उभरना है। जब तक विशालता में नहीं आयेंगे तब तक हम धर्मी नहीं, अधर्मी ही होंगे। हम कोई सुन्दर देन न दे पायेंगे। समाज, देश, संसारकी हम हानि ही करते जायेंगे। महापुरुष कहते हैं कि धर्म के नाम पर इन्सान तूने कोई ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे तेरा नुकसान हो, तेरा पतन हो। तूने मानवता के धर्म को ही उजागर करना है और इसी को स्थापित करने का प्रयास करना है।




**नोकरियां यहां देखें**

**बीपीएससी में असिस्टेंट प्रोफेसर के**
कुल पदः18
आवेदन की अंतिम तिथिः 20 सितंबर, 2025
योग्यताः बीएचएमएस
आयु सीमाः 27 से 45 साल
करें आवेदनः
**bpsc.bihar.gov.in**

**सीजी व्यापम मे वार्ड बॉय के**
कुल पदः 50
आवेदन की अंतिम तिथिः 24 सितंबर, 2025
योग्यताः आठवीं पास
आयु सीमाः18 से 35 साल
करें आवेदनः
**vyapamcg.cgstate.gov.in**

**बीएसएससी सी जी एल में प्लानिंग असिस्टेंट के**
कुल पदः 1481
आवेदन की अंतिम तिथिः 19 सितंबर, 2025
योग्यताः यू जी
आयु सीमा
करें आवेदनः
**onlinebssc.c**

**इंडियन ओवरसीज बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफीसर्स के**
कुल पदः 127
आवेदन की अंतिम तिथिः 3 अक्टूबर, 2025
योग्यताः यूजी, बीटेक व अन्य
आयु सीमाः 24 से 40 साल
करें आवेदनः
**ibps.in**

**एआईआईएमएस बिलासपुर में टीचिंग के**
कुल पदः 90
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 सितंबर 2025
योग्यताः डीएनबी
आयु सीमाः पद अनुसार
करें आवेदनः
**aiimsbilaspur.edu.in**

**एनएचएम मुर्शिदाबाद में एम ओ के**
कुल पदः 63
आवेदन की अंतिम तिथिः10 अक्टूबर, 2025
योग्यताः एमबीबीएस
आयु सीमाः पद के अनुसार कन्या
करें आवेदनः
**wbhealth.gov.in**

**जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए arthparkash.com देखें**

## क्रोमा की आईफोन 17 पर खास पेशकश-क्रोमा स्टोर, ट्राइब बाय क्रोमा, क्रोमा.कॉम और टाटा न्यू पर उपलब्ध

चंडीगढ़। टाटा समूह से जुड़ी भारत की अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी, क्रोमा ने आज क्रोमा स्टोर, ट्राइब बाय क्रोमा आउटलेट, क्रोमा.कॉम और टाटा न्यू ऐप पर नए आईफोन 17 की रेंज पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। लॉन्च अभियान 19-27 सितंबर तक सेल विंडो के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 26 अक्टूबर तक विस्तारित ऑफर दिए जाएंगे, और उसके बाद भी कुछ चुनिंदा लाभ जारी रहेंगे। इनफिनिटी रिटेल लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने इस घोषणा पर अपनी टिप्पणी में कहा, हर साल ग्राहक बेहतरीन एक्सचेंज मूल्य, पारदर्शी वित्तपोषण विकल्प, सुनिश्चित एक्सेसरीज़ और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ सबसे भरोसेमंद आईफोन खरीदारी अनुभव के लिए क्रोमा की ओर रुख करते हैं। हमारे विशेष आईफोन 17 ऑफर के साथ, हमने अपने क्रोमा स्टोर, ट्राइब बाय क्रोमा, कोमा.कॉम और टाटा न्यू जैसे हर चैनल पर नया फोन खरीदने की प्रक्रिया को आसान बना दिया है, ताकि ग्राहक अपनी पसंद का आईफोन चुन सकें और सार्थक बचत और लाभ (रिवॉर्ड) हासिल कर सकें।

## अपने त्योहारी खर्चों को बचाएं- धोखाधड़ी को पहचानें और उसे रोकें

चंडीगढ़। त्योहारी मौसम आकर्षक डील्स, विशाल चयन और खरीदारी की असीमित संभावनाएँ लेकर आ रहा है। इसी समय, झूठे ऑफरों में भी बढ़ोतरी दिख रही है, साथ ही कई प्लेटफॉर्मों पर गुमराह करने वाले संदेश प्रसारित हो रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को भरोसे के साथ खरीदारी करने में मदद के लिए, अमेजन सभी को चौकन्ने रहने की याद दिला रहा है और बता रहा है कि आपके ऑनलाइन खरीदारी अनुभव को तहस-नहस करने वाले बुरे तत्वों से खुद को बचाकर रखें। चाहे संदेश 'विशेष त्योहारी डील का हो, त्वरित खाता पुष्टिकरण के लिए कहा गया हो, या कोई संदेहास्पद लिंक जो अमेजन या किसी अन्य शापिंग वेबसाइट से भेजे जाने का दावा करता हो, खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे इस पर क्लिक करने, इसे शेयर करने या इसके ?रिये किसी तरह का भुगतान करने से पहले कुछ पल विचार लें।अमेज़न इंडिया के जनसंपर्क एवं संचार निदेशक अश्विनी सम्राज ने कहा, त्योहारों में आपके घर में खुशियाँ भरनी चाहिए, चिंता नहीं। यदि कोई भी चीज़ देखकर आपका दिल तेज़ी से धड़कने लगता है, जैसे - 'अभी कार्रवाई करें;' 'शुल्क चुकाएँ;' 'किसी अनजान खरीदारी की पुष्टि करें' - तो इसे ख़तरे की घंटी समझें, न कि क्लिक करने का एक कारण। हकीकत की पुष्टि करने के लिए अमेज़न ऐप या वेबसाइट पर लॉग इन करें, हमारी सुरक्षा का फायदा उठाएँ और किसी भी संदिग्ध वस्तु की रिपोर्ट करें।

## स्विगी और कैटर्सपॉइंट ने लॉन्च किया एक्सक्लूसिव हाई-प्रोटीन मेनू

चंडीगढ़। स्विगी लिमिटेड ने आज कैटर्सपॉइंट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। कैटर्सपॉइंट एक हेल्थ-फ़ॉरवर्ड फ़ूड ब्रांड है, जो अपने पौष्टिक और संतुलित भोजन के लिए जाना जाता है। इस सहयोग के साथ, बेंगलुरु, चंडीगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में स्विगी ग्राहक केवल स्विगी ऐप पर फ्लैट 150 रुपए की छूट के साथ कैटर्सपॉइंट की विशेष रूप से तैयार की गई हाई-प्रोटीन रेंज का आनंद ले सकते हैं। यह ऑफर 30 सितम्बर 2025 तक मान्य है और 5 शहरों में फैले कैटर्सपॉइंट के 18 आउटलेट्स पर केवल स्विगी पर ही उपलब्ध होगा।कैटर्सपॉइंट के हाई-प्रोटीन मेन्यू में 37+ डिशेज़ शामिल हैं, जिनमें 30 लोकप्रिय मौजूदा आइटम्स और स्विगी पर एक्सक्लूसिव लॉन्च किए गए। नए व्यंजन शामिल हैं। इस विस्तृत रेंज में सैंडविच, बाउल्स, सलाद और शेक्स शामिल हैं। कुछ प्रमुख आइटम्स में फालाफल ह्यूमस पावर बाउल, वियतनामी बारबेक्यू चिकन सैंडविच, होममेड पनीर टिक्का सैंडविच और चिकन सीज़र सलाद का समावेश हैं। वहीं नए लॉन्च किए गए व्यंजनों में पेस्टो एवोकाडो सैंडविच, मैक्स प्रोटीन बाउल, एग एंड चिकन सैंडविच, चना और पालक सलाद, प्रोटीन बूस्ट शेक और ह्यूमस फालाफल सैंडविच शामिल हैं। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए स्विगी के वाइस प्रेसिडेंट-फ़ूड स्ट्रैटेजी, कस्टमर एक्सपीरियंस और न्यू इनिशिएटिव्स, दीपक मालू ने कहा, स्विगी में, हम अपने यूज़र्स के लिए संतुलित और प्रोटीन-समृद्ध भोजन को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025,स्मार्टफोन्स पर जबरदस्त ऑफर्स, प्राइम मेंबर्स को 22 सितम्बर को 24 घंटे पहले एक्सेस मिलेगा

**शिमला।** अमेज़न इंडिया का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025, 23 सितम्बर से शुरू हो रहा है, जो ग्राहकों के लिए सैमसंग, एप्पल, वनप्लस, आईक्यू ओओ, शाओमी, रियलमी, लावा और अन्य टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोन्स और एक्सेसरीज़ पर साल की सबसे कम कीमत लेकर आ रहा है। प्राइम मेंबर्स के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू होगी। खरीदार स्मार्टफोन्स और मोबाइल एक्सेसरीज़ की विस्तृत रेंज से चुन सकेंगे, जिसमें वायरलेस ईयरबड्स, चार्जिंग सॉल्यूशन्स और प्रोटेक्टिव केस शामिल हैं। आकर्षक फाइनेंसिंग विकल्प जैसे इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, कूपन ऑफर्स, 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के साथ, प्रीमियम स्मार्टफोन्स और गैजेट्स अब पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गए हैं।

# हमारी ज्ञानेंद्रियों से मन-मस्तिष्क होता है प्रभावित: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** जीवन कभी निराशाजनक नहीं है बल्कि हमारा मस्तिष्क चूंकि बहुत ज्यादा अपेक्षाओं से भरा है और वे अपेक्षाएं निराशाजनक हैं। जीवन बहुत सुंदर है लेकिन मस्तिष्क की अपेक्षाओं ने उसे कब्जा लिया है। आपकी महत्वाकांक्षाओं के लिए आप ही जिम्मेदार हैं। आप अपनी महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाते चले जाते हैं और दुःखी रहते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि आपकी महत्वाकांक्षा नहीं होना चाहिए लेकिन आप अपनी महत्वाकांक्षाओं के दास नहीं होने चाहिए। जब आप महत्वकांक्षाओं के अधीन होकर जीवन को भूल जाते हैं तब सारी गड़बड़ होती है। अपने महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण रखें तो सबकुछ अच्छा है लेकिन जब आप महत्वाकांक्षाओं से संचालित होने लगते हैं तो मुश्किल पैदा होती है। इसलिए अगर जीवन में प्रसन्नता पाना है तो अपना ध्यान उन चीजों पर लगाइए जो आपके पास है बजाय कि उन चीजों के बारे में सोचने के जो आपके पास नहीं हैं। धैर्य के साथ जीवन को जिएं। गति को थोड़ा कम कर दें और फिर देखें जीवन प्रसन्नता



से भर जाएगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा हर मनुष्य आनंद चाहता है। वह इसलिए कि यह जीवन परमानंद का अंश है। यानी मानव अंश है, तो परमपिता अंशी हुआ। इस आनंद की प्राप्ति के लिए परमपिता ने वैविध्यपूर्ण संरचना की है। हमारी ज्ञानेंद्रियों से मन-मस्तिष्क प्रभावित होता है। इसका आशय हुआ कि ज्ञानेंद्रियां यदि आनंद संग्रहित कर रही हैं, तो जीवन में आनंद और यदि दुख संग्रहित कर रही हैं तो जीवन कष्टदायी और नर्क जैसा हो जाता है। सभी जानते हैं कि ज्ञानेंद्रियों में आंख, कान, नाक, जीभ, और त्वचा को शामिल किया जाता है। मनुष्य को चाहिए कि वह आनंद के लिए इन सारी ज्ञानेंद्रियों से संतुलन, समन्वय और सामंजस्य स्थापित करके चले। भौतिकवादी युग में हर काम इसके विपरीत हो रहा है। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया जीवन में खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें। सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए। बुद्धि खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बदतर है। पुराना आदमी नैतिक था व्यक्तित्व खोकर। व्यक्तित्व खोकर नैतिक होना अनैतिक होने से भी बुरा है। पुराना आदमी समूह का एक अंग था, व्यक्ति नहीं। उसके पास कोई व्यक्तित्व न था।

## पंचांग

शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:08 ए एम, सूर्यास्तः 06:21 पी एम, चन्द्रोदयः 04:33 ए एम, सितम्बर 20, चन्द्रास्तः 05:05 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः आश्विन, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 11:36 पी एम तक, नक्षत्रः अश्लेशा - 07:05 ए एम तक, योगः सिद्ध - 08:41 पी एम तक, करणः गर - 11:27 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 11:36 पी एम तक, सूर्य राशिः कन्या, चन्द्र राशिः कर्क - 07:05 ए एम तक, राहुकालः 10:43 ए एम से 12:15 पी एम, गुलिक कालः 07:40 ए एम से 09:11 ए एम, यमगण्डः 03:18 पी एम से 04:50 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:39 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:35 ए एम से 09:23 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:39 पी एम से 01:28 पी एम, अमृत कालः 05:35 ए एम, सितम्बर 20 से 07:15 ए एम, सितम्बर 20

## भविष्य फल



**मेषः** परिवारिक सामंजस्य बना रहेगा। आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा।आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबे टूर पर जा सकते हैं।

**वृषः** कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुनः** आज यात्रा से थकावट महसूस करोगे। अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए आपने बहुत मेहनत की है और आपकी मेहनत रंग लाई है।

**कर्क :** किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

**सिंहः** खास लोग ऐसी किसी भी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना नजर आए और विशेष हो।जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें।

**कन्याः** आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके हर्षोल्लास में दुगुनी वृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे।

**तुलाः** आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिये आज पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आएगा।

**वृश्चिकः** आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए। अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं।

**धनुः** आज आप नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। घर व दोस्तों के बीच अपनी स्थिति सुधारने के बारे में सोचें। आज आपका मन कुछ अधिक भावनाशील रहेगा।

**मकरः** कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा करेंगे। पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है।

**कुंभः** घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**मीनः** कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं, ध्यान रखें।

# मण्डियों में फसल लेकर आने वाले किसानों को मिले सभी मूलभूत सुविधाएं: सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि अनाज मण्डी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए धान खरीद केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, साफ-सफाई, बिजली, शौचालय, तुलाई मशीन, बोरी और तिरपाल आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उपायुक्त सुशील सारवान ने गुरूवार को लघु सचिवालय में खरीफ खरीद सीजन की तैयारियों को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धान की खरीद समय पर और पारदर्शिता के साथ की जानी चाहिए।

किसानों के फसल के भुगतान तय समय सीमा में हो उसके लिए किसी भी प्रकार की देरी न हो। इसके लिए मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा आढ़तियों आपस में समन्वय बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां समय रहते पूरी करें और नियमित रूप से रिपोर्ट



प्रस्तुत करें।सभी मण्डियों में किसानों के लिए कैंटिन की व्यवस्था हो जहां किसानों को 10 रूपये में खाना मिल सके।उपायुक्त ने बताया कि जिला में धान की खरीद के लिए जिला की सात मण्डियां अलॉट की गई हैं, जिनमें गन्नौर, गोहाना, सोनीपत, खरखौदा, कथूरा, कासंडी तथा जाखौली शामिल है। इसके अलावा बाजरे की खरीद के लिए तीन मण्डियां अलॉट की गई है, जिनमें खरखौदा, सोनीपत व गोहाना की मण्डी शामिल है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कॉमन धान के लिए 2369 तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रूपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है। इसके अलावा बाजरा 2775 रूपये प्रति क्विंटल तथा मक्का 2400 रूपये प्रति क्विंटल रेट निर्धारित किया गया है।

## एजीआईएफ 2025 में शीर्ष ब्रांड्स के उत्पादों पर आकर्षक डील्स

चंडीगढ़। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ ) 2025, 23 सितंबर 2025 से शुरू हो रहा है और घर, रसोई तथा बाहरी उत्पादों की व्यापक रेंज पर आकर्षक डील्स लेकर आ रहा है। प्राइम सदस्यों के लिए यह सेल 24 घंटे पहले शुरू हो जाएगी। ग्राहक रोबोटिक वैक्यूम्स, वाटर प्यूरीफायर, फर्नीचर, सजावट, रसोई की जरूरी चीजों और त्योहारों में रोशनी के लिए आवश्यक चीजों के साथ अपने लिविंग स्पेस को और भी सुंदर बना सकते हैं। बैंक छूट के साथ ब्रांडों से डील्स पाएँ, जिससे कई घरेलू श्रेणियों में बड़ी बचत होगी तथा इस अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में और भी बहुत कुछ मिलेगा। एसबीआई कार्ड पर 10 प्रतिशत त्वरित छूट, साथ ही एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंकों के क्रेडिट और डेबिट कार्डो पर 17,500 रुपये तक की छूट प्राप्त की जा सकती है। उपकरणों और फर्नीचर पर नो-कॉस्ट ईएमआई, प्राइम सदस्यों के लिए अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिक कार्ड पर 5त्न असीमित कैशबैक और इसके साथ ही रिवार्ड गोल्ड प्रोग्राम के अंतर्गत 15 से अधिक श्रेणियों में असीमित कैशबैक प्राप्त किया जा सकता है ।खाना पकाने और परोसने के उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट, उपकरणों पर 45 प्रतिशत की छूट के साथ-साथ घरेलू सजावट, फर्नीचर, गद्दों और सुधार के उत्पादों पर 60-80त्न की छूट प्राप्त की जा सकती है ।

## वार्ड नंबर 20 में 1 करोड़ 45 लाख रु की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** वीरवार को विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन और वार्ड नंबर 20 के पार्षद नीतू दहिया के साथ मिलकर वार्ड 20 में लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे जिन्होंने विधायक और मेयर का विकास कार्यो के लिए आभार जताया और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 20 में प्रगति नगर की 3 गलियों को, जैन बाग कॉलोनी की 3 गलियों, शिवा शिक्षा सदन स्कूल की मुख्य गली को सीसी से 95 लाख रुपए की लागत



से नवनिर्माण किया जाएगा। साथ ही शहर की सभी सड़कों का मरम्मत और नवनिर्माण का कार्य शुरू किया जा चुका है।

विवेकानंद चौक के पास सड़क की सी सी से मरम्मत जारी है। गेटवे स्कूल के सामने और ओल्ड डीसी रोड को बनाने का टेंडर हो चुका है, कुछ ही दिन के दोनों सड़कों को बना दिया जाएगा।इस अवसर पर निगम पार्षद नीतू दहिया, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी,नरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा,नीरज सोनी, श्री प्रकाश, रणबीर, डीएसपी राजेंद्र, होशियार सिंह सैनी, राहुल शर्मा ,मास्टर रामकुमार, डॉक्टर पवार,अजय ठेकेदार, मास्टर जिले सिंह, ओमवीर धनखड़, सी एल शर्मा, कंचन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, पवन तनेजा,सागर चोपड़ा,मोहित गौड़, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# जीएसटी रिफॉर्म देशवासियों के लिए प्रधानमंत्री का दीवाली गिफ्ट: मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रेस वार्ता करते हुए हालिया जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के लिए एक बड़ा दीवाली गिफ्ट करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीपावली का उपहार है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितम्बर से, यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री जी ने जिस टैक्स रिफॉर्म की घोषणा की थी, उसके परिणाम महज 20 दिनों में सामने आ गए। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में 3 सितम्बर को लिए गए फैसले अब लागू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। अब जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार किया गया है। पहले चार स्लैब–5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत लागू थे। लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब–5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत–को रखा गया है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरें समाप्त कर दी गई हैं। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स यथावत रहेगा। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार–हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5 प्रतिशत या 0 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

### शिक्षा क्षेत्र को भी फायदा

मुख्यमंत्री ने बताया क नोटबुक, पेंसिल और अन्य शिक्षण सामग्री पर टैक्स पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। यह फैसला छात्रों और अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं और विद्यार्थियों को छूट दी है, वहीं तंबाकू और पान मसाला जैसे उत्पादों पर टैक्स दर बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है।

### टैक्स प्रणाली हुई और पारदर्शी

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिए टैक्स रजिस्ट्रेशन ऑटो–अप्रूव कर दिया गया है। टैक्स रिफंड की प्रक्रिया भी तेज की गई है। साथ ही रिस्क–आधारित कंप्लायंस और श्रम सुधार भी लागू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी से पहले देश का टैक्स संग्रह केवल 7 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। टैक्स पेयर्स की संख्या भी 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है।

इससे न सिर्फ रोज़मर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5त्न कर दिया गया है। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल किसानों को राहत देगा बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है।

योगी सरकार ने खीरी में पेश की जनसहभागिता की मिसाल

# 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट बनीं बाढ़ पीड़ितों का संबल

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम








लखनऊ/लखीमपुर खीरी। कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। ये पंक्तियां योगी सरकार के लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन पर पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आपदा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां पर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। यह किट योगी सरकार द्वारा सरकारी वित्तीय सहायता, मुआवजा और राहत किट के अतिरिक्त वितरित की जा रही है। इस किट को जिलाधिकारी की पहल पर 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। इसी के साथ खीरी पूरे प्रदेश में ऐसा पहला जिला हैं, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब 900 रुपये है। बता दें कि पिछले वर्ष भी आपदा की घड़ी में सीएम योगी के मार्गदर्शन में सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया गया था।

जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं। उनके द्वारा न केवल आपदा की घड़ी में पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करायी जाती है बल्कि वह खुद पीड़ितों पर दर्द साझा करने के लिए उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछते रहते हैं। इसी क्रम में सीएम योगी की दूरदर्शी सोच को आत्मसात करते हुए सरकारी सहायता के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किट को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए जिले की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों के सभी बाढ़ प्रभावित गांव में निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही हर जरूरतमंद को स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को सदर तहसील में विधायक योगेश वर्मा के साथ जरूरतमंदों को सीएसआर स्पेशल किट वितरित की।

# किशोर स्वास्थ्य देखभाल एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के अंतर्गत 18 सितम्बर 2025 को चिकित्सा निदेशक डॉ. संजीव कुमार हन्डू तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य देखभाल एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त मुख्य स्वास्थ निदेशक डॉ. कल्पना मिश्रा ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा किशोर स्वास्थ्य देखभाल एवं मासिक धर्म स्वच्छता पर विस्तृत जानकारी दी द्य जिससे मौजूद किशोरों तथा मरीजो को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

चिकित्सा निदेशक डॉ. संजीव कुमार हन्डू ने सभा को सम्बोधित किया और कार्यक्रम के महत्त्व की सराहना की और किशोरों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य स्वास्थ निदेशक डॉ. उषा यादव, (नोडल ऑफिसर एस. एन. एस. पी. ए.) ने सभा को संबोधित किया इस सभा में लगभग 50 से 60 लाभार्थियों ने इसका लाभ लिया। इस कार्यक्रम में मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोजा, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक मोदेस्ता टोपनो, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंध्र प्रदेश में सभी को 2.5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराएगी सरकार: मुख्यमंत्री नायडू

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



विशाखापत्तनम। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एनडीए सरकार जन स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ विशाखापत्तनम में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मोदी को सही समय पर सही नेता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुरू किए गए जीएसटी सुधारों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी सुधारों से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य के लिए नमक, चीनी और तेल का उपयोग कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 2 अक्टूबर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष स्वास्थ्य क्षेत्र पर 19,264 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना शुरू की है। इसके अलावा, एनटीआर वैद्य सेवा ट्रस्ट गरीबों के 25 लाख रुपये तक के इलाज का खर्च वहन करेगा। उन्होंने कहा कि बिल गेट्स ट्रस्ट और टाटा कंपनी के सहयोग से सभी के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए संजीवनी परियोजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत तीन गैस सिलेंडर मुफ्त वितरित किए गए, आरटीसी सेवाओं में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा सुविधा शुरू की गई। उन्होंने कहा कि एक लाख महिलाओं को उद्यमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने विशाखापत्तनम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अच्छे लोगों वाला सबसे अच्छा शहर है और महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर भी है। उन्होंने कहा कि विशाखापत्तनम देश में एक समृद्ध शहर के रूप में उभरेगा।

# निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सफ़ल आयोजन



अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

अंबाला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र शांतिधाम दयाल बाग में निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सुव्यवस्थित सफ़ल आयोजन किया गया। यह कैंप नमिषा फाउंडेशन ट्रस्ट एवं ब्रह्माकुमारीज़ मेडिकल विंग (आरईआरएफ) के सहयोग से हुआ।

इस भव्य कैंप का शुभारंभ नमीषा फाउंडेशन के फाउंडर राजेश चौधरी उनकी धर्मपत्नी अल्का चौधरी, उनके सुपुत्र रचित व पुत्रवधू गीतांजलि व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, ब्रह्माकुमार राकेश मेहता और कैंप में आए हुए सभी मुख्य अतिथि व डॉक्टर्स ने दीप प्रज्वलित कर किया।

नमीषा फाउंडेशन ट्रस्ट से गीतांजलि जी ने ट्रस्ट की शुरुआत के बारे में बताते हुए कहा कि राजेश और उनकी धर्मपत्नी अल्का ने अपनी धर्मपुत्री नमीषा की याद में इसकी शुरुआत की थी। नमीषा का व्यक्तित्व बहुत स्ट्रॉन्ग ओर इंस्पायरिंग था। नमीषा के इसी जज्बे से प्रेरित होकर ये ट्रस्ट बना।

मुख्य अतिथि अंबाला तहसीलदार प्रियंका ने कहा स्पिरिचुअलिटी और मेडिसिन दोनों को जब हम अपनाते हैं तो हर तरह की बीमारी से मुक्त होकर एवर हेल्दी निरोगी बन सकते हैं, और ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सिखाए जाने वाला राजयोग व्यक्ति को अच्छा इंसान बनाता हैं।

# आंध्र प्रदेश विधानसभा ने जीएसटी सुधारों पर पीएम मोदी को दी बधाई

चंद्रबाबू की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी



अमरावती। आंध्र प्रदेश विधानसभा ने आज जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के संबंध में 56वीं जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया।

भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीएसटी सुधारों को लागू करने के लिए नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी संरचना को सरल और युक्तिसंगत बनाने के दूरदर्शी कदम से आम आदमी को सीधा लाभ होगा और व्यवसायों पर अनुपालन का बोझ कम होगा तथा कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक सुधार सहकारी संघवाद को और मजबूत करेगा, व्यापार करने में आसानी, व्यापार की गति को बढ़ावा देगा और श्रम-प्रधान क्षेत्रों को समर्थन प्रदान करेगा। यह उपभोग को बढ़ावा देगा, निवेश को बढ़ावा देगा और हमारे देश की अर्थव्यवस्था के निरंतर विकास में योगदान देगा। ये सुधार भारतीय कंपनियों के विकास को गति देंगे जिससे भविष्य में स्वदेशी उपभोग पैटर्न को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय ब्रांड वैश्विक बनेंगे। उन्होंने इन सुधारों के लिए जीएसटी परिषद में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने में उनके अनुकरणीय नेतृत्व के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी धन्यवाद किया। सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया और उसे पारित कर दिया।

इस बीच, वित्त मंत्री पय्यावुला केसव ने दूसरी पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को मज़बूती देने के लिए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की सराहना करते हुए एक और प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने आम आदमी के हित में इस कदम का पुरज़ोर समर्थन किया है, हालाँकि राज्य के राजस्व को अल्पकालिक नुकसान हो सकता है। देश के इतिहास में इन महत्वपूर्ण सुधारों का समर्थन करने में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर रहा। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने इस सामूहिक निर्णय में रचनात्मक योगदान दिया है जो स्वर्ण आंध्र प्रदेश के सपने को साकार करेगा। सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया और उसे पारित कर दिया।

# विधायक मनमोहन भड़ाना ने सेवा पखवाड़े के तहत प्रबुद्ध जन सम्मेलन और स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन

भाजपा केवल राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा को ही संगठन का आधार मानती है

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा।** शहर के नेशनल हाइवे स्थित विधायक कार्यालय पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक मनमोहन भडाना नें मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। जहां उपस्थितजनों नें पुष्प वर्षा कर स्मृति चिन्ह से भव्य स्वागत किया। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर स्वच्छता शपथ दिलाई गई। वहीं विधायक मनमोहन भड़ाना नें प्रबुद्ध सम्मेलन में कहाँ कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा को ही संगठन का आधार मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा सेवा ही संगठन का संदेश दिया है और सेवा पखवाड़ा सप्ताह इस विचारधारा को मजबूत करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाबद्ध ढंग से कार्यक्रम आयोजित करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़े।

विधायक मनमोहन भड़ाना नें पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके कार्यकाल की तारीफ करते हुए कहा कि उनका दिल बहुत बड़ा हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। गरीब महिला एवं माता का विशेष ख्याल रखते हैं। देश भर में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है। केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने दो अक्टूबर तक देशभर में स्वास्थ्य शिविर लगाने से लेकर स्वच्छता अभियान चलाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेलों और बुद्धिजीवियों के समागम तक कई तरह के जन संपर्क, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

इमानदारी, ट्रांसपेरेंसी बिजनेस या सरकारी कामकाज में देखने को मिलती हैं। पहले अपना काम करवाने के लिए नेताओं के चक्कर काटने पड़ते थे पर आज आप अपनी फाइल लगाओ अगर आपके माप दंड पूरे करते हो तो आपके सारे काम बनते हैं भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ता, नेता, मंत्री, मुख्यमंत्री सब एक लाइन में है कोई अलग नहीं है आप बीजेपी से जुड़े हुए आपके सीने पर अगर कमल का निशान लगा हुआ है आपको वही सम्मान मिलेगा जो एक मंत्री को मिलता है।

# मकान पट्टे रद्द करने पर जगन ने चंद्रबाबू सरकार को घेरा, बताया गरीब विरोधी फैसला



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर पिछली सरकार के दौरान पेदलं अंदरिकी इल्लू गरीबों को मकान योजना के तहत आवंटित मकान के पट्टे रद्द करके लाखों गरीब महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वाईएस जगन ने कहा कि इस गरीब विरोधी फैसले का हर कदम पर विरोध किया जाएगा और आश्वासन दिया कि वाईएसआरसीपी कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से इसका मुकाबला करेगी।

वाईएस जगन ने याद दिलाया कि उनके पाँच साल के कार्यकाल के दौरान, सभी पात्र गरीब परिवारों को मकान के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए एक ऐतिहासिक आवास कार्यक्रम शुरू किया गया था। महिला लाभार्थियों के नाम पर कुल 31,19,000 पट्टे वितरित किए गए, जिनमें 71,800 एकड़ भूमि शामिल थी। सरकार ने भूमि अधिग्रहण पर 11,871 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि इन ज़मीनों का बाजार मूल्य 1,50,000 करोड़ रुपये से अधिक आंका गया था। उन्होंने बताया कि प्रत्येक भूमि की कीमत 2,50,000 रुपये से 15,00,000 रुपये के बीच थी, जिससे लाखों परिवारों को अचल संपत्ति का स्वामित्व प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि राज्य भर में 17,005 कॉलोनियों के निर्माण के साथ 21,75,000 घरों को मंज़ूरी दी गई। कोविड चुनौतियों के बावजूद, 9,00,000 से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो गया। 12 अक्टूबर, 2023 को एक ही दिन में रिकॉर्ड 7,43,000 घरों का उद्घाटन किया गया, जिसने एक राष्ट्रीय मानक स्थापित किया। लाभार्थियों को सब्सिडी वाले सीमेंट, स्टील, मुफ्त रेत और ब्याज मुक्त ऋ्रण भी प्रदान किए गए, जिससे केंद्रीय अनुदान के साथ-साथ प्रति परिवार 2,70,000 रुपये का अतिरिक्त लाभ सुनिश्चित हुआ।

इसके ठीक विपरीत, वाईएस जगन ने कहा कि मौजूदा टीडीपी-नेतृत्व वाले गठबंधन ने 16 महीनों में एक भी घर नहीं बनाया है और न ही आवास के लिए एक एकड़ ज़मीन खरीदी है। इसके बजाय, उसने गरीबों को दिए गए पट्टों को रद्द करने और कीमती ज़मीनों को निजी औद्योगिक पार्कों के लिए इस्तेमाल करने का विकल्प चुना है, जिससे उसका अमीर-समर्थक और गरीब-विरोधी रुख उजागर होता है। यह कल्याणकारी नहीं, बल्कि पट्टे रद्दीकरण की योजना सरकार कर रही है जिसे हम अदालत में दलील करेंगे कहा। गरीबों ने चंद्रबाबू आश्वासन पर समर्थन की उम्मीद में सत्ता दी थी ना कि किसी गरीब का घर उजाड़ने के लिए।

# एनएफआर ने स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत पर्यावरण अनुकूल अभियान किया शुरू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने 17 सितंबर 2025 से अपने सभी मंडलों और मुख्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान शुरू किया। यह अभियान 2 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा और स्वच्छता, स्थिरता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी स्टेशनों, ट्रेनों, कारखानों, कॉलोनियों, कार्यालयों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में चलाया जाएगा। इस अवसर परपू. सी. रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण के प्रति पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को दोहराया।

अभियान की पूरी अवधि के दौरान, पू. सी. रेलवे द्वारा 'स्वच्छोत्सव' थीम के तहत कई प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इनमें स्टेशन परिसरों, रेल पटरियों, कॉलोनियों और कार्यालयों में सघन स्वच्छता अभियान, यात्रियों और स्थानीय समुदायों के लिए जागरूकता अभियान, रेल कर्मचारियों के लिए कार्यशालाएं और अनुपयोगी सामग्रियों के निपटान हेतु विशेष पहल शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए '3 आर' सिद्धांत - रिड्यूस, रियूज़ एंड रिसाइकल' पर केंद्रित है।

मुख्यालय और सभी मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता प्रयासों में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों औरआम जनता को शामिल करते हुए गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

स्वच्छता और सफाई के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए संवादात्मक सत्र, स्वच्छता शपथ और जागरूकता संदेश दिए गए। पू. सी. रेलवे इस जन आंदोलन में कर्मचारियों और नागरिकों दोनों को शामिल करने का हर संभव प्रयास कर रही है, क्योंकि स्थायी स्वच्छता के लिए समाज के सभी वर्गों की निरंतर भागीदारी आवश्यक है।

अभियान के पहले दिन एक विशेष पर्यावरण-अनुकूल उपाय के रूप में, पू. सी.रेलवे ने सभी प्रारंभिक ट्रेनों में बेडरोल के वितरण के लिए आईआईटी गुवाहाटी द्वारा निर्मित कम्पोस्टेबल बैग पेश किए। यह अभिनव कदम एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने, सुदृढ़ प्रथाओं कोबढ़ावा और स्वच्छ भारत अभियान के राष्ट्रीय मिशन के साथ रेल सेवाओं को जोड़ने के लिए पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस तरह के पर्यावरण-अनुकूल नवाचारों को जन भागीदारी को साथ लेकर, पू. सी. रेलवे का लक्ष्य सुदृढ़ रेल प्रथाओं में नए मानक स्थापित करना है।

# 8 करोड़ की पुलियों के बनने से चंगर इलाके की 70 साल पुरानी समस्या होगी हल : हरजोत बैंस

कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस ने इलाके का दौरा कर आज बरसात से हुए नुकसान का जायज़ा लिया

1.01 करोड़ की लागत से दबूर में और 70 लाख की लागत से दबूर अपर में पुल बनाने का टेंडर अगले हफ्ते लगाया जाएगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कीरतपुर साहिब, 18 सितंबर।** शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि आज 18 सितंबर को तड़क्सार, हिमाचल प्रदेश में हुई भारी बरसात ने इस इलाके को बड़ा नुकसान पहुँचाया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज उन्होंने इलाके के गाँवों का दौरा किया, जहाँ सड़कों का नेटवर्क पूरी तरह टूट गया है। खड्डों में अधिक पानी आने के कारण लोग बहुत प्रभावित हुए हैं। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और मरीज़ों को इलाज के लिए भी कठिनाइयाँ आ रही हैं। श्री बैंस ने कहा कि बीते कल ही दबूर में 1.01 करोड़ रुपये की लागत से पुल और दबूर अपर में 70 लाख रुपये की लागत से पुल बनाने की मंज़ूरी मिल चुकी है। इन दोनों पुलों का टेंडर अगले हफ्ते लगाया जाएगा। यह परियोजनाएँ चंगर इलाके के इन गाँवों की आवाजाही की 70 साल पुरानी समस्या को जड़ से समाप्त कर देंगी।

श्री बैंस ने आगे बताया कि 8 करोड़ रुपये की लागत से पुलियों के निर्माण की भी मंज़ूरी हो चुकी है और इसका काम भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इलाके में अक्सर भारी बरसात के दौरान खड्डों में पानी आ जाता है। आज तड़क्सार में हुई भारी बरसात के कारण मांगेवाल, दबूर और लोहड़ खड्ड में पानी के अधिक बहाव से फसलों और पशुधन को भारी नुकसान पहुँचा है।

श्री बैंस ने बताया कि इससे पहले वे आसपुर, आलूवाल और अन्य गाँवों का दौरा कर चुके हैं जहाँ राहत कार्य शुरू कराए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि दबूर और अन्य प्रभावित इलाकों के नुकसान का जायज़ा लेकर विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी और जल्द मुआवज़ा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पहले ही यह वादा कर चुकी है कि नष्ट हुई फसलों का मुआवज़ा प्रति एकड़ 20 हज़ार रुपये दिया जाएगा, जबकि केंद्र सरकार की ओर से अब तक किसी प्रकार की कोई मदद प्राप्त नहीं हुई है।

श्री बैंस ने कहा कि मकानों और पशुधन के नुकसान का भी जायज़ा लिया जा रहा है। पंजाब सरकार के मुआवज़े से इतर तुरंत मदद के लिए स्थानीय दोस्तों, साथियों, टीम के सदस्यों, स्वयंसेवकों, समूहों और अन्य क्षेत्रीय लोगों का सहयोग लिया जा रहा है ताकि ज़रूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता पहुँचाई जा सके।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर तरलोचन सिंह लोची (ब्लॉक प्रधान), प्रधान ट्रक यूनियन, डॉक्टर जरनैल सिंह (आप नेता), वरिंदर सिंह (यूथ आप नेता), बिंदु मझेड़, वीर चंद, गुरिंदर सिंह, रजिंदर सिंह, जुंझार सिंह दबूर, जरनैल सिंह दबूर और पतवंत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जिन्होंने कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस का धन्यवाद किया कि वे प्राकृतिक आपदा के समय हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं और इलाके के लोगों के दुख-दर्द को समझते हैं।

# बेगमपुरा टाइगर फोर्स ने पंजाब में लैंड सीलिंग एक्ट लागू न करने पर फूंका पंजाब तथा केन्द्र सरकार का पुतला

प्रवासियों की पी.सी.सी. करवाकर ही इनको पंजाब में रहने की इज़ाजत दी जाये : नेकू, हैप्पी, सतीष, बंटी



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर 18 सितंबर।** बेगमपुरा टाइगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना तथा राष्ट्रीय प्रधान धर्मपाल साहनेवाल के दिशा निर्देशानुसार पंजाब में अमन शांति भंग होने की ज़िम्मेवार पंजाब सरकार तथा केन्द्र सरकार का पुतला फोर्स के दोआबा प्रधान नेकू अजनोहा, ज़िला प्रधान हैप्पी फतेहगढ़, ज़िला सीनियर उप प्रधान सतीष कुमार शेरगढ़, बंटी सरोआ प्रधान हलका हरियाणा भूंगा तथा पवन कुमार बद्धण की अध्यक्षता में फूंका गया। इस अवसर पर नेताओं ने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये बताया कि पिछले समय से पंजाब में बहुत ही बुरी घटनायें घटित हो रही है, जिसके लिये पक्के तौर पर प्रवासी ज़िम्मेवार हैं। जिसकी ताज़ा मिसाल होशियारपुर में एक प्रवासी की ओर से 5 वर्षीय के मासूम पंजाबी बच्चे के साथ कुकर्म करने उपरांत बुरी तरह कत्ल कर दिया। प्रवासियों की ओर से पूरे पंजाब में गुंडागर्दी,चोरी, नाजायज़ कब्ज़े, नशा तस्करी जैसी घटनायें बड़े स्तर पर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में कई प्रवासियों ने नाजायज़ कब्ज़े किये हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासियों से कब्ज़ों को तुरंत छुड़वाया जाये तथा ज़रूरतमंद पंजाबियों को यह ज़मीन दी जाये। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में सरकार की ओर से दूसरे राज्यों के लोगों को किसी भी प्रकार की ज़मीन खरीदने नहीं दी जाती पर पंजाब में किसी भी प्रदेश से आकर कोई भी व्यक्ति आसानी के साथ अपने नाम ज़मीन खरीद सकता है जिस कारण पंजाबियों में रोष की लहर पाई जा रही है, इसलिये पंजाब सरकार को लैंड सीलिंग एक्ट लागू करना चाहिये तांकि कोई भी प्रवासी पंजाब में किसी भी प्रकार की ज़मीन न खरीद सके। इस अवसर पर अन्यों के इलावा राम मूर्ति शेरगढ़, सोनू तारागढ़, रोहित तलवंडी, लाली सरोआ तलवंडी, आकाश रहीमपुरिया, लाडी शेरपुर, सीपा शेरपुर, दामन शेरपुर, राहुल शेरपुर, विशाल, रिहान लक्की जतिन, मनी, मनी रहीमपुर, गुरदीप, कुलवंत सिंह, हरजोत, दलजीत, दलजीत, जसकरन रिहाणा कलां, साबी, मनी, नरेश, गोपा, रवि सुन्दर नगर, बलविन्दर शेरपुर, विक्की पुरहीरां, शालू गुरदासपुर, सिम्मी फलाई, बिट्टू सुन्दर नगर, विपन बस्सी कलां, विशाल बिहाला, विपन बिहाला, नरेश सुन्दर नगर, बंटी हरियाणा, अमरीक सिंह राजू, सतीष कुमार, नवजोत, दविन्दर सिंह, रविन्दा, लवप्रीत, मनप्रीत कलोता, अरूण कुमार, साजन संधू शेरगढ़, डाक्टर सुनील संधू शेरगढ़, कालू शेरगढ़, सोनू शेरगढ़,, बिट्टू शेरगढ़, करण संधू शेरगढ़, मनी शेरगढ़, साहिल शेरगढ़, प्रीत शेरगढ़, बलजीत शेरगढ़, तथा बब्बू हरियाणा आदि उपस्थित थे।

# एचडीसीए की सुरभि, सुहाना व आस्था का पंजाब अंडर-19 कैंप के लिए हुआ चयन : डा. रमन घई



**होशियारपुर, 18 सितंबर (अप्रस)।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पंजाब अंडर-19 महिला टीम के लिए चयन के लिए लगाए जाने वाले कैंप में एचडीसीए होशियारपुर की सुरभि, सुहाना व आस्था के चयन से समूह होशियारपुर वासियों में खुशी की लहर है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि अमृतसर गांधी क्रिकेट ग्राउंड में यह कैंप 14 से 21 सितंबर तक पीसीए के मुख्य कोचों की देखरेख में लगाया जा रहा है। डा. घई ने बताया कि इस कैंप में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पंजाब टीम में स्थान दिया जाएगा। इस अवसर पर एचडीसीए के मुख्य महिला कोच दविंदर कल्याण, जूनियर कोच निकिता कुमारी, जिला ट्रेनर व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी तथा जिला मुख्य कोच दलजीत सिंह, जूनियर कोच दलजीत धीमान, पंकज कुमार, दिनेश शर्मा आदि ने कैंप में चुने जाने पर खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

सुरभि, सुहाना व आस्था शर्मा के कैंप के चयन पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत सिंह खेलां ने समूह एचडीसीए की ओर से बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ी बढ़िया प्रदर्शन करते हुए पंजाब टीम में अपना स्थान हासिल करेंगे।

# सीजीएसटी लुधियाना ने लोहा एवं इस्पात क्षेत्र में 455 करोड़ रुपये के फर्जी जीएसटी बिलिंग घोटाले का भंडाफोड़ किया; पिता-पुत्र गिरफ्तार

**लुधियाना, 17 सितंबर (अप्रस)।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्तालय, लुधियाना के अधिकारियों ने एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 16 सितंबर को लुधियाना में कई तलाशी अभियान चलाकर 455 करोड़ रुपये मूल्य के एक बड़े फर्जी जीएसटी चालान रैकेट का पर्दाफाश किया। मेसर्स वासु मल्टीमेटल्स, मेसर्स एसवीएम मल्टीमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स इंगॉटैस्टिक एलएलपी नामक तीन संबंधित फर्में फर्जी चालान प्राप्त करने और अपनी जीएसटी देनदारियों को समायोजित करने के लिए 69.41 करोड़ रुपये के अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का उपयोग करने में शामिल थीं, जिससे सरकारी राजस्व में भारी कमी आई। तलाशी अभियान के बाद, इन फर्मों का संचालन और नियंत्रण करने वाले दो व्यक्तियों (पिता-पुत्र की जोड़ी) को केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नेटवर्क की पूरी सीमा का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य संस्थाओं की पहचान करने के लिए जाँच जारी है। सीजीएसटी लुधियाना आयुक्तालय कर धोखाधड़ी का पता लगाने था ईमानदार करदाताओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराता है।

# नगर परिषद के अधीन होने के बावजूद गांव सनौली निवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए रहे तरस

## सरकार इनकी सुनो पुकार और करो गांव सनौली का बेड़ा पार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 18 सितंबर।** ओल्ड अंबाला रोड पर स्थित गांव सनौली में बरसात की पानी की निकासी का बिलकुल भी प्रबंध नहीं है। जिस कारण बरसात का पानी अभी तक नहीं सूखा है, जबकि बरसात को हुए दो सप्ताह से ऊपर का समय हो चूका है। हर तरफ गंदा पानी जमा हुआ पड़ा है, घरों में घुसा पानी भी अभी तक सूखा नहीं है। घास इतनी ज्यादा हो गई है के ऐसा लगता है जैसे जंगल में घर बनाए हुए हों। गांव निवासी हर तरफ कई जमी हुई है, जैसे किसी तलाब या नदी में जमी हुई हो।

सनौली गांव निवासी हरदीप सिंह, रिकी, रणजीत सिंह, दर्शन सिंह, गुरमुख सिंह, वीर विक्रमजीत सिंह, सरोज बाला, दर्शना कुमारी, पूजा राणी, गुरमीत कौर, कमला राणी व अन्य ने बताया कि उनका गांव 2016 में नगर परिषद के अधीन आ गया था। लेकिन आज तक उनका गांव सुविधाओं के लिए तरस रहा है। पीने वाले की बहुत बड़ी समस्या है, यदि कोई नल प्राइवेट तौर पर लगाया जाता है तो वह पानी पीने लायक नहीं है। सड़के टूटी हुई है, नगर परिषद ने सीवरेज डाला तो दिया है लेकिन वह चलता ही नहीं है। सीवरेज का अभी तक कनेक्शन किया ही नही गया है फिर उसका क्या फायदा। लोगों ने बताया के गांव का एक हिस्सा उच्चाई पर है लेकिन गांव का धर्मशाला वाला हिस्सा काफी नीचे है, जिस कारण उस हिस्से में काफी पानी भरा हुआ है जो कई हफ्ते बीत जाने के बाद भी सूखा नही है। पानी के कारण घरों में सांप, बिच्छू व अन्य जीव घुस रहे हैं। जिस कारण लोगों में डर का माहौल बना हुआ। जिसकी शिकायत नगर परिषद के अधिकारी को कई बार की जा चुकी है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हो रही है। लोगों ने मांग की कि कम से कम बरसाती पानी पंप लगाकर तो निकाल देना चाहिए ताकि गंदगी, बदबू व बिमारियों से बचा जा सके। लोगों ने बताया के अगर पानी निकल जाएगा तो बिमारियों का खतरा भी कम हो जाएगा। लोगों ने बताया कि गांव एक हिस्सा निचा होने के कारण पानी कि निकासी नही है और पानी जब तक खड़ा रहता है जब तक वह अपने आप सुख नही जाता। इस लिए पानी को पंप करके निकाला ही एक मात्र हल है।

एक हफ्ता पहले विधायक साहिब ने सनोली गांव का दौरा किया था। उसके बाद पीने वाले पानी के प्रबंध के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। जहां जहां पानी खड़ा है वहां फॉगिंग व दवाई का छिड़काव करवाया जाएगा। पानी की निकासी के दो जेसीबी लगाई थी दुबारा फिर से लगा दी जाएगी। रास्ता भी जल्द ही साफ कर दिया जाएगा। बस बरसात के रुकने का इंतजार किया जा रहा है, रात भी बरसात हुई है।

**चरणपाल सिंह, एमई नगर परिषद जीरकपुर।**

# चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और महंगा सामान चुराया

रात हुई चोरी की बड़ी वारदात ने पूरे इलाके के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में रोष





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 सितंबर।** वीआईपी रोड पर देर रात हुई चोरी की बड़ी वारदात ने पूरे इलाके के व्यापारियों और स्थानीय लोगों को दहला दिया है। चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और महंगा सामान चुरा लिया। सुबह जब दुकानदार रोज़ की तरह दुकानें खोलने पहुंचे तो चोरी का पता चला। घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को तुरंत सूचित किया गया।

मैकेनिकल दुकान के मालिक गुरदीप मोटर्स के मालिक गुरदीप सिंह ने बताया कि चोर उनकी दुकान का शटर तोड़कर ऑडी गाड़ी का महंगा सामान, छह बैटरियां और अन्य कीमती पार्ट्स ले गए। उनका कहना है कि चोरी गया सामान लाखों रुपये का है और इससे उनके कामकाज पर भारी असर पड़ेगा। उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कहा कि इलाके में बार-बार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की सख्त कार्रवाई के अभाव में चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं।

गुरदीप सिंह के पड़ोसी सोहन सिंह, जिनकी वेल्डिंग की दुकान है, ने बताया कि उनकी दुकान से चोर ड्रिल मशीन, कटर और वेल्डिंग मशीन चोरी कर ले गए। उन्होंने कहा कि इलाके में पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है, मगर पुलिस गश्त और जांच केवल कागज़ों तक सीमित रही है। वहीं पास में वाशिंग स्टेशन चलाने वाले परमप्रीत सिंह ने बताया कि उनकी दुकान से चोर करीब डेढ़ लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। यह रकम रोज़ाना की कमाई थी, जिसे वे दुकान में ही रखते थे। नकदी चोरी होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने इस वारदात को लेकर गहरा रोष प्रकट किया। उनका कहना है कि वीआईपी रोड पर रात के समय पुलिस गश्त लगभग नाम मात्र की होती है, जिससे चोरों के लिए वारदात करना आसान हो गया है। व्यापारियों ने मांग की है कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को तुरंत खंगाला जाए ताकि चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ा जा सके।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों में भय का माहौल बना दिया है और सभी ने रात के समय गश्त बढ़ाने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम की मांग की है।

# रेल हादसे में पुरुष और महिला की मौके पर ही हुई मौत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 18 सितंबर।** ज़ीरकपुर-पंचकूला रोड पर रेलवे फ्लाईओवर के पास देर रात हुए दर्दनाक रेल हादसे में एक पुरुष और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के शव थोड़ी दूरी पर अलग-अलग पड़े मिले।

रेलवे पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करनाल के गांव ब्राह्मण माजरा निवासी बलवान सिंह (पुत्र दया सिंह) के रूप में की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने उनके परिवार को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

हादसे में मारी गई महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार उसकी उम्र लगभग 45 वर्ष प्रतीत होती है। शव को 72 घंटे के लिए डेराबस्सी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है ताकि परिजन आकर पहचान कर सकें।

रेलवे पुलिस ने बताया कि हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा इंतज़ाम और निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# डैमोक्रेटिक भारतीय समाज पार्टी को पूरे भारत में और मजबूत किया जाएगा : राजिंदर गिल

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 18 सितंबर।** डैमोक्रेटिक भारतीय समाज पार्टी को पूरे भारत में और मजबूत किया जाएगा और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी द्वारा उपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे जाएंगे। यह बात सर्वसम्मति से पार्टी के दोबारा राष्ट्रीय प्रधान नियुक्त किए गए राजिंदर गिल ने पार्टी के हैड आफिस अलावलपुर में रखी गई एक विशेष मीटिंग में कही। उन्होंने इस पार्टी की स्थापना संस्थापक प्रधान स्व. साहिब विजय हंस द्वारा की गई थी जो कि एससी समाज की उन्नति व खासकर गरीबों लोगों के हकों के लिए आवाज उठाते रहे।

राजिंदर गिल ने दोबारा राष्ट्रीय प्रधान बनाए जाने पर पार्टी की सीनियर लीडरशिप का आभार जताया और कहा कि जलद ही वह अपनी राष्ट्रीय टीम की घोषणा करने के बाद राज्यों में इकाईयां स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दबे-कुचले लोगों के लिए किसी भी तरह के दोबारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय प्रधान नियुक्त किए गए राजिंदर गिल डैमोक्रेटिक भारतीय समाज पार्टी की मीटिंग को संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर नैशनल चेयरमैन प्रिंसीपल मोहन लाल खोसला, जीवन भंडारी नैशनल उप प्रधान, राजेश सोलंकी नैशनल यूथ प्रधान, सविता सोलंकी महिला नैशनल प्रधान, शंकर लाल राठौर इंचार्ज गुजरात, हसमुख लपसीवाला प्रधान गुजरात, जया चौहान महिला गुजरात प्रधान, किशोर चौहान नैशनल महासचिव, मीना सोलंकी नई महिला प्रधान सूरत, गीता सोलंकी महिला महासचिव गुजरात, मन्नु मकवाना को-आर्डीमनेटर गुजरात, लक्ष्मण सोलंकी लेखाकार गुजरात समेत बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारियों ने अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि वह हर कदम पर राष्ट्रीय प्रधान के साथ खड़े हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को दुनिया में विश्वगुरू के रुप में स्थापित किया : डा. रमन घई

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 18 सितंबर।** यूथ सिटीजन कौंसिल पंजाब की ओर से माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का 75वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष डा. पंकज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना विशेष तौर पर उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर यूथ सिटीजन कौंसिल पंजाब की ओर से गरीब, जरूरतमंद व विधवा माताओं, बहनों को सूट वितरित किए गए।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सदैव गरीब व जरूरतमंद लोगों के जीवन को ऊंचा उठानें के लिए अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेकों लाभकारी योजनाएं लागू की है। जिसका लाभ आज हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यूथ सिटीजन कौंसिल के प्रदेशाध्यक्ष डा. रमन घई ने प्रधानमंत्री जी के लंबी आयु व सेहत की तंदरूस्ती के लिए सामूहिक तौर पर सभी लोगों को साथ लेकर भगवान से प्रार्थना की। डा. घई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने जीवनकाल में हमेशा सादगी भरा जीवन व्यतीत किया है।

उन्होंनें कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री के रुप में मोदी जी ने भारत के एक प्रधानसेवक के तौर पर गरीब व जरूरतमंदों के लिए कार्य करते हुए हर वर्ग को ऊपर उठाया है, जिसके लिए उन्हें भारत के प्रधानसेवक के रुप में आज दुनियाभर में जाना जाता है।

डा. घई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का लोहा जिस तरह सारी दुनिया में मनवाया है, उससे आज भारत ने दुनिया में एक विश्वगुरू के रुप में अपने आप को स्थापित किया है।

डा. घई ने कहा कि आज हर भारतवासियों को साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों में बसने वाले भारतीय बी अपने आप को प्रधानमंत्री मोदी जी की भारत नेतृत्व में गौरमई महसूस करते है। इस अवसर पर यूथ सिटीजन कौंसिल के जिलाध्यक्ष डा.पंकज शर्मा ने समूह कौंसिल कार्यकर्ता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी के उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके लंबी आयु की कामना की।

इस अवसर पर मनोज शर्मा, बलजिंदर सिंह, मोहित संधू, गौरव शर्मा, अशोक गोल्डी, वरुण कत्याल, डा. राजकुमार सैनी, डा. वशिष्ट कुमार, रमनीश घई, मयंक शर्मा, जसवीर सिंह, मानव खन्ना, दलजीत सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, मनी सिंह, जसवीर सिंह, करनैल सिंह आदि कौंसिल कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन पर भगवान से लंबी आयु की कामना की।

# प्रशासन तत्पर, विभिन्न विभागों के सामंजस्य से आधारभूत सेवाएं हो रही बहाल

**चौथे दिन उपायुक्त ने आनी के खादवी, जाओं और जलोड़ी क्षेत्र में नुकसान का जायजा लिया**



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 18 सितंबर।** उपमंडल प्रशासन आनी आधारभूत सेवाएं बहाल करने के लिए तत्पर है। विभिन्न विभागों के आपसी सामंजस्य से आधारभूत सेवाएं बहाल की जा रही हैं। आनी विधानसभा क्षेत्र में नुकसान का जायजा लेने पहुंची उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने ये बात कही।

उन्होंने लगातार चौथे दिन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में नुकसान का जायजा लिया।

उपायुक्त ने आज आनी उपंडल के खादवी, बुच्छैर और जलोड़ी क्षेत्र में आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सेवाएं बहाल करने और प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सबसे पहले आनी में निर्माणाधीन आनी अस्पताल का दौरा किया। करीब 65 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे अस्पताल के पीछे की ओर लगातार भूस्खलन हो रहा है। इस भूस्खलन को स्थिर करने और निर्माण कार्य को अंजाम देने वाली एजेंसी बीएसएनएल के साथ विभिन्न तकनीकि पहलुओं पर विचार करने के दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी मामले पर निगरानी करने की बात कही।

इसके पश्चात उपायुक्त ने खादवी क्षेत्र का दौरा किया और सड़क मार्ग खोलने और सेब की फसल को निकालने के लिए मौके पर जाकर विचार विमर्श किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि लोग सहयोग दें तो तीन-चार दिन के भीतर खादवी गांव तक सड़क मार्ग बहाल हो जाएगा। इससे खादवी गांव और इसके आसपास तैयार सेब की फसल को निकालने में मदद मिलेगी।

इसके पश्चात उन्होंने जाओं गांव का दौरा किया और विभिन्न स्थानों पर हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुच्छैर में पाठशाला की अधोसंरचना से संबधित दिक्कतों के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को समस्या के निवारण पर चर्चा की।

## भू कटाव रोकने को नदी में कंकरिट दीवारें लगाने की मांग

**तलाड़ा पंचायत के लोगों ने एनएचपीसी के खिलाफ खोला मोर्चा**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**सैंज (कुल्लू)18 सितंबर।** सैंज तहसील की ग्राम पंचायत तलाड़ा में मानसून भारी पड़ गई है। पंचायत के कई गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है जबकि अधिकांश घरों में दरारें आई है। पंचायत के लोग इसे एनएचपीसी की लापरवाही बता रहे हैं। लिहाजा पंचायत के लोगों ने वीरवार को एनएचपीसी के पावर स्टेशन कार्यालय बिहाली में प्रबंधन के विरुद्ध मोर्चा खोला। तलाड़ा पंचायत के सैकड़ो लोगों ने एनएचपीसी के विरुद्ध नारेबाजी कर माहौल गर्म कर दिया। पंचायत प्रधान मोहर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एक दर्जन गांव में हो रहे भू कटाव को रोकने के लिए मांग रखी। ग्राम पंचायत प्रधान मोहर सिंह ने सीधे तौर पर एनएचपीसी को




दोषी ठहराया है। पिन पार्वती नदी से हो रहे कटाव से गांव की जमीन व घर खिसकने की कगार पर पहुंच गए हैं वही आधा दर्जन लोगों ने अपने घरों को खाली कर दिया है। सैंज के नायब तहसीलदार हीरालाल नलवा ने पंचायत प्रधान के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है किंतु भूस्खलन का क्रम जारी है। पंचायत के प्रधान मोहर सिंह ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के दर्जनों गांवों पर भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। बरसात की बारिश से चटाने खिसक रही है, और खौफजदा ग्रामीणों ने तो अपने घर खाली करने शुरू कर दिए हैं। गांव के कई परिवार ऐसे भी हैं, जो घर नष्ट होने के बाद खुले आसमान के नीचे आ जाएंगे। पंचायत प्रधान ने बताया कि एनएचपीसी की लापरवाही के चलते पंचायत के आधा दर्जन गांव विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर हो गए हैं। सपांगनी में शाऊगा जंगल की पहाड़ी अभी भी धीरे-धीरे खिसक रही है जिस कारण सैकड़ों बीघा भूमि भूस्खलन की चपेट में है।

## ऊना में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत ऊना जिले के शहरी निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह 15 दिवसीय अभियान 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक जारी रहेगा। इसी क्रम में नगर निगम ऊना ने गुरुवार को नगर निगम क्षेत्रों के विभिन्न हॉट स्पॉट्स पर विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इस अभियान में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी और सफाई कर्मी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।


उन्होंने बताया कि विशेष सफाई अभियान के तहत नगर निगम में हाल ही में शामिल क्षेत्रों ऊना-नंगल रोड रेलवे ब्रिज के आस-पास, कृष्णा कॉलोनी और रक्कड़ कॉलोनी में प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं



प्रदूषणमुक्त बनाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों से नगर को स्वच्छ बनाना है।

संयुक्त आयुक्त ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियानों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि नागरिकों में स्वच्छता का महत्व और अधिक गहराई से स्थापित हो सके और एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण हो।

# श्री बाल रामलीला तलाई का मंचन 7 से 17 अक्टूबर तक



अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** मंदिर सिद्ध बाबा बालक नाथ तलाई के प्रांगण में श्री बाल रामलीला कमेटी तलाई द्वारा बैठक कर गत वर्ष 07 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 38 वां रामलीला मंचन कार्यक्रम रूपरेखा तैयार की।अन्य प्रस्ताव में वर्ष 2024 दौरान आय एक लाख 88 हजार 169 रुपए जबकि खर्चा एक लाख 93 हजार 780 रुपए, घाटा 5611 रुपए चर्चा उपरांत पारित किया। दशहरा पर्व मनाने बारे कमेटी ने सर्व सम्मती से निर्णय लिया, श्री राम प्रभु रावण के पुतले का दहन हेलीपैड ग्राउंड पर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ दशहरे पर्व मनाएंगे। गत वर्ष कार्यक्रम के लिए साउंड, म्यूजिशियन अन्य व्यवस्थाओं के लिए सामान खरीद इत्यादि पर भी बैठक में चर्चा रही।

# महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना में मिल रही 3 लाख की आर्थिक मदद

**योजना के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना-2024 को लेकर जिला कल्याण अधिकारी, नगर निगम ऊना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में योजना के सुचारू क्रियान्वयन एवं पात्र लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुँचाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

कुलदीप धीमान ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से वाल्मीकि समाज से जु? पात्र सफाई कर्मचारियों के लिए बनाई गई है, ताकि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने हेतु पक्का



आवास उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल सफाई कर्मचारियों की जीवन परिस्थितियों को बदलेगी, बल्कि उन्हें सम्मान और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी को पक्का मकान बनाने के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। यह राशि चार किश्तों में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। पारिवारिक आय 2.50 लाख से कम होनी चाहिए। किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी संस्थान, दफ्तर या निजी क्षेत्र में सफाई कार्य करने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसमें उन्हीं पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता दी जाएगी जिन्होंने आवास के लिए पहले किसी अन्य योजना का लाभ न लिया हो। इसके अलावा बाल्मिकि समाज से संबंधित जाति प्रमाण पत्र तथा किसी भी विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारी को संबंधित विभाग से सत्यापित प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

धीमान ने बताया कि प्राकृतिक आपदा अग्नि, बा? भूकम्प इत्यादि में क्षतिग्रस्त हुए मकानों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले पात्र लाभार्थियों के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी जिला कल्याण अधिकारी अथवा तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सरल बनाया गया है। इस मौके पर राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा एवं अधिवक्ता विजय डोगरा, एससी आयोग के सचिव विनय मोदी, नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार, जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पहाड़ी गीतों से किया हजारों लोगों का मनोरंजन

**कुल्लू की डिम्पल और थाची के बीच एस भारद्वाज के नाम रही मेला नलवाड़ ख्योड की प्रथम सांस्कृतिक संध्या**

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 18 सितंबर।** मंडी जनपद के नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बासा में चल रहे सात दिवसीय जिला स्तरीय मेला नलवाड़ ख्योड की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों के साथ सेमी स्टार कलाकारा कुल्लू की डिम्पल व संध्या के स्टार कलाकार भी एस भारद्वाज ने पहाड़ी गीत संगीत से हजारों की संख्या में दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों का खूब मनोरंजन किया। प्रथम सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि एस डी एम गोहर बचित्र सिंह ठाकुर ने दीफ प्रज्वलित कर संध्या का आगाज किया। प्रधान ग्राम पंचायत बासा तरुण शर्मा व पंचायत सदस्यों ने मुख्यातिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान बी के जी प्रोडक्शन की -ऑडियो- वीडियो प्रस्तुति -÷जीणा कांगड़े दा ÷ का लोकार्पण , एस डी एम गोहर बचित्र सिंह ठाकुर द्वारा जिला स्तरीय नलवाड़ मेला ख्यो? की प्रथम सांस्कृतिक संध्या के अवसर




पर किया गया प्रथम सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्र के मशहूर शहनाई वादक उस्ताद सुरजमणी की मृत्यु के बाद शहनाई की मंगल ध्वनि को लोगों ने बहुत याद किया। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में लोगों ने खूब मज़े किए और कलाकारों ने खूब वाहवाही बटोरी । इस अवसर पर सेवानिवृत्त लोक-संपर्क अधिकारी व रंगमंच के मशहूर कलाकार कुलदीप गुलेरिया ने बताया जीणा कांगड़े दा ÷लोकगीत को दो सुरीले गायकों ÷ सुब्रत शर्मा व नितिन शर्मा के द्वारा गायन और अभिनय से संवारा है । हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित बालकृष्ण शर्मा ने इस लोकगीत को संगीतबद्ध किया है। और इस लोकगीत का फिल्मांकन प्रसिद्ध छायाकार हरिओम स्टूडियो द्वारा किया गया है ! लोक गीत का फिल्मांकन कांगड़ा और मंडी की हसीन वादियों में किया गया है।

इस लोकगीत के फिल्मांकन में आईपीएस पुलिस कमांडेंट (सकोह) धर्मशाला डॉ खुशाल शर्मा, संस्कृति कर्मी एवं से.नि. डीपीआरओ कुलदीप गुलेरिया और अश्वनी शर्मा का विशेष सहयोग रहा है। वहीं पर जिला स्तरीय मेला नलवाड़ ख्योड की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में सेमी स्टार स्टार गायकों के साथ साथ स्थानीय कलाकारों ने भी खूब रंग जमाया और खूब वाहवाही बटोरी।।

## बंजार महाविद्यालय भवन खतरे की जद में विधायक ने लिया जायजा

**कुल्लू (अशेष शर्मा) 18 सितंबर।** प्रदेश में इस वर्ष की भारी बरसात से अनेक सरकारी भवनों को नुकसान पहुँचा है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण सरकारी संपत्तियों को गंभीर क्षति हुई है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बंजार महाविद्यालय का भवन भी इस आपदा से प्रभावित हुआ है। महाविद्यालय की चार मंज़िला इमारत में महीन दरारें आई हैं और भवन के धरातल पर पानी का भारी रिसाव हो रहा है। साथ ही महाविद्यालय प्रांगण में भी व्यापक भूस्खलन देखने को मिला है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने आज महाविद्यालय का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से अधिक समय से कॉलेज बंद है, जो विद्यार्थियों के हित के विपरीत है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही कक्षाएँ शुरू होना जरूरी है ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। विधायक शौरी ने उपमंडल अधिकारी बंजार तथा अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग बंजार को निर्देश दिए हैं कि खतरे का आकलन कर महाविद्यालय की कक्षाएँ सुरक्षित रूप से शुरू कराई जाएँ।

## सरकार गुणवत्ता शिक्षा और रोजगार को दे रही बढ़ावा : राजेश धर्माणी



अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 18 सितम्बर।** प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज ग्राम पंचायत करलोटी में कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का प्रमुख ध्येय आमजन का कल्याण एवं जन समस्याओं का समाधान है। पिछले अढ़ाई वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, ताकि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँच सके।

धर्माणी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश गुणवत्ता शिक्षा के क्षेत्र में पहले देश में 21वें स्थान पर था, लेकिन सरकार के अथक प्रयासों से अब यह तीसरे स्थान पर पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित कर रही है। इन संस्थानों में छह विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। प्रदेश में हाल ही में 200 डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई हैं और 200 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक कृषि और बागवानी से संबंधित उच्च स्तर के ही पाठ्यक्रम उपलब्ध थे, लेकिन समय की जरूरत को देखते हुए प्रदेश सरकार ने आईटीआई स्तर पर भी कृषि, बागवानी और पशुपालन से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इससे युवा पीढ़ी को आधुनिक खेती-बाड़ी और पशुपालन तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ विदेशों में रोजगार प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# जीएसटी में राहत ऐतिहासिक बदलाव, आजादी के बाद का सबसे बड़ा रिफॉर्म : डॉ. बिंदल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने काली बाड़ी परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान के एक कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन बारे मनाई जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आशीर्वाद लिया उनकी लंबी आयु और खुशहाली की प्रार्थना की राजीव बिंदल ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण विषय कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी समय में जीएसटी में बहुत बड़ी राहत जनता को दी है। ये जीएसटी भारत के इतिहास में आजादी के बाद पहला अवसर है जब टैक्स कम हो रहा है। यदि हम एक हिसाब लगाएं, यदि कोई एक कमरा बनाता है और उसमें 1000 बैग सीमेंट लगता है तो सीमेंट के उपर जीएसटी कम होने से 60 रू0 प्रति बैग का फर्क पड़ रहा है।

**चर्चा** — डीसी ऊना ने निर्धारित किये खाद्य पदार्थों के दाम

# दाल, सब्जी, कड़ी, चपाती, चावल के साथ फुल डाइट 80 रुपये में

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला ऊना में ढाबों पर मिलने वाले भोजन में फुल डाइट दाल, सब्जी व क?ी के साथ चावल, चपाती की बिक्री 80 रुपये जबकि हाफ डाइट एक प्लेट चावल के साथ दाल व सब्जी 50 रुपये अधिकतम दाम में बेची जा सकेगी। यह अधिसूचना जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जमाखोरी व मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश 1977 के अन्तर्गत जारी कर ि?ला में आवश्यक वस्तुओं के अधिकतम दाम निर्धारित किये हैं ताकि आम लोगों व उपभोक्ताओं को बाजार में गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

अधिसूचना के अनुसार चपाती



तवा 7 व तंदूरी 8 रुपये, विशेष सब्जी प्रति प्लेट 70 रूपये, भरवां परांठा आचार के साथ 30 रुपये, स्पेशल दाल 70 रुपये, चावल फुल प्लेट 50 रुपये, रायता 50 रुपये, प्रति प्लेट, मीट 5 पीस 200 ग्राम प्रति प्लेट के साथ करी 130 रुपये, चिकन का मूल्य 5 पीस 200 ग्राम 110 रुपये प्रति प्लेट करी के साथ निर्धारित किया गया है। इसके

### दुकान पर सामने लगाएं रेट लिस्ट

जतिन लाल ने कहा कि बिक्रय संस्थान के मालिक या हिस्सेदार या प्रबन्धक के द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षर की हुई वस्तुओं की रेट लिस्ट संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा प्रत्येक विक्रेता अथवा दुकानदार उपभोक्ता को कैश मीमो जारी करेगा, जिसकी डुप्लीकेट कापी निरीक्षण के लिए अपने पास रखेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि निर्धारित किए गए दाम आगामी एक माह के लिए लागू रहेंगे। ये दरें टूरिज्म विभाग से पंजीकृत होटल और रेस्टोरेंट पर लागू नहीं होगी।

अतिरिक्त दो भटूरे चने या सब्जी के साथ 55 रुपये, समोसा चना 30 व दो समोसा चना 50 रुपये प्रति प्लेट बिक सकेगी।

इसी तरह दुग्ध उत्पादों में दूध 60 रुपये प्रति लीटर, पनीर 320 रुपये व दही 70 रूपये प्रति किलोग्राम बेचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक अधिकतम खुदरा मूल्य की निर्धारित दरों के हिसाब से बेच सकेंगे।

जिला ऊना में बकरे व भे? का मीट 500 रुपये प्रति किलोग्राम, सूअर का 250 रुपये प्रति किलोग्राम तथा चिकन ब्रॉयलर 220 रुपये प्रति किलोग्राम, जीवित मुर्गा 150 रुपये प्रति किलोग्राम, ब्रायलर ड्रैस्ड 210 रुपये प्रति किलोग्राम जबकि मछली का दाम मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित अधिकतम रूपये होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के सारे झूठे दावे मिनटों में ध्वस्त : कश्यप



**शिमला, 18 सितंबर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने आज राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए गए आरोपों का कड़ा खंडन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ ही मिनटों बाद, भारत के चुनाव आयोग ने उनके सभी झूठे दावों को खारिज कर दिया। एक बार फिर, राहुल गांधी के सारे झूठे दावे मिनटों में ध्वस्त हो गए। झूठे आरोप लगाना और फिर भाग जाना राहुल गांधी की आदत बन गई है। घुसपैठियों और शहरी नक्सलियों को बचाने के लिए ही राहुल गांधी झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी ने प्रेस वक्तव्य में एक पत्रकार के द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि लोकतंत्र बचाना मेरा काम नहीं है, मेरा काम भाजपा का बर्बाद करना है। बस एक ही लाइन राहुल गांधी की मानसिकता बताने के लिए काफी है।

### क्विज में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रथम



**सोलन (यशपाल कपूर)।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने वर्ल्ड वाइल्ड विज़डम द्वारा आयोजित ग्लोबल क्विज़ चैलेंज के शहर स्तरीय चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 18 सितंबर 2025 को दुर्गा पब्लिक स्कूल, सोलन में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कुल 15 स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें से 5 टीमों को फाइनल क्विज़ प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। फाइनल राउंड में कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया एवं उप-प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने विजयी टीम को हार्दिक बधाई दी और आगामी ज़ोनल स्तर के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने रोगी कल्याण समिति की बैठक की की



**शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज हिमाचल प्रदेश डेंटल कॉलेज, शिमला की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। मंत्री ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों की उपलब्धियों और प्रदर्शन की समीक्षा की। रोगी कल्याण समिति ने संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी को देखते हुए बैठक में आग्रह किया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती को स्वीकृति प्रदान की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण एवं दूर-दरा? क्षेत्रों में नई तकनीक एवं उपकरणों के उपयोग से स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए 200 चिकित्सकों और 400 नर्सों के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाल ही में आयोजित कैबिनेट बैठक में 9 ि?लों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 28 डायलिसिस केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई ताकि लोगों को उनके घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सके।

### इनरव्हील क्लब सोलन ने चार शिक्षकों को किया सम्मानित



**सोलन।** इनरव्हील क्लब सोलन ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सोलन के चार शिक्षकों को सम्मानित किया। इनरव्हील क्लब सोलन की प्रधान चारु चौहान, उपप्रधान नलिनी प्रभाकर समेत सभी क्लब सदस्यों ने चारों शिक्षको को समाज और शिक्षा क्षेत्र में प्रेरणादायी योगदान के लिए प्रमाण पत्र, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कंडाघाट उपमंडल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल कहलो? की प्रवक्ता ( जीवविज्ञान) हितेशी शर्मा को भी सम्मानित किया गया। वे पिछले 25 वर्षों से शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण और जैव-विविधता संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उन्होंने स्वच्छता अभियान, जलस्रोत संरक्षण, जंगल की आग रोकने और समुदाय को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2023 की आपदा के दौरान उन्होंने 85,000 रुपये जुटाकर प्रभावित स्कूल के लिए अस्थायी शेड्स बनवाए।

### आयुष मंत्री ने सांस्कृतिक संध्या का किया शुभारम्भ

**सोलन।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने गत सांय सोलन जिले के अर्की में राज्य स्तरीय सायरोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। यादविंदर गोमा ने इस अवसर पर लोगों को सायर उत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सायर उत्सव प्राचीन संस्कृति का परिचायक है और यह उत्सव लगभग 300 से भी अधिक वर्षों से परम्परागत रूप से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले जहां लोगों के मध्य आपसी भाईचारे को बढ़ाते हैं वहीं युवा पी?ी को हमारी समृद्ध संस्कृति से रू-ब-रू भी करवाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति को समझकर उसके संरक्षण में सहयोगी बनें। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा खेलों में लगाने का आग्रह किया। आयुष मंत्री ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर अर्की में शीघ्र ही 10 बिस्तरों वाला आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने का आश्वासन दिया। खेल मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अर्की विधानसभा क्षेत्र में इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए भूमि चयन करने के निर्देश दिए।

**रोष : धान और बाजरे की खरीद तुरंत शुरू करे सरकार, अन्यथा 22 को सीएम आवास का घेराव करेंगे**

# धान की सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग, भाकियू का प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



*कैथल लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते हुए किसान।*

**कैथल, 18 सितंबर।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने धान की सरकारी खरीद शुरू ना करवाने को लेकर आज जिला सचिवालय कैथल पर युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में 10 बजे से 4 बजे तक सांकेतिक रूप से भुख हड़ताल करके सरकार विरोधी नारेबाजी कर जमकर रोष प्रदर्शन किया। भाकियू चढ़ूनी के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट, जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल, प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका के नेतृत्व में एसडीएम अजय सिंह कैथल के मार्फत मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम धान व बाजरे की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित नीति धान खरीद (पोलसी) में हर वर्ष धान की सरकारी खरीद 1अक्टूबर से शुरू की जाती है, जोकि हरियाणा व पंजाब में काफी लेट मानी जाती है, क्योकि जब 1अक्टूबर के खरीद के नियम बनाए गए थे उस समय देशी बीज व लम्बी समय आवधि के बीज लगाए जाते थे जोकि देर से पकते थे अक्टूबर में मंडियो मे आते थे जिनका फसलक्रम चक्कर 100-120 दिन होता था परंतु आज के समय में ज्यादातर किसान हाईब्रीड बीज की खेती करते है, जिनका फसलक्रम समय चक्कर 85-90 दिन होता है जोकि 80 से 90 दिन में पककर तैयार हो जाते है और मंडियो में यह धान सितंबर के दूसरे सप्ताह में आने शुरू हो चुकी है केंद्र सरकार की धान खरीद नीति के अनुसार 1अक्टूबर तक किसानो का काफी धान निजी व्यापारी औने पौने दामों पर बिक जाता है। जिससे किसानो को भारी आर्थिक नुकसान होता है,ओर वह आर्थिक संकट में फंसता चला जा रहा है।

इसलिए हम सरकार से मांग करता है कि इस वर्ष धान खरीद की नीति में बदलाव करते हुए धान खरीद जल्द से जल्द शुरू की जाए। इसके साथ ही इस वर्ष बाजरे की फसल समय से तैयार हो चुकी है और मंडियों में आवक भी शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक सरकारी खरीद प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। सरकारी खरीद में देरी के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे हमें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। मंडियों में बाजरे का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्) से काफी नीचे मिल रहा है। बाजरे की सरकारी खरीद तत्काल शुरू करवाई जाए। ई -शीत पूर्ति पोर्टल 30 सितंबर तक खोला जाए। भाकियू (चढ़ूनी) की 10 सितंबर को मुख्यमंत्री हरियाणा से हुई किसान शिष्टमंडल वार्ता में उपरोक्त बिन्दुओ से पूर्ण रूप से अगवत करवा दिया था। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) सरकार को चेतावनी देती है कि दोनों फसलो की सरकारी खरीद तत्काल शुरू नहीं करवाई गई तो हम मजबूर होकर राज्यभर के किसानों के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने, धरना देने और आंदोलन तेज करने के लिए विवश होंगे जिसकी तमाम जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस धरने पर किसान नेता महाबीर चहल, केवल सिंह सिद्धू, रणधीर बरसाना,गुरबचन हरिगढ़, सुभाष बदराणा, नरेंद्र मागो, बलिंद्र हजवाना, सतपाल पुंडरी, मोनी सिकंदर खेड़ी, सुरेन्द्र बरटा,पिरथी कौल, कृष्ण मालखेड़ी,शीलू गोलन, नरेंद्र फरल,सुरेन्द्र पयौदा,किनदर चीका, जरनैल सिंह जैली सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री 140 करोड़ देशवासियों के दिलों में बसते हैं 2047 तक करें नेतृत्व, यही सबकी इच्छा : विदुषी राय

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अम्बाला/बराड़ा।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा अभियान सह-संयोजक विदुषी राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 140 करोड़ देशवासियों के दिलों में बसते हैं, 2047 तक करें नेतृत्व, यही सबकी इच्छा है। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन सह-संयोजक विदुषी राय के नेतृत्व में उपमंडल के गांव मौजगढ़ में बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंडल मीडिया प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष भारती बक्शी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर कविता पाठ व लेखों के माध्यम से बच्चों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनी, उपलब्धियों एवं देश के लिए किए गए अनगिनत कार्यों सहित विदेशों में भी भारत का गौरव बढ़ाने बारे जानकारी दी।

पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि हम प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें, ताकि वे आने वाले दशकों तक भारत के 140 करोड़ नागरिकों की सेवा करते रहें। उन्होंने 50 सालों तक बेदाग जनता की सेवा की है, राष्ट्र को सर्वोपरि और जनहित कार्यक्रम किए हैं। हम उनकी सादगी और समर्पण को नमन करते हैं।

इस मौके पर भाजपा जिला सचिव सोनिया परोचा ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने 75वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी शक्ति, उनका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मैं कामना करती हूं ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और सभी राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें। भारती बक्शी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपना 75वां जन्मदिन स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अभियान के साथ की है।

# सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गुहला के बाढ़ ग्रस्त गांवों का दौरा किया

**बोले-स्पेशल गिरदावरी कराव किसानों को 70 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार**

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 18 सितंबर।** रोहतक के सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बृहस्पतिवार को गुहला हलके के गांव भागल, मंझेड़ी, मैंगड़ा, मोहनपुर, रत्ताखेड़ा घड़ाम, सिहाली, पपराला, बौपुर, सरोला व रत्ताखेड़ा लुकमान का दौरा कर बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्राम पंचायत मंझेड़ी, मेंगड़ा, रत्ताखेड़ा, भूंसला के ग्रामीणों ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा को गांव भागल से मोहनपुर रोड पर दो एकड़ का रैम्प बनवाने, पुल को चौड़ा करवाने तथा मारकंडा और खोली की सफाई करवाने के लिए मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक इस इलाके में न तो गिरदावरी हुई है और न कोई मुआवजा मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि हर बार बाढ़ के पानी से फसल खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि भागल से मोहनपुर रोड पर निर्माणाधीन पुल में करीब 100 फूट की दीवार मारकंडा में कर दी गई है जिससे पूरे इलाके में कई कई दिन बाढ़ का पानी खड़ा रहता है। ग्रामीणों की मांग रखी कि पुल की दीवार की जगह पानी निकासी की 4 से 5 पुलिया (खाने) और बनवाए जाए ताकि बाढ़ का पानी आसानी से निकल जाए। मारकंडा व खोली की खुदाई की जाए, जिससे पानी आसानी से आगे निकल सके। दीपेन्द्र हुड्डा ने ग्रामीणों की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए सरकार से अविलंब इनकी समस्या का समाधान करने की मांग रखी। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सरकार न गिरदावरी करवा रही न मुआवजा दे रही है, क्योंकि उसे जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में बाढ़ से निपटने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों को बाढ़ ग्रस्त घोषित कर सरकार तुरंत राहत पैकेज दे। उन्होंने कहा कि हरियाणा आज प्राकृतिक नहीं, प्रशासनिक आपदा से जूझ रहा है। पहली बार हुआ है कि मुख्यमंत्री ने फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक तक नहीं ली। ड्रेन, नदी, नालों की सफाई नहीं की गई। हुड्डा ने कहा कि सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। बड़ी तादाद में लोगों की शिकायत है कि क्षतिपूर्ति पोर्टल काम ही नहीं कर रहा। उन्होंने मांग करी कि सरकार किसानों को कम से कम 70 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे। राहत कार्यों, मुआवजा वितरण की निगरानी के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर मॉनीटरिंग कमेटी बनाई जाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पंजाब, उत्तराखंडए राजस्थान, दिल्ली, कश्मीर, गुजरात समेत कई प्रदेशों ने अपनी जनता के हित में राहत पैकेज की घोषणा कर दी है लेकिन हरियाणा अकेला ऐसा प्रदेश है जहां न के केंद्र की तरफ से न ही प्रदेश सरकार की तरफ से कोई राहत पैकेज घोषित हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में कोई नयी ड्रेन बनवाना तो दूर, पुरानी ड्रेन की सफाई तक नहीं करवाई गई। इसी का खामियाजा आज जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# हरियाणा की खेती-किसानी पर चला भाजपा सरकार का बुलडोजर : रणदीप

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 18 सितंबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा की खेती-किसानी आज बर्बादी की कगार पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की किसान विरोधी नीतियों ने प्रदेश के अन्नदाताओं को कर्ज और निराशा के दलदल में धकेल दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि पिछले वर्ष की बाढ़ से प्रदेश के 83 प्रतिशत गांवों की फसलें चौपट हो गई, 5 लाख से अधिक किसानों ने 30 लाख एकड़ फसल खराबे का ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज कराया, लेकिन सरकार ने मुआवजे के नाम पर सिर्फ खोखले वादे किए। वहीं धान की खरीद का लक्ष्य 4 लाख टन घटाकर किसानों पर दोहरी मार डाली गई है।



उन्होंने भाजपा पर विधानसभा चुनाव के दौरान धान की एमएसपी बढ़ाने का झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज किसान मंडियों में एमएसपी से ?400 प्रति क्विंटल कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर हैं। इसी तरह बाजरे की एमएसपी ?2,775 तय होने के बावजूद किसानों को ?1,800 पर फसल बेचनी पड़ रही है, जबकि कपास उत्पादकों को भी एमएसपी से ?2,200 प्रति क्विंटल कम दाम मिल रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि रबी की बुआई से पहले छ्क्क व खाद की किल्लत ने किसानों को घंटों लाइनों में खड़ा कर दिया है। भूमिहीन किसानों के सामने खेतों के पट्टे की रकम जुटाने का संकट है और खेत मजदूरों को मेहनत का उचित दाम भी नहीं मिल रहा। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार से बाढ़ प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा देने, धान-बाजरे-कपास की पूरी फसल एमएसपी पर खरीदने और खाद की समस्या दूर करने की मांग की। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा के किसानों और खेत मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जनता अब भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का हिसाब करेगी।

# होटल में दो युवकों ने निगला जहरीला पदार्थ, दोनों की मौत

**पानीपत।** शहर के एक होटल में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक दोनों सैलून पर बाल काटने का काम करते थे। जीवन, अश्वनी के पास बाल काटने की ट्रेनिंग ले रहा था। जीवन और अश्वनी घर बोलकर आए थे कि वह कुरुक्षेत्र जा रहे हैं, लेकिन दोनों ने पानीपत असंध रोड स्थित एक होटल में कमरा ले लिया और कहा कि उन्हें आराम करना है वह कल चले जाएंगे। इसके बाद दोनों ने कमरे में नशा किया और नशे की हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद अश्वनी को उल्टियां आने लगी होटल के कर्मचारियों ने कमरा खुलवाने की कोशिश की लेकिन काफी देर बाद अश्विन ने कमरा खोला तो जीवन की मौत हो चुकी थी। अश्वनी को इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया जहां अश्विनी ने भी दम तोड़ दिया।

# मनोज नागर को सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन के रूप में नियुक्त किया, नचोली गांव में खुशी की लहर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के नचोली गांव से समाजसेवी और वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज नागर को हरियाणा सरकार के सीएम विंडो के लिए एमिनेंट पर्सन के रूप में नियुक्त किया गया है। मनोज नागर, बीर सिंह थानेदार के सगे भतीजे हैं। इस नियुक्ति को लेकर गांव के मौजिज लोगों कैप्टन सुरेंद्र सिंह, हरकिशन नागर, मामचंद नागर, मास्टर रणजीत सिंह नागर, पंडित प्रकाश, शिवदत्त, रविंद्र नागर, प्रदीप नागर, दुष्यंत नागर, टीकाराम नेता जी, रणवीर सरपंच, वीर सिंह थानेदार व सतेंद्र एडवोकेट सहित काफी संख्या में इलाके के लोगों ने प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर का भतौला स्थित उनके निवास पर पहुंचकर धन्यवाद कर आभार प्रगट किया है।

मनोज नागर ने अपनी नियुक्ति के बाद अपने चुनावी सहयोगियों और गांववासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷मैं दिल की गहराइयों से राजेश नागर, हरियाणा सरकार के मंत्री का धन्यवाद करता हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं अपने गांव और क्षेत्र के लोगों के लिए 24 घंटे कार्य करने का अवसर प्राप्त कर रहा हूं। थानेदार बीर सिंह ने भतीजे मनोज नागर की नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ÷मनोज नागर वास्तव में एक समर्पित नेता हैं। उन्होंने हमेशा हमारे गांव और समाज के लिए काम किया है। हम सभी उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वे हमें और भी अधिक प्रेरित करेंगे।

मनोज नागर की नियुक्ति न केवल उनके लिए बल्कि पूरे नचोली गांव के लिए गर्व का क्षण है। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में बनी है जो समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने हमेशा स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी है और अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का प्रयास किया है। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी मनोज नागर के प्रति अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घोषणा की है कि वे मनोज नागर के नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे और गांव के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। ÷हम मनोज नागर की इस नई भूमिका के प्रति उत्साहित हैं।

# स्वच्छता एक दिन का कार्य नहीं, इसे जीवन का हिस्सा बनाना होगा : जांबा



अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज पुंडरीक तीर्थ पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष बात यह रही कि पुंडरी के भाजपा विधायक सतपाल जांबा ने स्वयं झाड़ू उठाकर परिसर की सफाई की और अपनी टीम के साथ मिलकर पुंडरीक तीर्थ में उगी घास-फूस को हटाया। उनके इस कदम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। विधायक जांबा ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह एक जन-आंदोलन है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुंडरीक तीर्थ जैसे पवित्र स्थल की स्वच्छता बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और परंपरा के संरक्षण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पहले तीर्थ स्थल पर घास-फूंस और गंदगी की वजह से श्रद्धालुओं को असुविधा होती थी, लेकिन अब इस अभियान के तहत सभी मिलकर इसे स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।

# महेंद्र सिंह की प्रदेश महासचिव के रूप में नियुक्ति

**गांव में खुशी की लहर, नियुक्ति पर महेंद्र सिंह ने जताया आभार**

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** पूर्व जिला परिषद के सदस्य एवं बंचारी गांव निवासी महेंद्र सिंह को अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उनके गांव और समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है। महेंद्र सिंह ने कहा है कि वह कांग्रेस पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

महेंद्र सिंह की नियुक्ति से बंचारी गांव में उल्लास का माहौल है। इस अवसर पर महेंद्र सिंह को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। महेंद्र ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के जननायक राहुल गांधी, अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज, प्रदेश संयोजक नरेश मलिक, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदय भान, लोकसभा सांसद चौधरी दीपेंद्र हुड्डा, केकेसी के प्रदेश प्रभारी सीपी सैनी, पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, पूर्व मंत्री चौधरी महेंद्र प्रताप, राव दान सिंह पूर्व मंत्री, सुखबीर कटारिया पूर्व मंत्री, विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया और पूर्व विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक आनंद कौशिक, युवा नेता गिरीश भारद्वाज सहित समस्त कांग्रेस परिवार का आभार व्यक्त किया है।

महेंद्र सिंह ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का वचन देता हूँ। असंगठित कामगारों और कर्मचारियों की आवाज उठाना और उनके हितों के लिए काम करना मेरी प्राथमिकता होगी। यह एक बड़ी चुनौती है, लेकिन मैं विश्वास के साथ कहता हूँ कि हम इसे पूरा करेंगे।÷

इस बीच, कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने महेंद्र सिंह की नियुक्ति के बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्हें विश्वास है कि महेंद्र सिंह प्रदेश में कमेरे वर्ग की आवाज को मजबूती के साथ उठाएंगे। एक स्थानीय कार्यकर्ता रामकृष्ण ने कहा, महेंद्र जी की मेहनत और समर्पण को देखकर हमें उम्मीद है कि वे असंगठित कामगारों के हितों की रक्षा करेंगे।

# रणबीर सिंह विश्व विद्यालय के 12 कर्मियों की पदोन्नाति को स्वीकृति

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में आज 40वीं कार्यकारी परिषद की बैठक माननीय कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी की प्रेरणादायी अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशासनिक क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप समग्र विकास, नवाचार और समावेशिता को बढ़ावा देने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता इस बैठक में स्पष्ट रूप से झलकी।

बैठक का शुभारंभ विश्वविद्यालय की प्रगति पर एक प्रभावशाली और सूचनात्मक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें पिछले वर्ष की उपलब्धियों, जैसे छात्र नामांकन में वृद्धि, बुनियादी ढांचे का विकास और अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति को रेखांकित किया गया। अपने स्वागत भाषण में, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी ने विश्वविद्यालय के छात्रों के समग्र विकास, सहज और सरल शिक्षण प्रक्रिया, कौशल-आधारित शिक्षा, 100त्न प्लेसमेंट के प्रयासों और छात्रों में अच्छे मानवीय मूल्यों व चरित्र निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करना है, बल्कि हमारे छात्रों को नैतिकता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनाना है।

**शुरूआत** — **सेवा पखवाड़ा के तहत मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान**

# विधायक ने झाड़ू लगाकर किया श्रमदान, अभियान में सैकड़ों लोग शामिल

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी




**हांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में हांसी में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने अभियान का नेतृत्व करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाई और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना के साथ हांसी मंडल की टीम विशेष तौर पर उपस्थित रही।

अभियान के शुभारंभ मौके पर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

विधायक विनोद भयाना ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का हर क्षण राष्ट्र निर्माण और सेवा को समर्पित है। उनके 75वें जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक क्षेत्र में अनेक जन सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन दिनों को हम सब मिलकर राष्ट्र की प्रगति, समाज की सेवा और स्वच्छता को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान हांसी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद गतिविधियां तथा युवा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

विधायक भयाना ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन राष्ट्रहितैषी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और राष्ट्र को और अधिक सशक्त, स्वावलंबी और स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर तनुज खुराना ने उपस्थित सभी लोगों से स्वच्छता और सेवा कार्यों को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

इस अवसर पर रमेश नायक, मनजीत जांगड़ा, पंकज कोचर,अक्षय शर्मा, पुनीत मदान,अनिल आर्य,सोनू जांगड़ा, प्रवीण सिंगला,अजय मुंजाल, विक्रम चोपड़ा,सुखविंदर जाखड़, रतिराम सैनी,अरुण आर्य,गौरव बंसल,पार्षद प्रतिनिधि मुकेश टुटेजा, पार्षद बलवान गुर्जर, पार्षद नवदीप बिड़लान,वजीर सिंह तथा कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पोषण अभियान के तहत 8 वें राष्ट्रीय पोषण माह की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**जींद (सुरेश सिसोदिया)।** लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह-2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिलेभर में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन होगा। इस वर्ष की थीम मोटापे को सम्बोधित करना-चीनी नमक और तेल की खपत को कम करना, प्रारम्भिक बचपन की देखभाल व शिक्षा-पोषण भी पढाई भी शिशु व छोटे बच्चों की खिलोनों की प्रथाएं, एक पेड़ मां के नाम मैन स्ट्रीमिंग गतिविधियां की जाएगी।




# राजभवन में 21 को क्षमा पर्व, राज्यपाल ने जैन मुनियों व समाज को दिया आमंत्रण








अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** आगामी 21 सितंबर को पंजाब राजभवन में विशेष रूप से क्षमा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में संपूर्ण जैन समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिसका आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के सहयोग से किया जा रहा है।

इस आयोजन की तैयारी के तहत पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला स्थित कई जैन स्थानकों और तेरापंथ भवनों का दौरा किया। उन्होंने वहां उपस्थित जैन मुनियों के व्यक्तिगत रूप से दर्शन कर उन्हें राजभवन में आयोजित होने जा रहे क्षमा पर्व के लिए आमंत्रित किया।

राज्यपाल का पहला पड़ाव रहा पीर मुछल्ला, जहां उन्होंने महासाध्वी जी सुरक्षा जी महाराज को आमंत्रण दिया।

इसके पश्चात वह पंचकूला के सेक्टर 12 ए स्थित तेरापंथ भवन पहुंचे और मुनिश्री सुधाकर जी महाराज जी से बिनती की। फिर राज्यपाल कटारिया ने पंचकूला सेक्टर-17 के जैन स्थानक में मुनिश्री आशीष मुनि जी, चंडीगढ़ सेक्टर-18 में सुखदर्शन मुनि जी, सेक्टर-24 के तेरापंथ अनुव्रत भवन में विनय आलोक मुनि जी, और मोहाली के फेज 6 जैन स्थानक में जिनेश मुनि जी महाराज से मुलाकात की और उन्हें पर्व में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान राज्यपाल के साथ जीत, चंडीगढ़ के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें चेयरमैन लोकेश जैन, वाइस चेयरमैन धर्मबहादुर जैन, वाइस चेयरमैन महावीर जैन और मुख्य कोषाध्यक्ष सुधीर जैन प्रमुख रूप से शामिल थे।

यह आयोजन धर्म, सद्भावना और आत्ममंथन का प्रतीक होगा, जिसमें क्षमा याचना और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। राजभवन में यह पहला अवसर होगा जब जैन समाज के मुनि और साध्वीगण एक मंच पर आकर क्षमा पर्व को आध्यात्मिक रूप से मनाएंगे, जिससे समाज में शांति, अहिंसा और सहयोग की भावना को बल मिलेगा।

## ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने से कन्नी काट रहे अध्यापक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग की ओर से शैक्षणिक गतिविधियों और शिक्षकों की दैनिक दिनचर्या को लेकर आनलाइन टीचर डायरी शुरू की थी। पांच माह पहले शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के आदेश जारी किए थे। मगर शिक्षक आनलाइन टीचर डायरी लिखने से कन्नी काट रहे हैं। इस पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी गई है कि आनलाइन टीचर डायरी नियमित रूप से भरी जाए। इसको लेकर विद्यालय मुखियाओं को निर्देश दिए जाएं कि वे अध्यापकों से नियमित रूप से टीचर डायरी भरवाएं। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से 8 अप्रैल और 16 अप्रैल को पत्र जारी कर एमआईएस पोर्टल के माध्यम से टीचर डायरी भरने के निर्देश जारी किए गए थे। पांच माह बीतने के बाद भी शिक्षक आनलाइन टीचर डायरी भरनी को लेकर उदासीनता दिखा रहे हैं।







# 'मैं भी मोदी हूं' कार्यक्रम में गूंजा भारत माता का जयघोष



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में बुधवार को कर्तव्य निष्ठ संस्था द्वारा एक विशेष आयोजन – 'मैं भी मोदी हूं' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्थन का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि बच्चों ने पीएम मोदी का मास्क पहनकर और उन्हीं की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पूरा आयोजन स्थल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में एनएसएस से जुड़े स्टूडेंट्स की भागीदारी भी देखने को मिली, जिन्होंने देश सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था की संयोजक रितिका वर्मा ने कहा कि, ÷इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सेवा, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। हमें अपने युवाओं में राष्ट्र निर्माण की चेतना जगानी है।÷ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भाजपा, चंडीगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, जबकि उनके साथ भाजपा महामंत्री संजीव राणा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों नेताओं ने संस्था की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से देश के प्रति प्रेम और सेवा भावना को बल मिलता है। मंच पर मौजूद सभी अतिथियों और समाजसेवियों ने यह निर्णय लिया कि इस बार प्रधानमंत्री का जन्मदिवस ÷सेवा पखवाड़ा÷ के रूप में मनाया जाएगा, ताकि उनके जीवन और विचारों को समाज तक पहुंचाया जा सके। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और बच्चों के परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि चंडीगढ़ का युवा आज भी देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने को तैयार है।

## अनिल विज ने सोशल मीडिया से मंत्री का टैग हटाया

बोले,बतौर मंत्री किसी को साथ नहीं जोडऩा चाहता

जिसे जुडऩा है वह मुझे या मेरे विचारों से जुड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज अपने सोशल मीडिया अकांउट से मंत्री का टैग हटाकर समूची सरकार व भाजपा को सकते में डाल दिया है। इससे पहले उन्होंने अंबाला छावनी में कुछ लोगों को समानांतर भाजपा चलाने का आरोप लगाया था।

बुधवार की रात उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट से 'मंत्री' शब्द व पोर्टफोलियो हटा लिया। इस घटनाक्रम के बाद हरियाणा में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। गुरुवार की दोपहर अनिल विज ने इस विवाद पर सफाई देते हुए कहा कि मैं नहीं चाहता कि कोई पद की वजह से मेरे साथ जुड़े। अगर कोई मेरा फालोअर्स बनना चाहता है तो अनिल विज की वजह से बने। अनिल विज ने सरकार से किसी तरह की नाराजगी से भी इनकार किया। कुछ दिन पहले अंबाला कैंट में पैरलल भाजपा चलाने वालों के बारे में उन्होंने फिर कोई जवाब नहीं दिया। अनिल विज के इस कदम से संकेत मिल रहे हैं कि अब वे पद के बजाय व्यक्तिगत तौर पर खुद को अंबाला कैंट में मजबूत रखने की कोशिश कर रहे हैं।

ताजा घटनाक्रम पर विज ने कहा कि मैं अपनी व्यूअरशिप और फॉलोअर्स अनिल विज के तौर पर बनाना चाहता हूं, जो मैं कंटेंट डालता हूं, उसके आधार पर बनाना चाहता हूं। इसीलिए मैंने पद हटाए हैं, इसका कोई और मतलब नहीं है। मैं चाहता हूं कि जो भी मेरा फॉलोअर बनना चाहता है, वह अनिल विज के कारण हो। अंबाला छावनी में समानांतर भाजपा चलाए जाने को इससे जोड़कर नहीं देखना चाहिए। मैं बतौर अनिल विज ही रहना चाहता हूं। मैं तब से ट्विटर चला रहा हूं, जब से मेरे पास कोई पद नहीं था।







अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

## गुजरात में मकान तोड़ने गए बुलडोजर को लोगों ने गुस्से में पलट दिया

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात के गांधीनगर में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सरकारी जमीन पर बने 700 से अधिक मकान और अन्य ढांचों को तोड़ा गया है। इसी बीच पेटापुर में बुलडोजर ऐक्शन के विरोध में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। भारी सुरक्षा के बावजूद लोग जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस बीच अफरा-तफरी में एक बुलडोजर भी पलट गया। गनीमत है कि इसकी जद में कोई नहीं आया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह लोगों को काबू किया। गुजरात के गांधीनगर में एक बार फिर बड़ा बुलडोजर ऐक्शन लिया गया है। गांधीनगर जिला प्रशासन के मुताबिक साबरमती नदी के किनारे जीईबी, पेथापुर, चारेदी इलाकों में सरकारी जमीनों पर अतिमक्रमण किया गया था। कई बार इन्हें जगह खाली करने की चेतावनी दी गई थी। गुरुवार सुबह भारी सुरक्षा इंतजाम के बीच तोड़फोड़ दस्तों ने बुलडोजर अभियान की शुरुआत की। एक साथ दर्जनों बुलडोजर मकानों को तोड़ते नजर आए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश... सीबीआई वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता की जांच करेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मगध यूनिवर्सिटी द्वारा एक वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों के जाली होने का दावा करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उसकी डिग्री की प्रामाणिकता की जांच करने का आदेश दिया है। यह निर्णय तब लिया गया, जब बिहार की मगध यूनिवर्सिटी ने वकील के शैक्षिक प्रमाणपत्रों को जाली घोषित किया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस उज्ज्वल भुईयां की पीठ बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एक अनुशासनात्मक समिति के फैसले के खिलाफ दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। मगध यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वकील की मार्कशीट और बीकॉम की डिग्री जाली है और मगध यूनिवर्सिटी ने जारी नहीं किया था। वहीं वकील ने मगध यूनिवर्सिटी से 1991 में बीकॉम की डिग्री प्राप्त करने का दावा कर उसकी फोटोकॉपी प्रस्तुत की। वकील ने कहा कि यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड नष्ट हो गए हैं, जिससे डिग्री की प्रामाणिकता की पुष्टि करना संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखकर सीबीआई को जांच करने का निर्देश दिया। सीबीआई को पता लगाना है कि वकील द्वारा प्रस्तुत की गई बीकॉम की डिग्री असली है या नकली। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को अधिकारी नियुक्त करने और 3 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

## खराब मौसम के कारण राहुल गांधी का गुजरात दौरा टला, अब शुक्रवार को जूनागढ़ आएंगे

अहमदाबाद (एजेंसी)। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आज का जूनागढ़ दौरा दिल्ली में खराब मौसम के कारण स्थगित कर दिया गया है। दिल्ली हवाई अड्डे से उनका विमान उड़ान नहीं भर सका, जिसके चलते यह यात्रा कल तक के लिए टाल दी गई है। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावड़ा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि राहुल गांधी कल सुबह करीब 11 बजे जूनागढ़ पहुंचेंगे और प्रशिक्षण वर्ग की पूर्णाहुति बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में वे जिला अध्यक्षों को आगामी आम चुनाव और पार्टी संगठन को मजबूत करने के मुद्दों पर मार्गदर्शन देंगे। अमित चावड़ा ने मीडिया से बातचीत में भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर विशेष अभियान शुरू किया है। आज सुबह दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग की कथित वोट चोरी में संलिप्तता का खुलासा किया। यह अभियान अब गुजरात में भी शुरू हो चुका है। इसका उद्देश्य राज्य के प्रत्येक मतदाता को वोट चोरी के मुद्दे पर जागरूक करना और भाजपा द्वारा की गई कथित वोट चोरी की हकीकत लोगों तक पहुंचाना है। अमित चावड़ा ने दावा किया कि नवसारी लोकसभा क्षेत्र की चोर्यासी विधानसभा सीट में भाजपा नेता सी.आर. पाटिल ने 20,000 से 25,000 फर्जी मतदाताओं को खड़ा कर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में हुई वोट चोरी का असर पूरे नवसारी लोकसभा क्षेत्र में कितना हुआ होगा, इसकी कांग्रेस जांच कर रही है। आने वाले दिनों में अन्य विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में भी वोट चोरी के सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस को उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

## नशामुक्त भारत के लिए गुजरात के 10 शहरों में देश के स्थानों पर नमो युवा रन का आयोजन

अहमदाबाद(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। नशामुक्त भारत के लिए इस नमो युवा रन का आयोजन किया जा रहा है। गुजरात के 10 समेत देश के 100 बड़े शहरों में नमो युवा रन का आयोजन किया गया है7 21 सितंबर को अहमदाबाद के वस्त्रापुर में सुबह 6 बजे नमो युवा रन का आयोजन किया गया है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई है। इस सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम अभियान, स्वास्थ्य शिविर सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दुनिया के सबसे बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। राज्य स्तरीय मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि 21 सितंबर को देशभर में 100 से अधिक स्थानों पर नमो युवा रन का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं को नशामुक्त बनाने और नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए इस रन का आयोजन किया गया है। गुजरात में भी अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, भावनगर समेत 10 बड़े नगरों में 21 सितंबर को नमो युवा रन का आयोजन होगा। अहमदाबाद में यह मैराथन सुबह 6 बजे वस्त्रापुर तालाब से शुरू होगी, जिसे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मैराथन में 10,000 से अधिक युवा शामिल होंगे।

# महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल बेहद जरूरी: नड्डा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान÷ का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा, जागरूकता और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। अभियान की अवधि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक रखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को ÷स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान÷का शुभारंभ हुआ। रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया।



नारी का स्वास्थ्य - परिवार की शक्ति रही आकर्षण का केंद्र बिंदू प्रदर्शनी में ÷स्वस्थ माँ, सुरक्षित शिशु - मजबूत समाज की नींव÷ जैसे प्रेरक संदेशों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं की झलक दिखाई गई। अवलोकन के बीच मुख्य अतिथि जे पी नड्डा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी ली। निक्षय पोषण योजना पर आधारित पैनलों के माध्यम से लोगों को यह जानकारी दी गई कि टीबी रोगियों को उपचार के दौरान प्रतिमाह 1000 रुपए पोषण सहायता सीधे बैंक खाते में दी जाती है। इसके लिए टीबी आरोग्य साथी ऐप और उमंग ऐप के जरिए सत्यापन और ट्रैकिंग की सुविधा भी समझाई गई। स्टॉलों पर कैंसर स्क्रीनिंग, एनीमिया नियंत्रण, थैलेसीमिया जांच, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और क्षय रोग से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही आप से रोशन है पूरे परिवार की खुशी- टीबी उपचार लें और अपनों का साथ निभाएं जैसे संदेशों ने लोगों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान पोषण अभियान को लेकर पोस्टर लगाए गए, जिनमें बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार, स्तनपान के महत्व और एनीमिया नियंत्रण जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों और योजनाओं से जुड़े जानकारीपूर्ण पोस्टर, बैनर और स्टॉल लगाए गए, जिनमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक भागीदारी पर भी जोर दिया गया। 17 सितंबर को विशाल स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। अभियान के तहत 17 से 2 अक्टूबर तक विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जाएगा। सभी का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए रूटीन इम्यूनाइजेशन पर भी जोर दिया जाएगा।

## सीएम धामी ने राज्य आपदा परिचालन केंद्र में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा परिचालन केंद्र में प्रदेशभर में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की। उन्होंने चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में बादल फटने से प्रभावित गांवों में बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। चमोली के नंदानगर में बादल फटने से दो गांव, धुर्मा और कुंतरी, बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। घटना में 14 लोग लापता हैं और करीब 35 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश एयरलिफ्ट करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में सड़क, पानी, बिजली और नेटवर्क कनेक्टिविटी बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए आश्रय, भोजन, और स्वच्छ पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके अलावा, प्रभावित गांवों में पर्याप्त डॉक्टर और दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक प्रभावित परिवार तक जल्द से जल्द राहत सामग्री पहुंचाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, देहरादून के आपदा प्रभावित गांवों जैसे फुलेत, सरखेत छमरौली, सिल्ला और क्यारा में हेलीकॉप्टर के जरिए 150 किट राशन पहुंचाया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल लगातार इन क्षेत्रों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

## चिराग ने कहा- कांग्रेस तेजस्वी को मुख्यमंत्री घोषित नहीं कर पाई, उन्हे तकलीफ तो होगी



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए तमाम नेताओं ने अभी से पसीना बहाना शुरु कर दिया है। जुबानी जंग, आरोप प्रत्यारोप और चुनावी रणनीति के बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव की यात्रा पर निशाना साधा है। चिराग ने कहा कि कांग्रेस से इनको (तेजस्वी यादव) को सम्मान नहीं मिला। ये तो राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने चले गए थे। इसके बाद भी वो इन्हें मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर नहीं गए। ऐसे में स्वाभाविक है कि इस बात की तकलीफ इनके मन में होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर बनाए गए एआई वीडियो पर पटना हाईकोर्ट के फैसले का भी स्वागत किया। पटना उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कांग्रेस ऐसे वीडियो को तुरंत हटाए। चिराग पासवान ने वीडियो को लेकर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के वीडियो को उचित नहीं ठहराया जा सकता है जिसमें किसी की स्वर्गीय मां शामिल किया जाए। आखिर किस मंशा से वो किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना चाहते हैं। यह युवाओं को नौकरी देने की बात कर रहे हैं। इनसे पूछिए ना कि किनके कार्यकाल में युवा बिहार को छोड़ कर जाने के लिए मजबूर हुए। देश के इतिहास में अगर सबसे ज्यादा पलायन किसी राज्य या किसी कालखंड में हुआ तो वो इन्हीं के कालखंड में हुआ। 90 के दशक में बिहार के युवाओं को बिहार छोड़ कर जाने के लिए मजबूर किया गया। आज अगर ये युवाओं की बात कर रहे हैं तो इन्हें पहले उस वक्त का जवाब देने की जरुरत है। बता दें कि तेजस्वी यादव अभी बिहार अधिकार यात्रा पर हैं। इस यात्रा के तहत तेजस्वी यादव उन विधानसभाओं में जा रहे हैं जो विधानसभा वोटर अधिकार यात्रा में कवर नहीं हो सके थे। 16 सितंबर को जहानाबाद से इस रैली की शुरुआत हुई थी। 20 सितंबर को वैशाली में यात्रा का समापन होगा।

# पाक-सऊदी के समझौते पर भारत ने कहा- हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों में से किसी एक देश पर आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। अब इस समझौते पर भारत ने साफ शब्दों में कहा है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तैयार है और इस समझौते से पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अध्ययन किया जाएगा।


विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक मीडिया प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत सरकार ने इस समझौते से संबंधित खबरों को देखा है और इसे गंभीरता से ले रही है। जायसवाल ने बताया कि सरकार को इस बात की जानकारी थी कि दोनों देशों के बीच इस तरह का समझौता विचाराधीन था, जो अब औपचारिक रूप ले चुका है। उन्होंने कहा, हम इस घटनाक्रम से भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करेंगे। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि भारत सरकार अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस समझौते के संभावित परिणामों का गहन विश्लेषण किया जाएगा ताकि भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसका प्रभाव समझा जा सके। यहां दिलचस्प बात ये है कि भारत को इस समझौते की जानकारी पहले से थी। माना जा रहा है कि या तो खुद सऊदी अरब ने भारत को जानकारी दी या फिर किसी अन्य देश ने बताया है। हालांकि इस संदर्भ में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक बयान में कहा गया है कि समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की गई, जिसमें कहा गया कि दोनों में से किसी एक देश के खिलाफ किसी भी तरह के आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत दोनों में से किसी एक देश पर आक्रमण को दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते' पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की रियाद की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए। यहां अल-यममाह पैलेस में क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान ने उनका स्वागत किया। हालांकि, सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच इस रक्षा समझौते की विशिष्ट शर्तों और दायरे के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक विवरण सामने नहीं आया है। हस्ताक्षर समारोह के बाद जारी एक संयुक्त



वक्तव्य में कहा गया, लगभग आठ दशकों से चली आ रही साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए तथा भाईचारे, इस्लामी एकजुटता और साझा रणनीतिक हितों के बंधनों पर आधारित दोनों पक्षों ने रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सऊदी राजधानी पहुंचने पर प्रधानमंत्री शरीफ का स्वागत रियाद के उप-गवर्नर मुहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन अब्दुलअजीज ने किया।

## 9 दिनों में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को तीसरी बार मिली राहत की खबर



लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री, आजम खान, को हाल ही में कई कानूनी मामलों में राहत मिली है। उन्हें रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार कब्जा केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। पिछले 9 दिनों में यह तीसरी बार है जब उन्हें किसी अहम मामले में राहत मिली है। इसके पहले 10 सितंबर को डूंगरपुर मामले में हाई कोर्ट ने जमानत मंजूर की। इसके बाद 16 को छजलैट प्रकरण और रास्ता जाम करने के मामले में रामपुर की अदालत ने बरी किया। और फिर 18 को क्वालिटी बार केस में हाई कोर्ट से जमानत मिली। इस जमानत के साथ, उन पर दर्ज करीब सभी मुकदमों में जमानत मिल चुकी है, जिससे उनके जल्द ही जेल से बाहर आने की संभावना बढ़ी है। बात दें कि क्वालिटी बार केस 2008 का है, जिसमें आजम खान पर रामपुर में एक बार की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप था। मामले में 2019 में एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसमें पहले उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को नामजद किया गया था, और बाद में आजम को भी आरोपी बनाया गया। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जमानत याचिका खारिज होने के बाद, उन्होंने हाई कोर्ट में अपील की थी, जहाँ उनके वकील ने राजनीतिक बदले की भावना से फंसाए जाने का तर्क दिया। सभी पक्षों को सुनने के बाद, कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

## प्राकृतिक आपदा में नदारत रहीं सांसद कंगना बोलीं- पीएम ने दिए 10 हजार करोड़

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मंडी ससंदीय क्षेत्र में आपदा के दौरान नदारद भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने बड़ा बयान दिया है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर मंडी में आयोजित यज्ञ में पहुंची कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश के अगले सीएम की दावेदारी पर बड़ा बयान दिया है।

मंडी शहर के सिद्धकाली माता मंदिर में महायज्ञ करवाया गया है। इसमें पूर्णाहूति डालने के बाद सांसद कंगना ने कहा कि केंद्र में 2014 से पहले रही सरकारों ने हमेशा हिमाचल को नजर अंदाज किया है, जबकि पीएम मोदी अब तक विभिन्न किस्तों के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये दे चुकें।



आपदा में सांसद कंगना रनौत की गैर मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर कंगना ने कहा कि हिमाचल में हीन भावना के ग्रस्ति कुछ लोग उनके बारे में ही जनता को भड़काने में लगे हुए हैं। जबकि वह आज दूसरी बार आपदा के दौरान मंडी क्षेत्र की जनता के बीच पहुंची हैं। सांसद कंगना ने पीएम मोदी की ओर से देश हित में किए अनकों कार्यों की भी जमकर सराहना की और कहा कि मोदी है तो ही मुमकिन है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की योजना एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपने संसदीय क्षेत्र की जनता से आह्वान भी किया। अब गुरुवार को कंगना रनौत मनाली विधानसभा क्षेत्र का दौर करेंगी। हिमाचल प्रदेश में सीएम बनने के सवाल पर सांसद कंगना ने कहा कि अब उन्हें समझ आ गई है कि राजनीति एक समाजसेवा का काम है और इसमें पर्सनल लाभ जैसा कुछ नहीं है और ऐसे में पीएम मोदी के आशीर्वाद से वह किसी भी काम को करने के लिए सक्षम हैं और कंगना अगर किसी काम को करने की ठान ले तो वो उसे करके दिखाती हैं। फिर चाहे बात फिल्मों की ही क्यों ना हो। मंडी में भाजपा के द्वारा पीएम मोदी के जन्म दिवस पर इंदिरा मार्केट में स्थित माता सिद्ध काली माता मंदिर में जहां महायज्ञ का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन पर मंडी में भाजपा के द्वारा पीएम मोदी के जन्म दिवस पर इंदिरा मार्केट में स्थित माता सिद्ध काली माता मंदिर में जहां महायज्ञ का आयोजन किया, वहीं प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे संसार के लिए विश्व कल्याण की कामना भी की। मंडी में आयोजित इस महायज्ञ को मां त्रिपुर सुंदरी धाम मणिकूट पर्वत ऋषिकेश से आए श्री श्री 1008 श्री हरिओम महाराज व उनके साथ आए अन्य साधु संतों ने संपन्न करवाया। इस महायज्ञ में पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद कंगना रनौत, सर्व देवता समिति अध्यक्ष शिवपाल शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने भाग लेकर पूर्णाहुति डाली और विश्व कल्याण की कामना की।

## पूरे देश में होगा एसआईआर, एक जुलाई 1987 से पहले जन्म हुआ तो नहीं देना होगा कोई दस्तावेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। पूरे देश में होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 50 करोड़ से ज्यादा वोटर्स को किसी भी अतिरिक्त दस्तावेज की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसका कारण है कि उनके नाम पहले से ही मतदाता सूची में दर्ज हैं। एक जुलाई 1987 से पहले जन्म होने की अंडरटेकिंग देने वाले मतदाताओं को कोई अन्य दस्तावेज लगाने की जरूरत नहीं होगी।




चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक भारत के आधे से ज्यादा वोटर्स इस नए प्रोसेस के दायरे में आएंगे। इन मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उनका नाम उनके राज्य में आयोजित पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में शामिल होगा। ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी एसआईआर 2002 से 2008 के बीच हुआ था, जिसे इस प्रक्रिया के लिए कट-ऑफ माना जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि चुनाव आयोग जल्द ही अखिल भारतीय एसआईआर को लागू करने की तारीख तय करेगा। राज्यों में मतदाता सूचियों को सुधार करने का काम इस साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। पिछले हफ्ते हुए एक सम्मेलन में राज्यों के सीईओ को अपने-अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची तैयार रखने को कहा है।

बिहार में आखिरी एसआईआर 2003 में हुआ था। इसके मुताबिक अभी इसमें सूचीबद्ध कुल मतदाताओं के 60 फीसदी यानी 4.96 करोड़ मतदाताओं को अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान स्थापित करने के लिए मतदाता सूची के प्रासंगिक भाग को छोड़कर कोई सहायक दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। बिहार में इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक विवाद भी हो चुका है, जहां विपक्षी दलों ने दस्तावेजों की कमी के कारण लोगों के मताधिकार से वंचित होने की आशंका जताई थी। केवल 40फीसदी मतदाताओं को ही अपनी जन्मतिथि या स्थान की पुष्टि के लिए सूचीबद्ध 12 दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा वोटर बनने या राज्य के बाहर से आने वाले कुछ आवेदकों के लिए एक अतिरिक्त घोषणा पत्र भी शुरू किया गया है। ऐसे लोगों को यह शपथपत्र देना होगा कि उनका जन्म 1 जुलाई, 1987 से पहले भारत में हुआ था।

# 502 नए आंगनवाड़ी-क्रेच केंद्रों का शुभारंभ, कामकाजी माताओं के लिए बड़ी सौगात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली को आज महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अनुपूर्णा देवी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने न्यू अशोक नगर स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में 502 नए पालनाघर आंगनवाड़ी सह-क्रेच केंद्रों का उद्घाटन किया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत की गई है, जिसका उद्देश्य कामकाजी माताओं को सहयोग प्रदान करना और बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

### बच्चों के लिए पोषण और देखभाल

इन नए केंद्रों का मुख्य ध्येय छोटे बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और शैक्षिक सहयोग प्रदान करना है। मंत्री अनुपूर्णा देवी ने कहा कि यह पहल महिलाओं को घर और कार्यस्थल की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण सहायता देगी। उनके अनुसार, इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक आयु में ही उचित देखभाल और शिक्षा मिलेगी, जो उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी।

### नया संबोधन: 'मौसी'

कार्यक्रम में एक विशेष घोषणा भी की गई। आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं को अब 'मौसी' कहकर संबोधित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यह संबोधन माँ जैसे प्रेम और स्नेह का प्रतीक है तथा बच्चों के साथ घर जैसा वातावरण सुनिश्चित करने का प्रयास है। उन्होंने आशा जताई कि इस परिवर्तन से कार्यकर्ताओं की भूमिका और भी आत्मीय तथा सम्मानजनक बनेगी।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस अवसर पर केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों एवं सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक रविकांत व रवि नेगी, तथा जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम बताया।

### महिला सशक्तिकरण की ओर नया कदम

इस कार्यक्रम को न केवल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में, बल्कि मातृ शक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने वाला कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन केंद्रों से कामकाजी महिलाओं को राहत मिलेगी और समाज में बाल संरक्षण की नई परंपरा स्थापित होगी।



# आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर का आईपीओ: ₹393-414 प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय -

## :23 सितंबर को खुलेगा सब्सक्रिप्शन, ₹7.45 अरब जुटाने का लक्ष्य

**मुंबई/इंदौर**

भारत के एक प्रमुख फुल-सर्विस ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर लिमिटेड ने अपने आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए ₹393 से ₹414 प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह ढ्ढक्क 23 सितंबर, मंगलवार को खुलेगा और 25 सितंबर, गुरुवार को बंद होगा।कंपनी का लक्ष्य इस ढ्ढक्क से ₹7.45 अरब तक की राशि जुटाना है, जिसका एक बड़ा हिस्सा (₹5.5 अरब) कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में इस्तेमाल किया जाएगा।

निवेशक न्यूनतम 36 शेयरों के एक लॉट के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके बाद 36 के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकेगी।आनंद राठी तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ एक स्थापित ब्रांड है, जो खुदरा और संस्थागत ग्राहकों को ब्रोकिंग, मार्जिन ट्रेडिंग और विभिन्न वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है।

कंपनी की सेवाएं शेयर, डेरिवेटिव्स, कमोडिटी और करेंसी मार्केट तक फैली हुई हैं।कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत दिख रही है। वित्तीय वर्ष 2023 से 2025 के बीच इसकी परिचालन आय 34.45त्न की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (ष्टत्रक्र) से बढ़कर ₹8,456.98 मिलियन हो गई है।

इसी अवधि में, टैक्स के बाद का मुनाफा 65.68त्न की ष्टत्रक्र के साथ ₹1,036.06 मिलियन तक पहुँच गया है।यह आईपीओ बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से होगा, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों, गैर-संस्थागत बोलीदाताओं और खुदरा निवेशकों के लिए अलग-अलग कोटा निर्धारित किया गया है।

साथ ही, कर्मचारियों के लिए भी ₹100 मिलियन तक का आरक्षण हिस्सा शामिल है।



इस के आईपीओ बुक-रनिंग लीड मैनेजर नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स और आनंद राठी एडवाइजर्स हैं।

# सीजीएसटी की नई दरें अधिसूचित, 22 सितंबर से होंगी लागू

## नए ढांचे के तहत अनुसूची 1 की वस्तुओं पर 2.5 प्रतिशत केंद्रीय जीएसटी लगेगा

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) दरों की संशोधित सूची की अधिसूचना जारी कर दी है, जो 2017 से लागू मूल दरों की जगह लेगी। वित्त मंत्रालय ने यह अधिसूचना जारी की है, जो 22 सितंबर से लागू होगी। यह बदलाव 7 अनुसूचियों में किया गया है, जिनमें सीजीएसटी 2.5, 9, 20, 1.5, 0.125, 0.75 और 14 प्रतिशत की दर पर अधिसूचित है। गौरतलब है कि राज्य सरकारें इन्ही दरों पर राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) के लिए अलग से अधिसूचनाएं जारी करेंगी। नए ढांचे के तहत अनुसूची 1 की वस्तुओं पर 2.5 प्रतिशत केंद्रीय जीएसटी लगेगा, जिसका मतलब यह हुआ कि राज्य जीएसटी के साथ इन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी होगा, क्योंकि दोनों सरकारें एक समान कर लेती हैं। इस अनुसूची में आवश्यक जिंस और प्राथमिक वस्तुएं शामिल हैं, जिनमें डेरी उत्पाद जैसे मिल्क पाउडर, दही, मक्खन, घी से लेकर पैकेज्ड खाद्यान्न और मोटे अनाज जैसे चावल, गेहूं और दलहन शामिल है। इनमें मसालों, चाय, कॉफी, मेवे, शहद, खाद्य तेल, दवाएं, उर्वरक, साबुन, टूथपेस्ट, धूपबत्ती, तथा नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला जैसे सौर पैनल, पवन चक्कियां व बायोगैस संयंत्र शामिल हैं। अनुसूची 2 पर 9 प्रतिशत सीजीएसटी (प्रभावी रूप से 18 प्रतिशत जीएसटी) लागू होगा। ऐसी वस्तुओं में औद्योगिक इनपुट, इंटरमीडिएट वस्तुएं, टेक्सटाइल्स और उपभोक्ता वस्तुएं हैं। अनुसूची 3 में शामिल वस्तुओं पर 20 प्रतिशत सीजीएसटी लागू किया गया है, जिससे ऐसी वस्तुओं पर कुल जीएसटी 40 प्रतिशत होगा। इस अनुसूची में लक्जरी और नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुएं जैसे एरेटेड पेय और एनर्जी ड्रिंक, महंगी कारें और एसयूवी, एक निश्चित सीमा से अधिक इंजन क्षमता वाले हाइब्रिड वाहन, 350 सीसी से ज्यादा क्षमता वाली मोटरसाइकलें, व्यक्तिगत इस्तेमाल के विमान, याट, रिवॉल्वर व पिस्टल शामिल हैं। अनुसूची 4 पर 1.5 प्रतिशत सीजीएसटी (3 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिनमें मोती, सोना, चांदी और आभूषण शामिल है। अनुसूची 6 पर 0.75 प्रतिशत (1.5 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिसमें कुछ विशेष इनपुट्स शामिल हैं और अनुसूची 7 पर 14 प्रतिशत सीजीएसटी (28 प्रतिशत जीएसटी) लगाया गया है, जिसमें तंबाकू से जुड़े उत्पाद हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने 1,000 से अधिक शिक्षकों को सिखाए सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के गुर

## साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान, शिक्षक बनेंगे डिजिटल सुरक्षा के प्रहरी

**मुंबई/इंदौर ।**

भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूरे देश के 1,000 से अधिक शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के बारे में प्रशिक्षित किया है। एक वर्चुअल सत्र के माध्यम से, बैंक ने शिक्षकों को साइबर धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे वे खुद को और समाज को धोखेबाजों से बचा सकें।

इस सत्र में प्रतिभागियों को साइबर खतरों की पहचान करने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों, कहानियों और वीडियो का उपयोग करके प्रशिक्षित किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के घोटालों जैसे फ़िशिंग, विशिंग, स्मिशिंग, रिमोट डिवाइस एक्सेस और यूपीआई धोखाधड़ी पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, निवेश, नौकरी के प्रस्ताव और डिजिटल गिरफ्तारी जैसे छद्म रूपों में होने वाली धोखाधड़ी से बचने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष, श्री मनीष अग्रवाल ने इस पहल पर कहा, जागरूकता की कमी के कारण लोग अक्सर साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। इन सत्रों का उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए सही ज्ञान से लैस करना है। उन्होंने बताया कि ये शिक्षक अब समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे अपनी संवेदनशील जानकारी कभी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर या **https://cybercrime.gov.in** पर दर्ज कराएं। यह पहल न केवल डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने में मदद करेगी बल्कि एक जागरूक डिजिटल समाज के निर्माण में भी सहायक होगी।

# यूरोपीय यूनियन ने कहा, व्यापार वार्ता में और प्रगति होगी

**नई दिल्ली**

यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा के एक अे धिकारी आयुक्त मारोश शेफचोविच ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि पिछले सप्ताह नई दिल्ली की उनकी यात्रा के दौरान व्यापार वार्ता में और प्रगति होगी क्योंकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए दिसंबर की समय सीमा बेहद करीब है। शेफचोविच ने ब्रसेल्स में मी डिया से चर्चा के दौरान कहा` कि मैं पिछले सप्ताह भारत गया था। बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रयास में यह इस साल भारत की मेरी तीसरी यात्रा थी। मैं भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) के साथ लगातार संपर्क में हूं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वार्ताकार अपने कड़े रुख के लिए जाने जाते हैं लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि ईयू अपने हितों को दृढ़ता से रक्षा करेगा। भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े निर्यात ठिकाने यूरोपीय संघ के साथ वार्ता को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्णय किया था क्योंकि अमेरिका के साथ तनाव बढ़ गया था और निर्यातक अमेरिका के साथ व्यापार समझौता न होने की स्थिति में माल को खपाने के लिए एक बड़े बाजार की तलाश में थे। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि दोनों पक्ष साल के अंत तक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया` कि अब साझा हितों पर आधारित साझेदारियों पर दोगुना प्रयास करने का समय आ गया है। अपनी नई यूरोपीय संघ-भारत



रणनीति के साथ हम अपने संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच वाहन, कृषि, शराब, सेवाओं और गैर-शुल्क उपायों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं क्योंकि भारत इन्हें संवेदनशील मानता है और अब भी इन पर बातचीत चल रही है।

# भारत का इआरडीएंडडी क्षेत्र 5 साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा: नैसकॉम

**नई दिल्ली**

नैसकॉम की ईआरऐंडडी परिषद के एक प्रमुख अे धिकारी का कहना है कि भारत का इंजीनियरिंग शोध एवं विकास (ईआरएंडडी) क्षेत्र इस दशक के अंत तक करीब 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो पिछले वित्त वर्ष तक 56 अरब डॉलर था। यह क्षेत्र भारत के प्रौद्योगिकी उद्योग में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक रहा है, जिसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर, औद्योगिक, ऊर्जा एवं यूटिलिटीज, दूरसंचार, हेल्थकेयर, लाइफ साइंसेज और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। तुलनात्मक रूप से सबसे बड़ा उद्योग आईटी कमजोर वृहद आर्थिक परिवेश के कारण लगभग 4 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। कमजोर वृहद आर्थिक परिदृश्य की वजह से ग्राहकों के खर्च पर असर पड़ा है। पाटिल केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्याधिकारी भी हैं। उन्होंने बताया कि अगर आप गणना करें तो



तार्किक रूप से यह वृद्धि दर समान प्रतिशत के अनुरूप नहीं है। लेकिन अगले पांच वर्षों में सभी क्षेत्रों में ईआरऐंडडी पर कुल खर्च 10 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। बस फर्क इतना है कि आंकड़ों को देखकर उत्साहित न हों।

ये नए क्षेत्र और प्रौद्योगिकियां हैं और बिजनेस मॉडल और प्रतिस्पर्धा बहुत अलग हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धि की रफ्तार बढ़ाने के लिए कुछ बदलाव लाने की जरूरत होगी। पहला है एआई का औद्योगिक इस्तेमाल, जो अभी भी निवेशकों की उम्मीदों से कम है।

# एग्री जेनेटिक्स अपने निवेशकों को 1 के बदले 10 शेयर बांटेगी

**नई दिल्ली**

देश के सबसे बड़े सेक्टर यानी एग्रीकल्चर क्षेत्र में काम करने वाली महाराष्ट्र की कंपनी निर्माण एग्री जेनेटिक्स लिमिटेड अपने निवेशकों को 1 शेयर के बदले 10 स्टॉक बांटने को लेकर विचार कर रही है। यह कंपनी हाइब्रिड बीज, कीटनाशक और बायो-ऑर्गेनिक प्रोडक्ट के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में काम कर रही है। कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक 30 सितंबर को होगी। बैठक में बोनस शेयर (1 इक्विटी शेयर पर 10 बोनस शेयर तक), स्टॉक स्प्लिट और हाइड्रोपोनिक्स और एक्वापोनिक्स क्षेत्र में विस्तार जैसे प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। इन प्रस्तावों का उद्देश्य शेयरधारकों को अधिक लाभ देना, शेयर की बाजार क्षमता बढ़ाना और कंपनी के संचालन को आधुनिक कृषि तकनीकी रुझानों के अनुरूप लाना है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले मौजूदा इक्विटी शेयरों को स्प्लिट कर 1:10 तक के अनुपात में अधिक संख्या में शेयर जारी करने पर विचार करेगा। इससे शेयर की तरलता बढ़ेगी और शेयरधारकों का आधार और बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# आईफोन 17 की बंपर बुकिंग, भारत में बना नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली** एप्पल की नई आईफोन 17 सीरीज ने भारत में बंपर बुकिंग के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी डिमांड पिछले साल लॉन्च हुए आईफोन 16 की तुलना में 30-40 फीसदी अधिक है। खास बात यह है कि इस बार बेस मॉडल 256 जीबी स्टोरेज के साथ आया है, जो यूज़र्स को ज्यादा वैल्यू दे रहा है। डिस्काउंट ऑफर्स और नए कलर वेरिएंट्स ने भी ग्राहकों को आकर्षित किया है। आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स के लिए खासकर कॉस्मिक ऑरेंज और डीप ब्लू मॉडल की जबरदस्त मांग है। हालांकि, इन वेरिएंट्स की सप्लाई सीमित होने के कारण ग्राहकों को डिलीवरी के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। एप्पल की आधिकारिक डिलीवरी 19 सितंबर से शुरू होगी।

# क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान पर रोक, आरबीआई का नया नियम

**नई दिल्ली** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लागू नए नियमों के तहत अब फिनटेकप्स डिट कार्ड से किराया भुगतान की सुविधा नहीं देंगी। आरबीआई के मुताबिक अब पेमेंट एग्रीगेटर सिर्फ उन्हीं व्यापारियों से लेन-देन कर सकते हैं जिनसे उनका सीधा अनुबंध हो और जिनकी केवाईसी पूरी हो चुकी हो। चूंकि अधिकांश मकान मालिक व्यापारी के रूप में पंजीकृत नहीं हैं, इसलिए ऐप्स के ज़रिए उन्हें भुगतान संभव नहीं होगा। इससे उन यूज़र्स को झटका लगेगा जो रिवॉर्ड पॉइंट्स और ब्याज-मुक्त अवधि के लिए क्रेडिट कार्ड से किराया भरते थे। बैंकों ने भी इस ट्रेंड पर चिंता जताई थी। एचडीएफसी ने शुल्क लगाया, जबकि आईसीआईसीआई और एसबीआई कार्ड ने रिवॉर्ड बंद कर दिए। अब किराया चुकाने के लिए यूज़र्स को सीधे बैंक ट्रांसफर यूपीआई या चेक का सहारा लेना होगा।

# सोनी इंडिया ग्राहकों को देगी जीएसटी कट का लाभ

**नई दिल्ली**

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की निर्माता सोनी इंडिया 22 सितंबर से प्रीमियम टीवी की कीमतों में करीब 8 प्रतिशत तक की कमी करेगी और जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएगी। सोनी इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि हम टीवी पर जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहते हैं। प्रीमियम और सुपर प्रीमियम श्रेणी में हमारी कीमतें 7.8 प्रतिशत तक कम होंगी जिससे ये ग्राहकों के लिए काफी आकर्षक हो जाएंगी। वित्त वर्ष 26 के पहले पांच महीने में स्थिर बिक्री के बाद कंपनी प्रीमियम और सुपर प्रीमियम टीवी श्रेणी में 3 से 5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद कर रही है। इस महीने की शुरुआत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि 32 इंच से बड़े टीवी पर जीएसटी दरें पहले की 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होंगी। इस तरह 85 इंच वाले टीवी पर कीमतों में 70,000 रुपये तक, 75 इंच वाले टीवी पर 51,000 रुपये तक, 65 इंच वाले टीवी पर 40,000 रुपये तक तथा 55 इंच वाले टीवी पर 32,000 रुपये तक की कटौती होगी। उन्होंने कहा` कि हम प्रीमियम कीमत वाले ब्रांड हैं और पहले इसे वहन करना मुश्किल हो सकता था। लेकिन दरों में इस कटौती से ग्राहकों को दोनों तरह से ही अपग्रेड करने का मौका मिलेगा। वे बड़े आकार का स्क्रीन और बेहतर तकनीक खरीद सकेंगे। कंपनी के लिए टीवी प्रमुख लाभ वाला कारोबार बना हुआ है जिसकी कुल राजस्व में 55 से 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, 'हम 55 इंच और इससे ऊपर वाली श्रेणी में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं जहां हम प्रमुख भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ त्योहारों की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।


# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

## सेंसेक्स 320 , निफ्टी 93 ऊपर आया

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320 अंक करीब 0.39 फीसदी बढ़कर 83,013.96 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.35 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी बढ़कर 25,423.60 पर बंद हुआ।

फार्मा शेयरों में तेजी के साथ ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। जिससे बाजार उछला है। आज निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.50 फीसदी ऊपर आया। निफ्टी ऑटो 0.32 फीसदी, निफ्टी वित्तीया सेवा 0.51 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.38 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.32 फीसदी और निफ्टी निजी बैंक 0.44 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।निफ्टी पीएसयू बैंक 0.18 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.07 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.35 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.05 फीसदी टूटकर बंद हुआ।लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 224.65 अंक की तेजी के साथ 59,073.20 पर था और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53.75 अंक बढ़कर 18,476.95 पर था।सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, एचयूएल, पावर ग्रिड, आईटीसी, पावर ग्रिड, आईटीसी, एक्सिस बैंक के शेयर ऊपर आये जबकि टाटा मोटर्स, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और एसबीआई के शेयरों




में नुकसान हुआ।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक उछलकर 83,108 पर खुला। खुलते ही यह 83,141 अंक तक चढ़ गया।

सुबह खुलने के बाद यह 377.88 अंक की बढ़त लेकर 83,071.59 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी मजबूती के साथ 25,441 अंक पर खुला। सुबह खुलते ही यह 102.10 अंक की बढ़त के साथ 25,432 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में गुरुवार को मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर को घटाकर 4 प्रतिशत से 4.25 प्रतिशत के बीच कर दिया। अमेरिका बाजार में डॉव जोंस कुछ समय के लिए ऑल टाइम है पर पहुंचने के बाद भी 0.57 फीसदी की बढ़त के साथ 46,018.32 पर बंद हुआ। दूसरी तरफ, एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 6,600.35 पर और नैस्डैक कंपोजिट 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 22,261.33 पर बंद हुआ

# मंगलम वर्ल्डवाइड ने एनएसई मेनबोर्ड पर किया स्थानांतरण

**नई दिल्ली** मंगलम वर्ल्डवाइड लिमिटेड, जो स्टेनलेस स्टील का निर्माण करती है, ने एनएसई के एसएमई मंच से मुख्य मेनबोर्ड पर स्थानांतरण कर लिया है। इस स्थानांतरण में 2,97,00,674 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये है और जो पूरी तरह चुकता हैं। यह कदम एनएसई के नियमों के तहत किया गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने इसे कंपनी के लिए एक गर्व की बात बताया। उन्होंने कहा कि यह स्थानांतरण कंपनी के व्यावसायिक सिद्धांतों, विकास रणनीति और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर बाजार के विश्वास को दर्शाता है। इस बदलाव से मंगलम वर्ल्डवाइड को व्यापक निवेशक वर्ग तक पहुंच मिलेगी, जिससे कंपनी की स्थिरता और मूल्य सृजन की क्षमता मजबूत होगी।

# आरबीआई 5 से 7 साल में करेगा नियमों की समीक्षा

## – नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ या सेल (आरआरसी) 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और अन्य विनियमित संस्थाओं से संबंधित सभी नियम-कायदों की हर 5 से 7 साल में समीक्षा करने के लिए नियामकीय समीक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य बैंकों और उसके नियमन के दायरे में आने वाली अन्य संस्थाओं के मानदंडों की समीक्षा के लिए संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ बनाना है। नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ या सेल (आरआरसी) 1 अक्टूबर से प्रभावी होगा। बैंकिंग नियामक ने ककि कि नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ का काम आरबीआई द्वारा जारी सभी नियमों की हर 5 से 7 वर्षों में व्यापक और व्यवस्थित तरीके से आंतरिक स्तर पर समीक्षा करना होगा।' नियामक समीक्षा प्रकोष्ठ का गठन विनियमन विभाग के तहत किया जाएगा जो चरणबद्ध तरीके से नियमों की समीक्षा करेगा। इसके अलावा विनियमन पर एक स्वतंत्र सलाहकार समूह (एजीआर) का भी गठन किया गया है जिसमें आरबीआई से बाहर के विशेषज्ञ शामिल हैं। इसका उददेश्य समीक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से विनियमों की आवधिक समीक्षा में उद्योग की प्रतिक्रिया को शामिल करना है। इस छह सदस्यीय समूह का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक राणा आशुतोष कुमार सिंह करेंगे। सलाहकार समूह बनाने का उद्देश्य नियामक प्रक्रिया में हितधारक की भागीदारी को मजबूत करना और निरंतर आधार पर उद्योग की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है।




# 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत होगी

## यह बयान वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू ने दिया

**मुंबई**

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा बढ़ता जा रहा है और 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 9 प्रतिशत होगी, जो कि 2024 में 6.5 प्रतिशत थी। यह बयान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू ने दिया। दिल्ली में नेशनल बैंक फॉर फाइनेंशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर नागाराजू ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बीते चार सालों से औसत 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी, जो कि पिछली पांच तिमाही में सबसे अधिक है।नागाराजू के मुताबिक, हमारा एक्सटर्नल सेक्टर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और बीती तिमाही में चालू खाता घाटा जीडीपी का केवल 0.5 प्रतिशत रहा था। देश का शुद्ध सर्विसेज निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है और इन सभी मजबूत कारणों के चलते देश आजादी के 100 साल पूरे होने तक यानी 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है।नागाराजू के अनुसार, यह व्यापक आर्थिक सफलता की कहानी हमारी इन्फ्रास्ट्रक्चर महत्वाकांक्षाओं के लिए एक ठोस आधार तैयार करती है। यह दुनिया को बताती है



कि भारत का विकास न केवल मजबूत है, बल्कि सुधारों और विवेकपूर्ण नीतियों से भी प्रेरित है, जो हमें वैश्विक विकास का एक प्रमुख इंजन और महामारी के बाद की वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को आकार देने में एक संभावित नेता बनाता है।

# उद्योग अब पहल करे: सीतारमण का निवेश और साझेदारी का आह्वान

**नई दिल्ली** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से आह्वान किया है कि वह अब देश में निवेश बढ़ाने, उत्पादन क्षमता का विस्तार करने और युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार का सक्रिय साझेदार बने। आईएफक्यूएम संगोष्ठी में बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उद्योग जगत की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापार सुगमता, कर सुधार, एफडीआई में वृद्धि और उद्योग-हितैषी नीतियां लागू की हैं। अब समय आ गया है कि उद्योग अपनी जिम्मेदारी निभाए। सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत को केवल बजट से पहले सुझाव देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूरे वर्ष सरकार के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि उद्योग युवा शक्ति को कौशलयुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करे, जिससे देश को दीर्घकालिक लाभ मिल सके। संगोष्ठी के दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने वित्त मंत्री से पूछा कि उद्योग को अब क्या करना चाहिए। जवाब में सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सुधारों को प्राथमिकता दी है और उद्योग की जरूरतों को महत्व दिया है। अब उद्योग जगत को हिचकिचाहट छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखरन ने कहा कि सरकार ने घरेलू और वैश्विक बाजारों में अपार अवसर उपलब्ध कराए हैं और अब ज़रूरत है कि ज्यादा कंपनियां आगे आकर बड़े पैमाने पर निवेश करें।

# एशिया कप में आज भारतीय टीम का मुकाबला ओमान से होगा

**अबू धाबी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम लीग मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने अभी तक अपने दोनो मैच आसानी से जीतकर ग्रुप ए से सबसे पहले सुपर फोर में जगह बनायी है। इससे अब ये मैच भारतीय टीम के लिए औपचारिकता भर रह गया है। ऐसे में वह मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मैच में आराम दे सकती है। बुमराह की जगह अर्शदीप सिंह हो अवसर मिल सकता है। भारतीय टीम ने पहले मैच में यूएई और दूसरे मैच में पाकिस्तान को एकतरफा मुकाबले में हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ओमान के खिलाफ पहले मुकाबले से सुपर फोर के लिए अभ्यास करना चाहेगी। उसका लक्ष्य पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करना रहेगा।

अब तक के मुकाबलों में भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज शुरुआत की है पर उनके जोड़ीदार शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था पर वह चाहेंगे कि युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारतीय टीम को अब अगले एक सप्ताह में फाइनल सहित चार मैच खेलने हैं। इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ अवसर देना चाहेगा। अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी समाप्त होना तय है क्योंकि ओमान टीम भारतीय गेंदबाजों का शायद ही सामना कर पाये। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ भी ओमान की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। दो मैचों में एक भी बल्लेबाज 30 से अधिक रन नहीं बना पाया। हम्माद मिर्जा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।



भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस मैच में बुमराह को आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद बुमराह ब्रेक लेना चाहेंगे ये तय नहीं है पर अगर वह लेते हैं तो इससे टीम को अर्शदीप को आजमाने का अवसर मिल जाएगा।

वहीं टीम प्रबंधन इस मैच में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव में से किसी एक को आराम देकर हर्षित राणा को भी अवसर दे सकता है। इस मैच में बल्लेबाजी क्रम में भी थोड़ा बदलाव हो सकता है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक नहीं खेला है जिससे उसे लय हासिल करने समय लग सकता है। वहीं ओमान की टीम इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों के साथ खेलकर अनुभवी हासिल करना चाहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

**ओमान** = जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

# विश्व चैंपियनशिप फाइनल में नीरज असफल रहे, सचिन यादव ने चौथा स्थान हासिल किया



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप फाइनल में असफल रहे और आठवें स्थान पर रहे। वहीं भारत के ही सचिन यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कोई भी अन्य भारतीय एथलीट एथलीट 90 मीटर से आगे नहीं बढ़ पाया, चोपड़ा पांचवें और अंतिम दौर के बाद 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ बाहर हो गए।

वहीं सचिन ने 86.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो पहले ही प्रयास में किया। ये उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और उन्होंने नीरज ही नहीं बल्कि जर्मनी के जूलियन वेबर (86.11 मीटर) और ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम (82.75 मीटर) को भी पीछे छोड़ दिया। स्पर्धा का स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट ने (88.16 मीटर) भाल फेंककर जीता। वहीं ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.38 मीटर और कर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर के साथ ही दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पाकिस्तान के अरशद नदीम भी चौथे दौर में ही बाहर हो गये। चोपड़ा ने 83.65 मीटर से शुरुआत की जिससे वह पांचवें स्थान पर रहे और 84.03 मीटर के साथ इसमें सुधार किया लेकिन तीसरे थ्रो में फाउल कर बैठे।

# पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को एक नया झटका लगा है क्योंकि अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर पाकिस्तान की एशिया कप जर्सी को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर अतीक-उज-जमान ने पीसीबी अध्यक्ष पर मेन इन ग्रीन के लिए घटिया जर्सी को मंजूरी देने का आरोप लगाया है।



अतीक-उज-जमान ने ट्विटर पर लिखा कि PCB द्वारा ड्राई-फिट किट देने का वादा करने के बावजूद पाकिस्तानी खिलाड़ी अपने मैचों के दौरान खूब पसीना बहा रहे थे। उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की तुलना दूसरी टीमों से भी की, जिनकी शर्ट पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण पसीने की एक बूंद भी नहीं थी। पूर्व क्रिकेटर ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, 'पाकिस्तानी खिलाड़ी घटिया किट पहनकर पसीना बहा रहे हैं जबकि दूसरे खिलाड़ी सही ड्राई-फिट किट पहनते हैं। ऐसा तब होता है जब टेंडर पेशेवरों को नहीं, बल्कि दोस्तों को मिलते हैं। पसीने से ज्यादा भ्रष्टाचार टपक रहा है।'

गौर हो कि अतीक-उज-जमान 2000 में पाकिस्तान के लिए एक टेस्ट मैच और तीन एक दिवसीय अंतंराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उनका घरेलू करियर काफी लंबा रहा जिसमें उन्होंने पाकिस्तान कस्टम्स, हबीब बैंक लिमिटेड, कराची ब्लूज़, कराची व्हाइट्स, खान रिसर्च लैबोरेटरीज जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अतीक-उज़-जमान ने कोचिंग की ओर रुख किया और फरवरी 2023 तक उन्हें जर्मनी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। उन्होंने लंकाशायर के सेंट एन्स क्रिकेट क्लब के लिए इंग्लैंड में क्लब क्रिकेट भी खेला।

# ध्रुव जुरेल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ठोका नाबाद शतक, 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से बनाए 130 से ज्यादा रन

**लखनऊ (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के नाबाद 113 रनों की बदौलत भारत 'ए' ने गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चार विकेट पर 403 रन बनाए। जुरेल के 132 गेंदों में खेली गई पारी (10 चौके और 4 छक्के) के अलावा भारत को कल के बल्लेबाज एन जगदीशन (64), बी साई सुदर्शन (73) के अर्धशतकों और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद 86 रनों से भी मजबूती मिली। हालांकि श्रेयस अय्यर (8) अपनी छाप नहीं छोड़ पाए।

भारत 'ए' 129 रनों से पिछड़ रहा था और मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। इससे पहले सैम कोंस्टास (109) के तेज शतक और जोश फिलिप के नाबाद 123 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने 6 विकेट पर 532 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। दोनों टीमें 23-26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में दूसरे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के लिए आमने-सामने होंगी, जिसके बाद वे तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कानपुर रवाना होंगी।



दिन का खेल भारत ए के एक विकेट पर 116 रन से आगे खेलने के साथ शुरू हुआ। जगदीशन और सुदर्शन की कल की जोड़ी ने साझेदारी बनाने की कोशिश की, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। जगदीशन, जिन्हें पिछले महीने इंग्लैंड में टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, 113 गेंदों पर 64 रन (7 चौके, 1 छक्का) बनाकर जेवियर बार्टलेट की गेंद पर फिलिप के हाथों कैच आउट हुए।

मेजबान टीम ने सुदर्शन और पडिक्कल की जोड़ी के साथ 76 रनों की साझेदारी करके पारी को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया। ज्यादातर रन तमिलनाडु के बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने बनाए जिन्होंने इंग्लैंड में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन पारी के 59वें ओवर में कॉनॉली ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। भारत ए के कप्तान अय्यर के पास हाल ही में राष्ट्रीय टीम से मिली अनदेखी और अगले महीने की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन होने के बाद अपनी बात साबित करने का एक अच्छा मौका था। अय्यर 62वें ओवर में सिर्फ 8 रन बनाकर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर कोरी रोचिचियोली का शिकार बन गए, जिससे भारत ए को थोड़ी परेशानी हुई। यहीं पर जुरेल और पडिक्कल ने मिलकर पारी को संभाला और स्टंप तक दोनों एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। जुरेल और पडिक्कल की पांचवें विकेट के लिए नाबाद 181 रनों की साझेदारी ने भारत ए को खेल खत्म होने तक बढ़त दिला दी, क्योंकि उन्होंने लगभग 4 ओवर प्रति ओवर की अच्छी रन रेट से रन बनाए। पडिक्कल 178 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से नाबाद 86 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे।

# सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखा, चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

शेनझेन (चीन)। भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग पर सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। इस जीत के साथ विश्व बैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, ''मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद ज़रूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' उन्होंने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेज़ी से आगे बढ़ें।'



# विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचना है लक्ष्य : मीराबाई चानू



अहमदाबाद। ओलंपिक रजद पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू का लक्ष्य अब अक्टूबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पर पहुंचना है। चानू ने इसके लिए अभ्यास भी शुरु कर दिया है। पिछले कुछ समय से फिट नहीं होने के कारण वह खेल से दूर थीं। हाल के वर्षों में चोटों से जूझती रहीं चानू पिछली बार पेरिस ओलंपिक में खेली थीं। चानू ने 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए नए ओलंपिक भार वर्ग लागू होने के बाद 49 किग्रा से 48 किग्रा में जाने का फैसला किया है। वह इस 48 किग्रा भार वर्ग में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब और दो राष्ट्रमंडल खेलों के पदक जीत चुकी हैं लेकिन 2018 के बाद से इसमें प्रतिस्पर्धा नहीं की है। चानू अब अपनी तकनीक बेहतर बनाने में लगी हैं। जिससे वह स्नैच में 90 किलोग्राम का वजन उठा सकें। चानू ने कहा कि वह राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पूरी ताकत नहीं लगाएंगी जो अगले साल ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में से एक है। उन्होंने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल हैं जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना और पदक जीतना है क्योंकि मैंने अभी तक वहां कोई रिकॉर्ड नहीं बनाया है। चानू के अलावा अन्य प्रतियोगियों से भी देश को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

# एशिया कप का बॉयकॉट करने से क्यों पीछे हटा पाकिस्तान? पीसीबी प्रमुख ने तोड़ी चुप्पी

**-दोनों बहनें किक बॉक्सिंग में लगातार तोड़ रही हैं रिकार्ड**

**-तमिलनाडू से प्रतियोगिता जीतकर लौटी दोनों बहनों का हुआ भव्य स्वागत**

**-अक्तूबर में उज्जबेकिस्तान किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत का परचम लहराएगी बडी बहन रिद्धिमा कौशिक**

**फ़रीदाबाद। दयाराम वशिष्ठ**

शहर की बेटी रिद्धिमा कौशिक व उसकी बहन विधिका कौशिक ने किक बॉक्सिंग में एक बार फिर रिकॉर्ड तोडते हुए दो दो गोल्ड मेडल जीत प्रदेश का नाम रोशन किया है। तमिलनाडू से प्रतियोगिता जीतने के बाद दोनों बहनों का फरीदाबाद लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। सेक्टर 19 स्थित डीपीएस स्कूल की ये दोनों छात्रा खेलों में लगातार गोल्ड मेडल बटोर रही हैं। ड्रैगन मार्शल लॉ एकेडमी के कोच दिव्या व संतोष थापा ने अन्य खिलाडियों के साथ दोनों बहनों का फूल मालाओं से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



**उज्जबेकिस्तान किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत का परचम लहराएगी रिद्धिमा कौशिक**

कोच संतोष थापा ने दोनों बहनों के लगातार गोल्ड मेडल जीतने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि तमिलनाडू में आयोजित चिल्ड्रन एंड कैडेट्स नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गुजरात, तमिलनाडू, छत्तीसगढ व आसाम समेत अन्य राज्यों से करीब 1500 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दोनों बहनों ने किक लाइट व लाइट कॉन्टेक्ट में दो दो गोल्ड मेडल जीत हरियाणा का नाम रोशन किया। इससे पहले ये दोनों बहनें किक बॉक्सिंग व वूशु में गोल्ड मेडल बटोर कर प्रदेश का नाम रौशन कर रही है। रिद्धिमा कौशिक 13 से 15 आयु वर्ग में अब अक्तूबर में होने वाले उज्जबेकिस्तान किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत का परचम लहराएगी। इसे लेकर रिद्धिमा कौशिक खूब पसीना बहा रही है। लगातार गोल्ड मेडल जीतने से गदगद रिद्धिमा कौशिक ने कहा कि अब उसका सपना वर्ल्ड कप जीतने का है।

**9 साल में जीते 50 से अधिक गोल्ड**

दोनों बहनों की उम्र भले ही अभी कम है, लेकिन इन्होने किक बॉक्सिंग में जो महारथ हासिल की है, वह वाकई काबिलेतारिफ है।अब तक ये दोनों बहनें 50 से अधिक गोल्ड मेडल बटोर चुकी है। कोच संतोष थापा ने बताया कि ये बच्ची फरीदाबाद के सेक्टर 9 स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में करीब 9 साल से ड्रैगन मार्शल आर्ट ऐकेडमी में ट्रैनिंग कर रही है। शुरूआत में रिद्धिमा कौशिक ने फिटनैस व सेल्फ डिफेंस के उद्देश्य से ट्रैनिंग की गई थी, लेकिन आज वर्ल्ड स्तर की इंटरनेशनल खिलाडी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। दोनों बेटियों के गोल्ड मेडल जीतने पर प्रसन्नता जहिर करते हुए पिता सुरेंद्र कौशिक व माता रितु कौशिक ने बताया कि उनकी बेटी आए दिन खेलों में देश व प्रदेश को गौरन्वित कर रही है। हमें उम्मीद है कि एक दिन बेटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किक बॉक्सिंग व वूशु में पहले स्थान पर आकर भारत का नाम रोशन करेगी।

# गांगुली दूसरी बार बनेंगे कैब अध्यक्ष



कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का एक बार फिर बंगाल क्रिकेट बोर्ड (कैब) का अध्यक्ष बनना तय है। गांगुली कैब अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार है। ऐसे में उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। वह दूसरी बार ये पद संभालेंगे। इससे पहले वह 2015 से 2019 तक इस पद पर रहे हैं। कैब के चुनाव 22 सितंबर को होने वाले हैं। इसमें गांगुली के साथ-साथ उनके पैनल के दूसरे सदस्यों का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। उनके पैनल में उपाध्यक्ष के लिए नितीश रंजन दत्ता, सेक्रेटरी के लिए बबलू कोले, जॉइंट सेक्रेटरी के लिए मदन घोष और कोषाध्यक्ष के लिए संजय दास का नाम शामिल है। गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की कैब अध्यक्ष पद संभालेंगे। जो 2019 से इस पद पर थे। गांगुली 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष भी रहे हैं। बीसीसीआई के आगामी चुनावों के लिए भी अध्यक्ष के तौर पर भी उनका नाम आ रहा है। इसका कारण है कि बंगाल बोर्ड ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है।

# नीदरलैंड के अनीश गिरि नें जीता फीडे ग्रांड स्विस कैंडिडैट में बनाई जगह



समरकंद, उज्बेकिस्तान। फीडे ग्रांड स्विस 2025 में पुरुष वर्ग का खिताब नीदरलैंड के अनीश गिरि नें अपने नाम कर लिया है साथ ही उन्होने फीडे कैंडिडैट में अपना स्थान पक्का कर लिया है। अनीश नें रोमांचक मुक़ाबले में यूएसए के नीमन हंस मोके को पराजित करते हुए 8 अंक बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया वहीं 7.5 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर जर्मनी के माथियस ब्लूबम नें दूसरा स्थान हासिल किया और फीडे कैंडिडैट में जगह बना ली वहीं 7.5 अंक बनाने वाले फ्रांस के अलीरेजा तीसरे स्थान पर रहे पर कैंडिडैट में जगह बनाने से चूक गए। भारतीय खिलाड़ियों में तीसरे बोर्ड पर भारत के अर्जुन एरीगैसी और जर्मनी के विंसनेट केमर के बीच, पांचवें बोर्ड पर निहाल सरीन और फ्रांस के मकसीम लागरेव के बीच और सातवें बोर्ड पर विदित गुजराती और यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा के बीच बाजी बेनतीजा रही और भारतीय खिलाड़ियों में से कोई भी इस बार कैंडिडैट में ग्रांड स्विस के जरिये जगह नहीं बना पाया। अंक तालिका में 7 अंक बनाकर अर्जुन छठे निहाल नौवे और विदित 15वें स्थान पर रहे। प्रज्ञानन्दा अपना आखिरी मैच ड्रॉ खेलकर 35वें स्थान पर रहे। वहीं बेहद खराब लय से जूझने के बाद विश्व चैम्पियन डी गुकेश अपने आखिरी मैच में जीतकर 6 अंक बनाकर 41वें स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग में फीडे कैंडिडैट में अब तक यूएसए के फबियानों करूआना, अनीश और ब्लूबम पहुँच गए है जबकि तीन स्थान अगले माह भारत में होने जा रहे विश्व कप से, एक स्थान फीडे की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से और एक फीडे सर्किट 2025 के विजेता से भरा जाएगा।

# फीफा विश्व रैंकिंग: स्पेन 2014 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है।

फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था।

इस प्रक्रिया में उन्होंने लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना (तीसरे, 2 स्थान नीचे) को हटा दिया है, जो अप्रैल 2023 से इस स्थान पर था। मौजूदा विश्व चैंपियन को पछाड़ने में ऊंचे स्थान पर चल रहे स्पेन के साथ, वह टीम भी शामिल है जिसे अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में हराया था, फ्रांस (दूसरे, 1 स्थान ऊपर)। थोड़ा और नीचे, पुर्तगाल, क्रोएशिया और इटली सभी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः 5वें, 9वें और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिससे ब्राजील (छठे, 1 स्थान नीचे) और जर्मनी (12वें, 3 स्थान नीचे) को हुए नुकसान का पूरा फायदा उठाया जा रहा है।

जर्मनी के लिए, फीफा विश्व कप 26 के अपने पहले क्वालीफायर में स्लोवाकिया से मिली हार से नुकसान हुआ है और अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार वे शीर्ष 10 से बाहर हैं। मोरक्को (11वें स्थान पर, 1 अंक ऊपर) अब शीर्ष 10 से बाहर पीछा करने वाली टीमों में सबसे आगे है, जिसने जुलाई में रैंकिंग के पिछले संस्करण के बाद से अपने नौ में से आठ मैचों में जीत हासिल की है। कुल मिलाकर सबसे ज्यादा चढ़कर स्लोवाकिया (42वें स्थान पर, 10 स्थान ऊपर) रहा है, जिसने अपने विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत लगातार दो जीतों से की थी - जिसमें जर्मनी को हराने वाली जीत भी शामिल है - और उसे शीर्ष 50 में वापस स्थान मिला है।

सभी टीमें कम से कम पांच स्थान ऊपर पहुंची हैं, गाम्बिया (115वें स्थान पर, 8 स्थान ऊपर), मेडागास्कर (108वें स्थान पर, 7 स्थान ऊपर), पैराग्वे (37वें स्थान पर, 6 स्थान ऊपर), युगांडा (82वें स्थान पर, 6 स्थान ऊपर), लीबिया (112वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर), सूरीनाम (131वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर) और फरो आइलैंड्स (136वें स्थान पर, 5 स्थान ऊपर) अन्य प्रमुख टीमें हैं।



फ़ीफ़ा विश्व कप 26 के सह-मेजबान कनाडा (26वें स्थान पर, 2 स्थान ऊपर) और यूईएफए के उभरते हुए कोसोवो (91वें स्थान पर, 4 स्थान ऊपर) ने भी दो और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। रैंकिंग के पिछले संस्करणों में सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल करने के बाद, दोनों टीमें लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

# एशिया कप के ड्रामे के बीच एसीसी ने अधूरी वार्षिक आम बैठक फिर से बुलाई

दुबई : पिछले कुछ दिनों में दुबई और लाहौर में मैदान के अंदर और बाहर खेला गया एशिया कप का नाटकीय घटनाक्रम अब इस महीने के अंत में एशियाई क्रिकेट परिषद (ष्टष्ट) की बैठक के दौरान बोडर्रूम में स्थानांतरित हो सकता है। एसीसी की वार्षिक आम बैठक, जिसे कुछ महीने पहले ढाका में अचानक स्थगित कर दिया गया था, अब 30 सितंबर को दुबई में पुनर्निर्धारित की गई है। एशिया कप फाइनल के दो दिन बाद होने वाली इस बैठक में, जिसकी अध्यक्षता पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी करेंगे, जोरदार हंगामा होने की उम्मीद है - मौजूदा चैंपियनशिप से जुड़े मुद्दों और ढाका में 24 जुलाई को होने वाली बैठक में अधूरे रह गए कार्यों को लेकर। एजीएम का एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन एशिया कप ने पहले ही कई मुद्दे सामने ला दिए हैं - हाथ मिलाने का विवाद, मैच रेफरी विवाद और पाकिस्तान के हटने की धमकी - जिन पर विचार-विमर्श किया जाना है। एक और विवाद भी छिड़ सकता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि एशिया कप कौन जीतता है, ट्रॉफी कौन प्रदान करता है, और समारोह का आयोजन कैसे होता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कौन भाग लेगा, यह भी एक कारक हो सकता है। महिला वनडे विश्व कप उसी दिन गुवाहाटी में शुरू हो रहा है, और बीसीसीआई सदस्यों के उद्घाटन समारोह में व्यस्त रहने की उम्मीद है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि एसीसी बैठक में बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसे नामित किया जाता है। यह निर्णय दो दिन पहले, 28 सितंबर को मुंबई में बीसीसीआई की अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लिया जाएगा। वर्तमान में, राजीव शुक्ला और आशीष शेलार एसीसी में बीसीसीआई के नामित प्रतिनिधि हैं। दोनों ने ढाका बैठक में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया था। 30 सितंबर के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण विषय एसीसी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

# डेराबस्सी के एटीएस बिल्डर द्वारा वसूला जा रहा अवैध तरीके से मेंटेनेंस चार्ज

– सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट ने एटीएस बिल्डर के विरुद्ध किया आदेश पारित
– पूर्ण कब्जा प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना नहीं वसूला जा सकता रखरखाव शुल्क : एडीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी।** डेराबस्सी के नामी बिल्डर एटीएस द्वारा अपने एक प्रोजेक्ट एटीएस लाइफस्टाइल के निवासियों से गत कई सालों से अवैध तरीके से रखरखाव शुल्क वसूला जा रहा है। इसके विरोध में एटीएस लाइफस्टाइल के निवासियों ने सब डिवीजन मजिस्ट्रेट डेराबस्सी के समक्ष याचिका दायर की थी। एटीएस बिल्डर द्वारा अवैध तरीके से बिना सक्षम प्राधिकारी से पूर्ण कब्जा प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना रखरखाव शुल्क वसूला जा रहा है।

जानकारी देते एटीएस लाइफस्टाइल के निवासी मेजर जनरल विनोद कुमार,एयर कमाडोर रजत वर्मा,कर्नल जितेंदर गिल, कर्नल आरके शर्मा , कर्नल पुनित सहगल , ओपी गोदारा, संजय कश्यप ,भीष्म डागर जी,अमरजीत सिंह ,डॉ प्रीतपाल सिंह ,ब्रिजेश चौहान , गौरव गुजराल,अश्विनी त्यागी,पीपीएस मोदी ,जयतिंदर गंभीर , उमेश दत्ता,रूपेंदर कुमारिया,दीपक सहगल,जेपी धीमान , बीएस नेहरा ,अखिल आनंद ,नवनीत गिल ,सुशील वर्मा ने बताया कि एटीएस बिल्डर द्वारा उन से बिना किसी सक्षम प्राधिकारी से पूर्ण कब्जा प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना अवैध तरीके से रखरखाव शुल्क वसूला जा रहा है। इसके विरोध में उन्होंने सबडिवीजन मजिस्ट्रेट डेराबस्सी को याचिका दायर कर मामले में हस्तक्षेप कर बिल्डर द्वारा की जा रही लूट से उन्हें बचाने की अपील की थी।

डेराबस्सी के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट ने आदेश पारित किया है कि उपरोक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ताओं/ अपीलकर्ताओं द्वारा दायर शिकायत को स्वीकार/अनुमति दी जाती है और प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे याचिकाकर्ता (सभी निवासियों ) से कोई रखरखाव शुल्क न लें और भविष्य में याचिकाकर्ता को अपने खर्च पर सभी रखरखाव सुविधाएं प्रदान करें, जब तक कि प्रतिवादियों द्वारा पंजाब अपार्टमेंट स्वामित्व अधिनियम 1995 और नियम 1995 के प्रावधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से कब्जा/ समापन प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर लिया जाता है।

उपरोक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता/ अपीलकर्ता द्वारा दायर शिकायत स्वीकार की जाती है और प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे याचिकाकर्ता से कोई भी रखरखाव शुल्क न लें और भविष्य में याचिकाकर्ता को सभी रखरखाव अपनी लागत पर प्रदान करें, जब तक कि प्रतिवादियों द्वारा पंजाब स्वामित्व अधिनियम 1995 और नियम 1995 के प्रावधानों के अनुसार सक्षम



प्राधिकारी से कब्ज़ा/पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं कर लिया जाता।

यह भी आदेश दिया जाता है कि किसी भी व्यक्ति समूह या अन्यथा द्वारा कोई मासिक रखरखाव शुल्क नहीं लिया जाएगा।

पीएओ अधिनियम 1995 और नियम 1995 के प्रावधानों के तहत आरडब्ल्यूए के गठन तक और कब्ज़ा/पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद। साथ यह भी निर्देश जारी किए कि वसूल किया गया शुल्क वापस किया जाय

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी की धनौनी और अमलाला अनाज मंडियों में धान की खरीद शुरू की

## -किसानों से सूखा धान मंडियों में लाने की अपील



अर्थ प्रकाश/ डेराबस्सी। डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा आज डेराबस्सी की धनौनी और अमलाला अनाज मंडियों में पहुँचे और धान की खरीद शुरू की। उन्होंने किसान भाइयों को नई फसल की बधाई देते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी प्रकार की अच्छी व्यवस्थाएँ की गई हैं। सरकार वादा करती है कि मंडियों में अपनी फसल बेचने आने वाले किसी भी किसान को शर्मिंदा नहीं होने दिया जाएगा। विधायक रंधावा ने कहा कि इस वर्ष धान की खरीद पिछले वर्षों की तुलना में पहले शुरू हो गई है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक दिन मिल सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल पूरी तरह पकने पर ही कटाई करें ताकि निर्धारित 17 प्रतिशत की सीमा से अधिक नमी की मात्रा से बचा जा सके और केवल सूखा धान ही बिक्री के लिए मंडियों में लाया जाए ताकि फसल बिना किसी परेशानी के समय पर बिक सके। उन्होंने किसानों से पराली जलाए बिना फसल अवशेषों का जिम्मेदारी से प्रबंधन करने की भी अपील की। इस अवसर पर एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी, चेयरमैन मार्केट कमेटी डेराबस्सी कुलदीप चौधरी, एमसी साहिबान, गांवों के सरपंच, पार्टी के किसान विंग के पदाधिकारी सहित पूरी टीम मौजूद थी।

# न्यूज ब्रीफ

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की हुई शुरूआत



अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत, नगर परिषद ज़ीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी जगजीत सिंह जज के मार्गदर्शन में, स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने आईपीसीए के साथ मिलकर सरकारी सीनियर सैकंडरी स्कूल, लोहगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस कार्यक्रम में श्रीमती रीना चड्ढा ने छात्रों को घर पर ही खाद बनाने और प्लास्टिक का उपयोग न करने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जैसे स्रोत पृथक्करण और घर पर ही खाद बनाना, कचरे का पुनः उपयोग (बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट), स्वच्छता शपथ ली गई, छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाई और प्रदर्शनी स्टॉल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक सुखविंदर सिंह देओल ने स्वच्छता और सोरस सैग्रीगेशन पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को गीले कचरे से खाद बनाने की जानकारी दी गई और तैयार खाद का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के बाद, स्कूल स्टाफ और छात्रों को खाद प्रदान की गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य बिंदु पुरी, स्टाफ सदस्य और आईपीसीए से हरप्रीत उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ : कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच में ईडी ने हुडको भिलाई में छापा मारा

अर्थ प्रकाश/ दुर्ग/भिलाई। कथित कस्टम मिलिंग घोटाले केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को भिलाई के हुडको में छापेमारी की। चार सदस्यीय ईडी टीम सुबह करीब 6 बजे भिलाई पहुंची और सुधाकर रावके के ठिकानों पर तलाशी और पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी कस्टम मिलिंग अनुबंधों में वित्तीय अनियमितताओं को लक्षित करने वाले एक व्यापक अभियान का हिस्सा है, जो राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति क्षेत्र में खरीद और भुगतान प्रक्रियाओं पर गंभीर चिंताएं पैदा करने वाला मुद्दा है। ईडी टीम कथित रूप से हुडको में भूमि आवंटन, वित्तीय लेन-देन और अनुबंध रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है, जो इस घोटाले में महत्वपूर्ण सबूत हो सकते हैं। यह छापेमारी समूचे छत्तीसगढ़ में की जा रही कई समन्वित कार्रवाइयों में से एक है। सूत्रों के अनुसार, 10 अलग-अलग जिलों में एक साथ छापेमारी चल रही है। ईडी ने जांच के दायरे में आने वाले प्रमुख स्थानों और व्यक्तियों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कस्टम मिलिंग अनुबंधों में शामिल कई सरकारी कार्यालय और निजी संस्थाएं जांच के घेरे में हैं। कस्टम मिलिंग घोटाला, जिसमें कथित तौर पर चावल खरीद और मिलिंग रिकॉर्ड में हेराफेरी शामिल है, अपने बड़े पैमाने और संभावित राजनीतिक परिणामों के कारण ध्यान आकर्षित कर रहा है। जांचकर्ताओं का मानना है कि बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए बिल, फर्जी मिलें और जाली दस्तावेजों के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ होगा। सूत्रों ने बताया कि हुडको परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ईडी के अधिकारियों ने प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है और जांचे जा रहे दस्तावेजों के बारे में पूरी गोपनीयता बरती है। प्रमुख अधिकारियों से पूछताछ जारी है और आने वाले दिनों में और समन जारी होने की उम्मीद है। यह एक महीने के भीतर दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में ईडी की दूसरी बड़ी छापेमारी है, जो छत्तीसगढ़ में वित्तीय अपराधों पर एजेंसी के कड़े एक्शन को दर्शाती है। हालांकि, इस मामले में राज्य सरकार ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि छापेमारी के समय और पैमाने का आगामी प्रशासनिक समीक्षाओं और खरीद प्रणालियों में जनता के विश्वास पर प्रभाव पड़ सकता है।

## कर्नाटक: गायों की हत्या और शवों को जंगल में फेंकने के आरोप में दो गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ कारवार, (कर्नाटक),। कर्नाटक पुलिस ने कारवार जिले के भटकल शहर के एक वन क्षेत्र में कथित तौर पर गायों की हत्या करने और उनके शवों को फेंकने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों की पहचान मोहम्मद समन (19) और मोहम्मद रहीन (20) के रूप में हुई है। दोनों को वन अधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया। भटकल शहर पुलिस स्टेशन में कर्नाटक गोवध निषेध और संरक्षण अधिनियम, 2020 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई वाहन को भी जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भटकल उपमंडल के वन अधिकारी मारुति की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में अधिकारी ने कहा कि 11 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे आरोपी प्रतिबंधित मुग्दुम कॉलोनी गुड्डे वन क्षेत्र में घुस आए और कथित तौर पर पशु का वध करने के बाद गाय के शव के हिस्से, जिसमें खाल, सींग और हड्डियां शामिल थीं, को वहां फेंक दिया। शिकायत के आधार पर, भटकल शहर पुलिस ने कर्नाटक मवेशी वध रोकथाम और संरक्षण अधिनियम, 2020 की धारा 4(12) के साथ-साथ बीएनएस अधिनियम की धारा 329(3) के तहत अपराध दर्ज किया। कारवार के पुलिस अधीक्षक ने मामले को सुलझाने और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की सराहना की। राज्य में अधिकारी और नागरिक गौहत्या को रोकने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। अगस्त में बेंगलुरु सीमा के पास 49 गायों को बचाया गया और बाद में उन्हें एक 'गोशाला' में स्थानांतरित कर दिया गया। जून 2024 में बकरीद के दौरान बेंगलुरु में गौ ज्ञान फाउंडेशन जैसे संगठनों द्वारा समर्थित अभियानों में 100 से अधिक गायों और बैलों को बचाया गया। इसके अलावा, मंगलुरु जिले की कंकनाडी पुलिस ने 13 सितंबर को अडयार से हुई मवेशी चोरी के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

# डिप्टी मेयर ने नई टाइल्स लगाने का किया शुभारंभ

सेक्टर 20-डी में पार्किंग एरिया में नई टाइल्स लगाने का कार्य शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह।** सेक्टर 20-डी में पार्कों के चारों तरफ पार्किंग एरिया में नई टाइल्स लगाने का कार्य, जो लंबे समय से लंबित था, आज शुरू हुआ। इस कार्य का शुभारंभ स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने कहा कि 'नगर निगम की वित्तीय स्थिति सही नहीं है जिस कारण बहुत काम लंबित पड़े हुआ है उसके बावजूद मैं अपने वार्ड के



विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही हूँ। जो कार्य अभी बाकी हैं, उन्हें भी जल्द ही पूरा करवाया जाएगा।'

उन्होंने बताया कि इस कार्य के पूरा होने से पार्किंग व्यवस्था अधिक सुविधाजनक होगी और पार्कों के आसपास का वातावरण और आकर्षक बनेगा। यहां बहुत वर्षों पहले टाइल्स लगाई गई थी और विभिन्न प्रकार की खुदाईयों के कारण टूट चुकी थी लोगों को गाड़ी पार्क करने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

स्थानीय निवासियों ने डिप्टी मेयर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उनके विकास कार्यों से क्षेत्र की दशा में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। निवासियों ने उम्मीद जताई कि आगे भी बाकी समस्याओं का समाधान इसी प्रकार किया जाएगा।

# रहमत होम सोसायटी के लोगो ने उदयवीर ढिल्लों को सोसायटी की समस्याओं के बारे में करवाया अवगत

समस्या को सुनने के बाद वार्ड पार्षद ने लोगों को समस्याओं का हल करवाने का किया वादा

अर्थ प्रकाश /जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)

**जीरकपुर।** ढकोली क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 में पड़ती रहमत होम सोसायटी के लोगो ने वार्ड पार्षद उदयवीर ढिल्लों से एक विशेष मीटिंग कर सोसायटी की समस्याओं के बारे में बताया। लोगों की समस्या को सुनने के बाद वार्ड पार्षद उदयवीर ढिल्लों ने लोगों को काम करवाने का अस्वाशन दिया। मीटिंग के दौरान सोसायटी निवासियों ने बताया की उनकी सोसायटी के पीछे सरकारी जमीन दर्जनों झुग्गियां अवैध रूप से प्रवासी लोगों ने बनाई हुई है। जिनकी वजह से सोसायटी को काफी परेशानी हो रही है। क्योंकि वह लोग शौचालय आदि का बिलकुल ध्यान नही रखते हैं और खुले में शौच करते हैं। जिस कारण सोसायटी के आसपास काफी गंदगी हो गई है। वह लोग उनकी सोसायटी के साथ नहाते है जिस कारण सोसायटी में महिलाओं व अन्य लोगों को काफी समस्या होती है। इसके इलावा वह लोग नहाते हुए पानी खुला छोड़कर रखते है। खुला चलता पानी उनकी सोसायटी के घरों की नीवों में जा रहा है। जिस कारण नींव व जमीन बैठने का खतरा काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसके इलावा सोसायटी के पास जितनी स्ट्रीट लाइट है वह लोग स्ट्रीट लाइट से कुंडी लगाकर बिजली चोरी करते हैं। जिस कारण स्ट्रीट लाइट्स अक्सर खराब हो जाती है और लोगों को अंधेरे में आने जाने में समस्या होती है। लोगों ने बताया की वह पैसे भरकर बिजली, स्ट्रीट लाइट व पानी लेते हैं। लेकिन वह लोग फ्री में बिजली पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं और फ्री होने के कारण उसे बर्बाद भी किया जा रहा है। इसके इलावा सोसायटी निवासियों ने वार्ड पार्षद उदयवीर ढिल्लों को सोसायटी के कंपलिशन के बारे में कोई हल करने के लिए बोला, क्योंकि सोसायटी के बिल्डर ने अभी तक सोसायटी का कंपलिशन नही लिया है। जिस कारण लोगों को नगर परिषद सुविधा नही दे पा रही है। लोगों ने मांग



कि के कोई ऐसा हल निकाला जाए के बिल्डर को कंपलिशन लेना पड़े और सोसायटी नगर परिषद व लोगों को हैंडओवर करनी पड़े ताकि सोसायटी में विकास कार्य हो सके। मीटिंग के दौरान वार्ड पार्षद उदयवीर ढिल्लों ने झुग्गियों व स्ट्रीट लाइट्स की समस्या का हल करने का वादा तो कर दिया लेकिन कंपलिशन पर कोई ठोस जवाब नही दिया।

आज लोगों ने मुझे सोसायटी में बुलाया था। मैंने लोगों की समस्या सुन ली है और उनको हल करने के लिए लोगों को अस्वाशन भी दिया है। कंपलिशन सर्टिफिकेट जब तक नगर परिषद हल नही निकाल तब तक उसका स्थाई हल नही हो पाएगा। मैं उसके हल के लिए भी जल्द ही निकालने की कोशिश करूंगा।

**उदयवीर ढिल्लों, पार्षद वार्ड नंबर 12**

# डेराबस्सी फ्लाईओवर के नीचे गंदगी के ढेर, स्थानीय लोग परेशान



अर्थ प्रकाश/ डेराबस्सी। डेराबस्सी शहर के फ्लाईओवर के नीचे गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिसके कारण यहां से गुजरने वाले स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस मामले पर एडवोकेट जसपाल सिंह, दप्पर निवासी, आशियाना कॉलोनी डेराबस्सी का कहना है कि यह गंदगी कई दिनों से यहां जमा हो रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। गंदगी में प्लास्टिक, घरेलू कचरा और अन्य अवशिष्ट शामिल हैं। गर्मी के मौसम में इस गंदगी की बदबू और भी बढ़ जाती है, जिससे आसपास का माहौल काफी खराब हो चुका है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस वजह से मक्खियां, मच्छर और अन्य कीड़े-मकौड़े पैदा हो रहे हैं, जो बीमारियों का कारण बन सकते हैं। कई बार आवारा पशु भी इन कचरे के ढेरों में से कूड़ा बिखेरते रहते हैं, जिससे समस्या और भी गंभीर हो जाती है। इस मामले में कई बार नगर कौंसिल को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। यह जगह की सुंदरता को भी बिगाड़ रहा है।

# सिख कैदी भाई संदीप सिंह पर अत्याचार को सिख समुदाय कभी बर्दाश्त नहीं करेगा : बाबा बंता सिंह

## -जगजीत सिंह छड़बड़ ने घर आने पर सिरोपा देकर किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता / बनूड़ । पटियाला जेल में बंद सिख कैदी भाई संदीप सिंह सन्नी पर कल की गई भीषण यातना को सिख समुदाय कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। ये विचार प्रमुख सिख प्रचारक बाबा बंता सिंह ने बसपा के प्रदेश महासचिव भाई जगजीत सिंह छड़बड़ के निवास पर बातचीत के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाई संदीप सिंह सन्नी पर जेल में की गई यातना के मामले में अदालत ने जेल प्रशासन और पुलिस को भाई सन्नी की मेडिकल जांच कराकर अदालत में रिपोर्ट पेश करने के आदेश भी दिए है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने अदालती आदेशों की अनदेखी करते हुए उसकी मेडिकल जांच तक नहीं कराई है। इससे यह भी पता चलता है कि जेल प्रशासन अपने अपराधों पर पर्दा डालने में जुट गया है। बाबा बंता सिंह ने सिख समुदाय से अपील की कि वे सरकारी जुल्म के मामले में एकजुट होकर इसका मुकाबला करें, ताकि मौजूदा सरकारों को झुकाया जा सके। उनके घर पहुंचने पर भाई जगजीत सिंह छड़बड़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुखजीत सिंह गोल्डी, रविंदर सिंह सेखो, भाई हरप्रीत सिंह, लक्खी नडीयाली और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पटना : हड़ताल पर पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

अर्थ प्रकाश/पटना। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। विभिन्न मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि ओपीडी में आए मरीजों को बिना इलाज कराए लौटना पड़ रहा है। साथ ही, अस्पताल में भर्ती मरीजों की भी परेशानी बढ़ गई है। आपातकालीन सेवा को छोड़कर, ओपीडी, वार्ड और ऑपरेशन थिएटर में सभी काम बंद हैं। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे सभी सेवाएं बंद रखेंगे। यह आंदोलन बॉन्ड पोस्टिंग की अवधि को सीनियर रेसिडेंसी के रूप में मान्यता देने, वेतन वृद्धि, मेरिट कम च्वाइस आधारित पोस्टिंग, वेटिंग पीरियड को बॉन्ड अवधि में शामिल करने और पहले से अर्जित वेतन की मांगों पर केंद्रित है। जूनियर डॉक्टर प्राची ने कहा कि हमारी कई मांगें हैं। इनमें सबसे प्रमुख है कि हम लोगों की बॉन्ड अवधि तीन साल से घटाकर एक साल की जाए तथा बॉन्ड तोड़ने की पेनाल्टी 25 लाख रुपए से हटाकर 10 लाख रुपए की जाए। जूनियर डॉक्टर सत्यम ने बताया कि हम लोगों की पांच से छह मांगें हैं। इन मांगों को लेकर पिछले दो साल से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, सुपरिटेंडेंट, और प्रिंसिपल से बात कर रहे हैं, लेकिन आश्वासन के सिवाय अब तक कुछ नहीं मिला है। इस बार भी इन मांगों को लेकर दो पत्र दिए गए हैं, लेकिन अब तक उन पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। इसके बाद हम लोगों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे साथ भेदभाव हो रहा है। हमारी मुख्य मांगों में बॉन्ड की अवधि एक साल की जाए। सीनियर रेसिडेंट के रूप में हमारी सेवा को बॉन्ड पूरा मानना चाहिए, ताकि सुपर स्पेशलिटी कोर्स करने वाले डॉक्टरों को राहत मिले।

# मोदी के जन्मदिवस पर चंडीगढ़ में सेवा का संकल्प – 734 लोगों ने किया रक्तदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर चंडीगढ़ में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज छह स्थानों पर भव्य रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 734 लोगों ने रक्तदान कर समाजसेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने सभी छह रक्तदान शिविरों का दौरा किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म है और इस पुण्य कार्य में भाग लेकर हर व्यक्ति न केवल किसी ज़रूरतमंद की जान बचाता है, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने मोदी जी के जीवन और उनकी सेवा भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की सकारात्मक राजनीति और जनकल्याण के संकल्प को मज़बूती प्रदान करते हैं।

मल्होत्रा ने इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के नागरिकों ने हमेशा देशहित में अग्रणी भूमिका निभाई है और आज 734 रक्तदाताओं का यह रिकॉर्ड इसकी गवाही देता है।

इस कार्यक्रम में महामंत्री रामबीर भट्टी, सेवा पखवाड़ा के संयोजक संजीव राणा, सह-संयोजक डॉ. नरेश पंचाल, भरत सिंह और इंदिरा सिंह भी मौजूद रहे। इनके साथ-साथ सभी जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष भी पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे और रक्तदान शिविरों की सफलता सुनिश्चित करने में योगदान दिया।

प्रदेश संयोजक संजीव राणा ने आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी निभाई और शिविरों में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना गर्व का विषय है और रक्तदान जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव की नई ऊर्जा लेकर आते हैं।

इन रक्तदान शिविरों में महिलाओं, युवाओं और बुज़ुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन चलने वाले इन आयोजनों ने यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार और कार्य समाज के हर वर्ग को प्रेरित करते हैं। रक्तदान के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य और जनसेवा से जुड़े संदेश भी दिए गए।

यह आयोजन न केवल रक्तदान के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि संगठनात्मक एकता और सामाजिक सरोकारों को भी और मज़बूत करता है। रक्तदान शिविरों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि समाज के सभी वर्ग सेवा और सहयोग की भावना से जुड़कर देशहित में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।



भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ÷सेवा ही संगठन÷ का मंत्र हर नागरिक तक पहुँच सके और समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।